**वॉयस ऑफ लखनऊ**

सच, सिर्फ सच **

गुरुवार, 09 जनवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 9, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 51 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स मामूली 51 अंक के नुकसान में रहा। } 14

## स्वास्थ्य क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है भारत

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने तेजपुर मे गोपीनाथ बोरदोलोई क्षेत्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान में पुस्तकालय व सूचना विज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा भारत स्वास्थ्य क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। } 16

# तिरुपति मंदिर में भगदड़, छह की मौत

एजेंसी

तिरुपति। आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध तिरुपति मंदिर में बुधवार को वैकुंठ द्वार दर्शन टिकट केंद्रों के पास भगदड़ मच गई। इस हादसे में एक महिला समेत 6 लोगों की मौत हो गई। 150 से ज्यादा भक्त घायल हो गए। दरअसल,

**150 से अधिक श्रद्धालु घायल**

करीब 4 हजार श्रद्धालु वैकुंठ द्वार दर्शन टिकट के लिए तिरुपति के विभिन्न टिकट केंद्रों पर कतार में खड़े थे। यह घटना उस समय हुई जब श्रद्धालुओं को बैरागी पट्टीडा पार्क में कतार में लगने की अनुमति दी गई थी। भगदड़ मचने से वहां अफरा-तफरी मच गई, जिसमें मल्लिका नाम की एक महिला की मौत हो गई।



घटना का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री चन्द्र बाबू नायडू ने दुख जताते हुए राहत व बचाव कार्य के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि वह घटनास्थल पर जायेंगे। उन्होंने घटना की जांच के आदेश दे दिये हैं। हादसे के बाद प्रशासन ने बचाव कार्य तेज कर दिया है। आला अधिकारी मौके पर मौजूद हैं पीड़ितों को हर तरह की संभव सहायता प्रदान की जा रही है। घायलों को इलाज के लिए जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचा दिया गया है। अस्पतालों में घायलों की संख्या बढ़ने से अलर्ट जारी किया है।

# भविष्योन्मुखी प्रौद्योगिकी का केन्द्र बनेगा आंध्र प्रदेश : मोदी

### प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण के साथ निकाला रोडशो

एजेंसी

विशाखापत्तनम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि आंध प्रदेश अपनी नवोन्मेषी प्रकृति के कारण सूचना और प्रौद्योगिकी का इतना बड़ा केंद्र बना है लेकिन अब समय है कि दक्षिण का यह महत्वपूर्ण राज्य नयी भविष्योन्मुखी प्रौद्योगिकी का केंद्र बने।

प्रधानमंत्री ने यहां हरित ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद अपने संबोधन में यह बात कही। वर्ष 2024 में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद मोदी की राज्य की यह पहली यात्रा थी। आंध्र प्रदेश में तेदेपा, भाजपा और जनसेना के गठजोड़ ने केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के



मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की मौजूदगी में डिजिटल माध्यम से विशाखापत्तनम के पास पुदीमदका में अत्याधुनिक एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की हरित हाइड्रोजन हब परियोजना की आधारशिला भी रखी। यह राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### वी नारायणन बने इसरो के चेयरमैन



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मंगलवार को स्पेस साइंटिस्ट वी. नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का नया चेयरमैन नियुक्त किया है। उन्हें स्पेस डिपार्टमेंट का सचिव भी बनाया गया है। वे 14 जनवरी को करफड चीफ एस. सोमनाथ की जगह लेंगे। नारायणन का कार्यकाल 2 साल का रहेगा। फिलहाल वे वलियामाला स्थित लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर के डायरेक्टर हैं। नारायणन के पास 40 साल का अनुभव है। वे रॉकेट और स्पेसक्राफ्ट ऑपरेशन के एक्सपर्ट हैं। इसरो के मौजूदा चेयरमैन एस. सोमनाथ ने 14 जनवरी 2022 को इसरो चेयरमैन का पद संभाला था।

### संभल जामा मस्जिद मामले की सुनवाई पर लगी रोक

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल में जामा मस्जिद से जुड़े विवाद को लेकर दायर मुकदमे में आगे की सुनवाई पर बुधवार को रोक लगा दी। संभल स्थित जामा मस्जिद की प्रबंधन समिति द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने यह आदेश पारित किया। यह पुनरीक्षण याचिका उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद दायर की गई है। उच्चतम न्यायालय में दायर याचिका में संभल जिला अदालत के समक्ष वाद की पोषणीयता (सुनवाई योग्य होने) को चुनौती दी गई थी। इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि यह वाद 19 नवंबर 2024 को दाखिल किया गया जिसके बाद कुछ ही घंटे के भीतर न्यायाधीश ने एक अधिवक्ता आयुक्त की नियुक्ति कर उसे मस्जिद का प्रारंभिक सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया।

# भारतीय लोकतंत्र ने प्रत्येक क्षेत्र को दी स्वतंत्रता

### विधानसभा व संसद में 14-15 फीसदी से बढ़कर 33 से 50 फीसदी तक पहुंच सकता है महिलाओं का प्रतिनिधित्व

## अन्य देशों की विधायिका में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 10 फीसद से भी कम

जिला संवाददाता

कानपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि राज्य विधानसभा में महिलाओं का प्रतिशत 14-15 प्रतिशत है, जबकि प्रगतिशील देशों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व विधायिका में 10 फीसदी भी नहीं है। मुख्यमंत्री यहां उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड विधानमंडल की महिला सदस्यों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यह पल मेरे लिए आह्लादित करने वाला है। मेरा दोनों प्रदेशों से जुड़ाव है, क्योंकि उत्तर प्रदेश मेरी कर्मभूमि और उत्तराखंड जन्मभूमि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी विधानसभा है तथा यह पिछले ढाई-तीन वर्ष के अंदर नवप्रवर्तन और नए-नए प्रयोगों के लिए जानी जा रही है। उनका कहना था कि विधानसभा ने ई-विधान को सफलतापूर्वक लागू कर इसे कागज रहित किया है। संसदीय लोकतंत्र में इन बातों को हम केवल बोल ही नहीं सकते, बल्कि उसका अनुभव भी कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामान्यतः विधानसभा में लोग दलीय प्रतिबद्धता से जुड़े होते हैं, इसलिए आम सहमति नहीं बन पाती है, लेकिन अधिवक्ताओं, अभियांत्रिकी, चिकित्सकों, विज्ञान पृष्ठभूमि



या अलग-अलग पक्षों के प्रतिनिधि, समूह में एक साथ बैठते हैं तो दलीय प्रतिबद्धता से ऊपर उठकर समाज और देश के बारे में सोचते हैं। योगी आदित्यनाथ ने भारत को दुनिया का सबसे बड़ा और प्राचीन लोकतंत्र होने का दावा करते हुए कहा कि भारतीय लोकतंत्र ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सबको स्वतंत्रता दी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक लोकतंत्र दुनिया में बाद में आया होगा, लेकिन भारत में लोकतंत्र और गणतंत्र की शुरुआत ईस्वी से 600 वर्ष पूर्व वैशाली से प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि भारत में 1952 में पहला चुनाव हुआ तो पुरुषों के साथ महिलाओं को भी मत देने का अधिकार प्राप्त हुआ था लेकिन आधुनिक और अन्य देशों में महिलाओं को मताधिकार की ताकत भारत से ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जीवन में संवाद की कला अत्यंत महत्वपूर्ण : सीएम

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को युवाओं को संवाद में माहिर होने का मंत्र देते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में संवाद की कला अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राजनेता वही सफल हो सकता है, जो संवाद में माहिर हो। देखना होगा, हम जिस भी क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, उसमें युवाओं की क्या भूमिका होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 28वें युवा उत्सव-2025 में उत्तर प्रदेश के प्रतिभागी दल को बुधवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह उत्सव 10 से 12 जनवरी तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में परम्परागत छात्रसंघ की बजाय युवा संसद को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे नई पीढ़ी आगे बढ़ सके। उसमें नेतृत्व का गुण, समाज और अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के प्रति संवेदना होनी चाहिए। हम किसी भी क्षेत्र में कार्य करें, लेकिन अगर हमारे मन में राष्ट्रीयता, मातृभूमि के लिए प्यार, जनता व नागरिकों के प्रति संवेदना नहीं है तो ऐसी प्रगति बेमानी होती है। यहां जारी एक बयान ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कटरा-बनिहाल मार्ग पर रेलवे ने बनाया इतिहास

बनिहाल/जम्मू। जम्मू-कश्मीर में कटरा से बनिहाल तक भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण चढ़ाई वाले ट्रैक पर तेज रफ्तार ट्रेन के सफल परीक्षण के साथ भारतीय रेलवे के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया। उत्तरी सर्किल के रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) दिनेश चंद देशवाल ने बुधवार को यह बात कही। देशवाल की इस टिप्पणी को कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच सीधी रेल सेवाओं की जल्द शुरुआत के लिहाज से एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि वे आज दो-दिवसीय वैधानिक निरीक्षण पूरा होने के बाद जुटाए गए डेटा का विश्लेषण करेंगे, जिसके बाद ही केंद्र इस बहुप्रतीक्षित रेल सेवा को शुरू करने के बारे में कोई फैसला लेगा। कटरा रेलवे स्टेशन से रवाना तेज गति ट्रेन के सफलतापूर्वक बनिहाल पहुंचने के बाद पत्रकारों से मुखातिब देशवाल ने कहा कि उनकी टीम कटरा लौटेगी और कश्मीर के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू करने के संबंध में कोई निर्णय लेने से पहले एकत्रित समस्त डेटा का विश्लेषण किया जाएगा। उन्होंने बताया कटरा से बनिहाल तक भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भाजपा और आप के बीच टकराव

### आप नेताओं को मुख्यमंत्री आवास में जाने से रोका गया

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के सिविल लाइंस में छह, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास के बाहर बुधवार को उस समय नाटकीय घटनाक्रम देखने को मिला जब आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने बंगले में प्रवेश करने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया।

यह बंगला पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का आधिकारिक आवास था। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बाद में लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री के सरकारी आवास तक पहुंचने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें फिर से रोक दिया। जिसके बाद आप नेताओं ने धरना दिया। इसके बाद, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता



मीडिया को मुख्यमंत्री आतिशी को आवंटित एबी17 मथुरा रोड बंगले पर लेकर गए और दिखाया कि उनके पास पहले से ही सरकारी आवास है। भाजपा ने जानना चाहा कि आतिशी सरकारी आवास आवंटित होने के बावजूद अलग बंगला क्यों मांग रही हैं। आप नेता संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज को फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगले में प्रवेश नहीं करने दिया गया, जिसके बाद उन्होंने उसके बाहर धरना दिया। भाजपा द्वारा शीश...शेष पृष्ठ 14 पर

## कृष्ण जन्मभूमि से जुड़े और मामले इलाहाबाद हाईकोर्ट लाने की मांग

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कृष्ण जन्मभूमि से संबंधित एक स्थानांतरण याचिका पर बुधवार को सुनवाई करते हुए इसकी अगली तिथि 20 फरवरी, 2025 तय की। इस याचिका में कृष्ण जन्मभूमि से जुड़े और मामले मथुरा की अदालत से उच्च न्यायालय स्थानांतरित किए जाने की मांग की गई है।

भगवान श्री कृष्ण लाला विराजमान द्वारा इनके मित्र के जरिए दायर स्थानांतरण याचिका पर न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र ने यह आदेश दिया। याचिका में कृष्ण जन्मभूमि विवाद से जुड़े मामले उच्च न्यायालय स्थानांतरित किए जाने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता रीना एन सिंह और राणा सिंह ने दलील ...शेष पृष्ठ 14 पर

# एक ही प्लेटफार्म पर मिलेंगी विविध सेवाएं

### सीएम धामी ने डिजिटल परियोजनाओं का किया शुभारंभ

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा सचिवालय में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और एनआईसी द्वारा विकसित की गयी विभिन्न डिजिटल परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर सुरक्षा और डेटा सुरक्षा की चुनौतियां तथा डिजिटल युग में सार्वजनिक सेवाओं को अधिक दक्ष, तीव्र और समावेशी बनाने के लिए नई तकनीकी को आत्मसात करते हुए आईटीडीए और एनआईसी द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित किए हैं। जिससे आम जनमानस को ऑल इन वन की तर्ज पर एक ही प्लेटफार्म पर आसानी से विविध प्रकार की सेवाएं मिल सकेगी। विभागों के कार्यों की प्रगति



ऑनलाइन देखी जा सकेगी; जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महत्वपूर्ण बात है कि राज्य में आईटीडीए को यूआईडीएआई द्वारा एयूए (ऑथेंटिकेशन यूजर एजेंसी) - केयूए (की यूजर एजेंसी) बनाया गया है। इसके बाद आधार ऑथेंटिकेशन एवं ई-केवाईसी से संबंधित सेवाएं राज्य के विभिन्न विभागों द्वारा विकसित किए गए पोर्टलों जैसे कि यूसीसी, वर्चुअल रजिस्ट्री आदि के माध्यम से प्रदान की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि राज्य डाटा सेंटर ने भी साइबर अटैक के बाद अपने आपको इंप्रूव किया है। नियर डिजास्टर रिकवरी को सचिवालय में स्थापित किया गया है। यह बड़ी बात है कि इस नियर डिजास्टर रिकवरी में राज्य की ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** विभिन्न स्टेशनों पर स्थापित किये 30 से अधिक प्राइमरी मेडिकल बूथ, 14 प्रयागराज जंक्शन पर किये गये स्थापित

# भारतीय रेलवे ने महाकुंभ में स्थापित किये चिकित्सा बूथ

विशेष संवाददाता

प्रयागराज। महाकुम्भ मेले में रेल मार्ग से आ रहे यात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य का ख्याल रखने के लिए भारतीय रेलवे विभिन्न स्टेशनों पर 30 से अधिक प्राथमिक चिकित्सा बूथ स्थापित किए हैं। उत्तर मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि ये प्राथमिक चिकित्सा बूथ प्रयागराज जंक्शन, नैनी जंक्शन, फाफामऊ प्रयाग जंक्शन, झूंसी रेलवे स्टेशन, रामबाग रेलवे स्टेशन, छिवकी रेलवे स्टेशन, प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन और सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन पर स्थापित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि सबसे अधिक 14 बूथ प्रयागराज जंक्शन पर स्थापित किए गए हैं, जबकि नैनी में तीन, छिवकी में तीन, सूबेदारगंज में दो, विंध्याचल में एक, मंकीपुल में एक और संगम कैंप क्षेत्र में एक बूथ स्थापित



किया गया है। प्रत्येक बूथ पर प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मियों की तैनाती रहेगी और साथ ही वहां आपातकालीन चिकित्सा उपकरण एवं दवाइयां उपलब्ध रहेंगी। उनके अनुसार वहां प्राथमिक उपचार से लेकर गंभीर मामलों में त्वरित रेफर करने की सुविधा होगी।

## सुगम यात्रा के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने किये प्रबंध

लखनऊ। प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधाजनक परिवहन सेवाएं मुहैया कराने के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने व्यापक प्रबंध किए हैं। इस साल 13 जनवरी से शुरू हो रहे मुख्य स्नान से पूर्व परिवहन निगम द्वारा संचालित इलेक्ट्रिक बसें श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए उपलब्ध होंगी। मंगलवार की शाम यहां जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि परिवहन निगम महाकुंभ क्षेत्र में सात हजार ग्रामीण बसों एवं 350 शटल बसों का संचालन करेगा। मुख्य स्नान की अवधि में प्रयागराज के निकटवर्ती जनपदों से आने वाली बसों को प्रयागराज के बाहरी मेला क्षेत्र में स्थित आठ अस्थायी बस अड्डों से संचालित किया जायेगा।

# देश का हर नागरिक सैनिक के समान : वायुसेना प्रमुख

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत का हर नागरिक एक सैनिक के समान है और वर्दी में देश की सेवा करने का एक अलग ही मजा है लेकिन कोई भी व्यक्ति बिना सैन्य वर्दी के भी देश की सेवा कर सकता है।

दिल्ली छावनी में आयोजित गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) शिविर को संबोधित करते हुए उन्होंने एनसीसी के चरित्र को रेखांकित किया और कहा कि यह वह स्थान है जहां विभिन्न पृष्ठभूमि के लोग एक हो जाते हैं और भारत के सार को आत्मसात करते हैं।

उन्होंने कहा कि एनसीसी और गणतंत्र दिवस शिविर में प्रशिक्षित भारत के युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार किया जा रहा है क्योंकि वे भारत का भविष्य हैं, जो आगे चलकर विभिन्न जिम्मेदारियों को अपनाएंगे। वायुसेना प्रमुख ने कहा, मैंने सुना है कि कई कैडेटों ने सशस्त्र बलों (सेना, नौसेना और वायुसेना) में शामिल होने की इच्छा जताई है। यह बहुत बढ़िया है कि आप ऐसा करना चाहते हैं क्योंकि वर्दी में राष्ट्र की सेवा करने का एक अलग ही मजा है। लेकिन राष्ट्र की सेवा करने के लिए किसी को वर्दी पहनना जरूरी नहीं है। यह एक ऐसी बात है जिसे हमें याद रखना चाहिए।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 18.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 08.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

- सुरक्षित महाकुम्भ के लिए 70 जिलों की फोर्स तैनात (पृष्ठ-02)
- यूपी में पर्यटन व हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में बूम (पृष्ठ-02)
- रिजर्व बैंक ने किया आठ टन सोने की खरीद (पृष्ठ-14)
- पामतेल खेती के लक्ष्यों को प्राथमिकता दें राज्य (पृष्ठ-14)
- तमिलनाडु के राज्यपाल ने नहीं पढ़ा अभिभाषण (पृष्ठ-14)

C M Y K

# आकाश से भी ऊंची है सनातन की परंपरा : योगी

## हजारों वर्षों की विरासत उनके पास है जिसके सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयोजन भी उतने ही प्राचीन हैं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि भारत की सनातन धर्म की परंपरा दुनिया की सबसे प्राचीन संस्कृति है और इसकी तुलना किसी मजहब और संप्रदाय से नहीं हो सकती।

उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों की विरासत उनके पास है जिसके सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयोजन भी उतने ही प्रचीन हैं। उन्होंने कहा कि आकाश से भी ऊंची है सनातन की परंपरा, इसकी तुलना नहीं की जा सकती। यहां जारी एक एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित महाकुम्भ महासम्मलेन कार्यक्रम में बोल रहे थे। महाकुम्भ के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि देवासुर संग्राम के बाद अमृत की बूंदें प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में गिरीं। इन स्थानों पर महाकुम्भ के आयोजन भारत के ज्ञान, चिंतन और सामाजिक दिशा तय करने का अवसर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारत की आध्यात्मिक विरासत और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। योगी के अनुसार, 2019 के प्रयागराज कुम्भ में यह देखा गया कि कैसे आधुनिक तकनीक, प्रबंधन और संस्कृति का सामंजस्य किया गया। उन्होंने कहा कि यही प्रयास आगामी महाकुम्भ में भी होगा। राष्ट्रीय एकता और हिंदू एकता पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा सनातन धर्म हमेशा शिखर पर रहा है। हिंदू एकता और राष्ट्रीय एकता एक-दूसरे के पूरक हैं। इतिहास गवाह है कि जब हम बंटे हैं, तो कमजोर हुए हैं,



और जब एकजुट हुए हैं, तो अजेय बने हैं। इसीलिए मैंने पहले कहा था कि बंटोगे तो कटोगे और एक रहोगे तो नेक रहोगे। वक्फ बोर्ड के नाम पर जमीन कब्जे के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि यह समझना मुश्किल है कि वक्फ बोर्ड है या भू-माफियाओं का बोर्ड। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने वक्फ अधिनियम में संशोधन किया है और एक-एक इंच जमीन की जांच करवा रही है। जिन लोगों ने वक्फ के नाम पर जमीन कब्जाई है, उनसे जमीन वापस ली जाएगी और गरीबों के लिए आवास, शिक्षण संस्थान और अस्पताल बनाए जाएंगे। संभल में धार्मिक स्थलों पर विवाद का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संभल में श्रीहरि विष्णु के दसवें अवतार कल्कि का उल्लेख पुराणों में मिलता है। उन्होंने कहा कि वहां धार्मिक स्थलों को तोड़कर कब्जा करने का प्रयास हुआ। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने न्यायालय के आदेश के अनुसार कार्वाई की और दंगाइयों को सख्त संदेश दिया। धर्म परिवर्तन और घर वापसी के मुद्दे पर बोलते हुए योगी ने कहा कि अगर कोई अंतर्मन से अपने धर्म में लौटना चाहता है, तो उसका स्वागत होना चाहिए। यह धर्म और परंपरा के प्रति जागरूकता का संकेत है।

## प्रयागराज बनेगा विश्व का भव्य और विलक्षण नगर : एके शर्मा

लखनऊ। नगर विकास एवं उर्जा मंत्री एके शर्मा ने महाकुम्भ-2025 की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बुधवार को प्रयागराज का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रयागराज में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों मे प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम उन्होंने विकास कार्यों एवं सफाई कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। प्रयागराज के सोरांव में बन रहे पार्किंग स्थल का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिये। नगर विकास मंत्री ने प्रयागराज एवं कुम्भ मेला क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्वच्छता रथ यात्रा में सम्मिलित होकर लोगों से स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मी दिन-रात परिश्रम कर रहे लेकिन स्वच्छता कार्यों में जनसहयोग आवश्यक है। स्वच्छता का संदेश देने तथा स्वच्छता परमो धर्मः को आत्मसात करने तथा इन कार्यों में जनभागीदारी बढ़ाने के लिए भारद्वाज आश्रम से स्वच्छता रथ यात्रा निकाली गयी। इस बार के महाकुंभ में प्रयागराज वैश्विक स्तर का नगर दिखे, इसके लिए पूरे प्रयास किए जाएंगे। कहा कि प्रयागराज अब सामान्य और छोटा शहर नहीं, बल्कि भारत का ही नहीं, विश्व का एक बहुत ही सुंदर व विलक्षण नगर के रूप में प्रस्तुत हुआ है। नई तकनीक के साथ अगर हम कचरा का प्रबंधन करेंगे, जल प्रबंधन करेंगे तो उसमें और भी बेहतरी होती है। पहले के सभी आयोजनों से इस बार का मेला अलग है। महाकुम्भ की तैयारियों को लेकर मंत्री ने नगर विकास, विद्युत विभाग, जलकल एवं जल निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी निर्देश दिये। उन्होंने कुम्भ मेला क्षेत्र एवं प्रयागराज की सड़कों की साफ-सफाई कराने तथा मलवा हटाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार जल निकासी एवं पाइप डालने के कार्यों को समय से पूरा करने को कहा। सड़कों एवं गलियों पर सभी स्ट्रीट लॉइटे रात में जलती हुई दिखे। मेला क्षेत्र में विद्युत सुरक्षा का विषेश ध्यान रखा जाये। बिजली के खम्भों पर क्यूआर कोड को समय रहते लगाये। साथ ही फायर ब्रिगेड टीम को हमेशा सतर्क रखे। आश्रय स्थलों में सभी सुविधाएं व व्यवस्थाएं उपलब्ध रहें।

## रालोद में व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष की दी गयी जिम्मेदारी



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। रालोद के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय के सम्मुख एवं वरिष्ठ नेता अनिल दुबे की उपस्थिति में व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने लखनऊ के नीरज तिवारी और अयोध्या के राजेश तिवारी को व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी। व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि लखनऊ के नीरज तिवारी तथा अयोध्या के राजेश तिवारी के मनोनयन से पार्टी को लखनऊ तथा अयोध्या में मजबूती मिलेगी और संगठन विस्तार होगा।

उन्होंने कहा कि हम सरकार के माध्यम से व्यापारियों के हित के लिए संघर्षरत हैं। इस अवसर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. सुरेश यादव, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी, प्रदेश महासचिव रमावती तिवारी, प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल, प्रदेश कोषाध्यक्ष बीएल प्रेमी, प्रदेश सचिव रामगोपाल चंदेल, युवा रालोद के प्रदेश महासचिव संगठन विपिन द्विवेदी आदि लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

# भाजपा सरकार ने लोक कलाकारों की उपेक्षा की : अखिलेश

## सपा के राज्य मुख्यालय में समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का कार्यक्रम सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में बुधवार को समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का कार्यक्रम हुआ।

जिसमें मुख्य अतिथि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव मौजूद रहे। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष काशीनाथ यादव ने स्वागत किया। अखिलेश यादव ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि पीडीए, लोक कलाकार और लोक मीडिया समाजवादी पार्टी की ताकत हैं। भाजपा सरकार ने हमेशा लोक कलाकारों की उपेक्षा की है। समाजवादी सरकार ने कलाकारों को सम्मान दिया। उन्हें यश भारती से सम्मानित करने के साथ ही हमेशा प्रोत्साहित करने का काम किया। भाजपा सरकार ने झूठे वादे करके हर वर्ग को छलने का काम किया है। इस



सरकार में किसान, नौजवान, पीडीए, कलाकार, व्यापारी सभी दुःखी है। भाजपा ने सबको धोखा दिया है। भाजपा सरकार में हर विभाग में लूट मची है। सरकारी बजट को लूटा जा रहा है। ऊपर से नीचे तक जिसे जहां मौका मिल रहा है लूटने में जुटा हैं। मंत्री लोग लूट के मामले में सबसे ऊपर है। हर स्तर पर कमीशनखोरी जारी है। भाजपा सरकार के रहते सामाजिक संवेदना मृतप्राय है, भाजपा में कोई जीवन नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास का कोई कार्य नहीं हो रहा है। आम जनता के हित में कुछ भी नहीं हो रहा है। भाजपा ने स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली सब व्यवस्थाओं को बर्बाद कर दिया है। झूठ और लूट को भाजपा सरकार ने अपनी नीति बना ली है। बजट की लूट करना, गरीबों की जमीन पर कब्जा करना और विरोधी दलों के नेताओं और पार्टियों पर झूठे आरोप लगाकर बदनाम करना ही भाजपा का एकमात्र उद्देश्य रह गया है। अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार की गलत नीतियों से महंगाई और बेरोजगारी चरम पर पहुंच चुकी है। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार की अराजकता, लूट, भ्रष्टाचार से बचाने और प्रदेश के विकास, नौजवानों, किसानों के भविष्य के लिए 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना जरूरी है। पार्टी के सभी नेता, कार्यकर्ता 2027 के विधानसभा चुनाव को लक्ष्य मानकर तैयारी में जुट जाएं। कार्यक्रम में विनीत कुमार, कैलाश नाथ यादव महाराष्ट्र, हरपाल शर्मा उत्तराखण्ड प्रदेश अध्यक्ष और सुशील यादव प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्षगण संगीता यादव, विजय लाल यादव, सियाराम यादव, पारसनाथ यादव, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव ब्रह्मपाल नागर, राष्ट्रीय महासचिव अच्छे लाल सोनी, राष्ट्रीय सचिव डॉ. भैया लाल, प्रवीण कुमार, सरोज सरगम आदि ने भी प्रतिभाग किया।

# मंत्री कपिल देव ने दिया केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल को महाकुंभ का निमंत्रण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल से भेंट कर उन्हें महाकुंभ 2025 में सहभागिता के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया।

इस अवसर पर कपिल देव अग्रवाल ने महाकुंभ 2025 के विशेष महत्व और इसकी तैयारियों पर चर्चा करते हुए कहा कि यह



आयोजन भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक समरसता का भव्य परिचायक है।

उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि वे इस आयोजन में उपस्थित होकर इसे अपनी उपस्थिति से अलंकृत करें। महाकुंभ 2025 का आयोजन प्रयागराज में होगा, जिसमें देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु और पर्यटक शामिल होंगे। योगी सरकार इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए भव्य तैयारियां कर रही है।

# स्मृति ईरानी ने महिला भागीदारी पर व्यक्त किये विचार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ/कानपुर। कानपुर में आयोजित कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (जोन-1) के महिला विधायक सम्मेलन के समापन सत्र को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने संबोधित किया। उन्होंने




विधायिका में महिलाओं की सशक्त भागीदारी और उनकी प्रभावशाली भूमिका पर विचार व्यक्त किये। ईरानी ने महिला सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित करते हुए उनके सामाजिक, राजनीतिक और विधायी योगदान पर प्रकाश डाला।

# मतदान पर सभी पोलिंग स्टेशनों की हो वेबकॉस्टिंग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने मांग की है कि 273-मिल्कीपुर विधान सभा उपचुनाव क्षेत्र में 5 फरवरी को मतदान के दिन सभी 414 पोलिंग स्टेशनों की वेबकास्टिंग करायी जाये और वेबकास्टिंग की लिंक चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को दिया जाय ताकि मतदान के दिन पोलिंग स्टेशनों पर होने वाली घटनाओं व गड़बड़ियों की जानकारी चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को प्राप्त हो, जिससे स्वतंत्र, पारदर्शी, निर्भीक चुनाव सम्पन्न हो सके।

इस संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश, लखनऊ को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने ज्ञापन भेजकर कहा है कि 273-मिल्कीपुर विधान सभा उपचुनाव क्षेत्र में 5 फरवरी को मतदान के दिन सभी 414 पोलिंग स्टेशनों की वेबकास्टिंग करायी जाये, वेबकास्टिंग का लिंक चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी को उपलब्ध कराया जाय, वेबकास्टिंग का लिंक मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को उपलब्ध कराया जाय, मतदान के दिन पोलिंग स्टेशनों की वेबकास्टिंग का लिंक प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी को दिया जाता है। वहां पर अधिकारीगण मतदान के दिन पोलिंग स्टेशनों पर होने वाली घटनाओं व गड़बड़ियों को वेबकास्टिंग के माध्यम से देखते है लेकिन चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को वेबकास्टिंग का लिंक नही दिया जाता।

# महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगी शुद्ध और स्वच्छ वायु

## नगर निगम प्रयागराज ने मियावाकी तकनीकी से विकसित किया 56 हजार वर्ग मीटर का ऑक्सीजन बैंक

विशेष संवाददाता (vol)

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को शुद्ध वायु और वातावरण मिले इसके लिए प्रदेश सरकार ने प्रयागराज में कई स्थानों पर घने जंगल विकसित किए हैं। प्रयागराज नगर निगम ने 2 साल में जापानी तकनीक मियावाकी से कई ऑक्सीजन बैंक डेवलप किए हैं, जो अब घने वन का रूप ले चुके हैं, जिससे

- नैनी औद्योगिक क्षेत्र में लगाये गये 1.2 लाख पौधे, घने वन में कचरे के ढेर को किया तब्दील

पर्यावरण संरक्षण में काफी मदद मिल रही है। इन पौधों से हरियाली फैलने के साथ ही एयर क्वालिटी में भी सुधार हुआ है।

इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के पूर्व प्रोफेसर और हरियाली गुरु के नाम से प्रसिद्ध डॉ. एनबी सिंह की ओर से बताया गया कि शहरीकरण के चलते प्रदूषण और तापमान दोनों में इजाफा हुआ है। मियावाकी तकनीक ऐसे में सबसे बेहतर है। गर्मियों में दिन और रात के तापमान में काफी अंतर आ गया है। ये जंगल उस अंतर को कम करेगा।



इसके साथ ही जैव विविधता, जमीन की उर्वरा क्षमता और पशु-पक्षी बढ़ेंगे। इतने बढ़े जंगल से 4-7 डिग्री तापमान में कमी आती है। प्रयागराज नगर निगम ने इस तकनीक से शहर में 10 से अधिक स्थानों पर पौधरोपण किया है। पिछले 2 साल में 55,800 वर्ग मीटर में पौधे लगाए गए हैं। अकेले नैनी औद्योगिक क्षेत्र में ही 1.2 लाख पौधे लगाए गए हैं। नगर निगम के सहायक अभियंता गिरीश सिंह ने बताया कि यह तकनीक तेजी से घने वन विकसित करती है। हमने नैनी औद्योगिक क्षेत्र में करीब एक साल पहले पौधे लगाए थे, जो अब 10 से 12 फीट के हो गए हैं। जापानी तकनीक मियावाकी में हम प्रति वर्ग मीटर में 3 से 4 पौधे लगाते हैं। यहां से औद्योगिक कचरा हटाकर बुरादा और जैविक खाद के जरिए मिट्टी को पौधों के अनुकूल किया। महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालु इसे देख भी सकते हैं। जूनियर इंजीनियर आरके मिश्रा बताते हैं कि इस वन से तापमान में भी कमी आई है। जहां भी जगह कम है, वहां हम इस तकनीक से इस तरह के जंगल विकसित कर सकते हैं। दरअसल, प्रयागराज में मियावाकी प्रोजेक्ट की शुरूआत करीब 4 साल पहले 2020-21 में की गई थी। छोटे स्तर पर की गई इस शुरूआत को साल 2023-24 में बड़ा रूप दिया गया, जब नैनी औद्योगिक क्षेत्र के नेवादा सामोगर में 34200 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में 63 प्रजातियों के 1 लाख 19 हजार 700 पौधे लगाए गए। यह इलाका तब औद्योगिक कचरे से पटा हुआ था। स्थानीय उद्योगों से निकलने वाला कचरा वहां फेंका जाता। इसके चलते हर ओर गंदगी और बदबू थी। इससे आसपास के गांव के लोगों के साथ ही आने-जाने वाले लोग भी परेशान रहते थे। इसे देखते हुए मियावाकी प्रोजेक्ट के तहत यहां पौधे लगाए गए। इसके साथ ही शहर के सबसे बड़े कचरा डंपिंग यार्ड बसवार में भी इसी के तहत पौधरोपरण किया गया। यहां कचरा साफ कर 9 हजार वर्ग मीटर में 27 प्रजातियों के 27 हजार पौधे लगाए गए हैं। अब ये पौधे काफी घने जंगल का आकार ले चुके हैं।

# स्वतंत्रदेव सिंह ने केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल को किया आमंत्रित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को भारतीय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना के प्रतीक महाकुंभ-2025 के लिए आमंत्रित किया।



# प्राग ज्योतिषपुर में दिख रही पूर्वोत्तर की सांस्कृतिक झलक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महाकुम्भ में पूर्वोत्तर के राज्यों के आश्रमों और संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है। इस बार पूर्वोत्तर के संतों को योगी सरकार ने स्टेट गेस्ट का दर्जा देकर आमंत्रित किया है।

महाकुम्भ परिसर में प्राग ज्योतिषपुर क्षेत्र में इसे लेकर खास तैयारियां हो रही हैं और 12 जनवरी से यहां आयोजनों

- नॉर्थ ईस्ट से 125 संतों को स्टेट गेस्ट के रूप में किया गया है आमंत्रित
- पहली बार पूर्वोत्तर के संत प्रमुख स्नान पर्व में भी होंगे शामिल

की शुरूआत हो जाएगी। योगाश्रम बिहलांगिनी असम के महंत महामंडलेश्वर स्वामी केशव दास जी महाराज ने बताया कि महाकुम्भ के प्राग ज्योतिषपुर क्षेत्र में नामघर बन रहा है। यह कुम्भ में पहली बार हो रहा है। सत्राधिकार यहां रहेंगे और शाही स्नान में भाग लेंगे। धर्म सभाएं होंगी। अखंड भागवत होगा। यह लगातार 7 दिन 168 घंटे चलेगा। इसकी शुरूआत 21 जनवरी को होगी और समापन 27 जनवरी को होगा। नॉर्थ ईस्ट के सातों राज्यों की सारी संस्कृतियों को प्रदर्शित करते हुए एक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस प्रदर्शनी में पूर्वोत्तर के समाज, संस्कृति और धर्म की समग्र तस्वीर देखने को मिलेगी। कलाकार आ चुके हैं और इसे तैयार कर रहे हैं। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 12 जनवरी को होगा। उन्होंने बताया कि आयोजन में राम विजय भावना का मंचन होगा। यह मंचन रामलीला की तर्ज पर होता है।



मणिपुरी नृत्य रास भी होगा। सत्रीय नृत्य का आयोजन होगा। नागालैंड का बैंबो डांस होगा। अप्सरा नृत्य होगा। यह अब सत्रीय संस्कृति के अंतर्गत है। माटी अखाड़ा में भक्त अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। यह एक प्रकार की योग साधना की परंपरा है, जिसका स्वरूप अलग है। कामाख्या का मॉडल बनेगा और कामाख्या का जल वितरित किया जाएगा। मेले की व्यवस्थाओं पर उन्होंने कहा कि अच्छी व्यवस्थाएं हैं। मेला प्रशासन कोशिश कर रहा है कि सभी साधु संत संतुष्ट हों और उन्हें सुविधाएं प्राप्त हों। मुख्यमंत्री योगी जी ने जिस तरह की व्यवस्थाएं की हैं, उसने हृदय से प्रभावित, संतुष्ट और उत्साहित किया है। योगी जी ने नॉर्थ ईस्ट से 125 संतों को बुलाया है स्टेट गेस्ट बनाकर। इन सभी को सीएम ऑफिस से फोन जा रहे हैं। उनकी व्यवस्था हमारे ही खालसे में होगी। पद्मश्री से सम्मानित त्रिपुरा के चित्त महाराज, दक्षिण पाद सत्र, गडमूर सत्र जैसे प्राचीन सत्रों के साथ कई सत्राधिकार आयेंगे और शाही स्नान में भाग लेंगे। इससे पहले सत्राधिकारों ने कभी भी कुम्भ में शाही स्नान में भाग नहीं लिया और रुके भी नहीं। अखाड़ों के द्वारा उनका सम्मान होगा। यहां के संत समाज के साथ वातालर्लाप होगी। प्राग ज्योतिषपुर क्षेत्र के शिविर का 12 को उद्घाटन है। उसके बाद कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। जिस तरह कुम्भ को आयोजित किया जा रहा है, इससे पूरे नॉर्थ ईस्ट में प्रचार हो गया है और लोग उत्साहित हो गए हैं।

# युवाओं को प्रोजेक्ट संचालन में मदद करेंगे सीए और रिटायर बैंक अफसर

## बिना ब्याज, गारंटी लें पांच लाख रुपये लोन और करें कारोबार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन रोजगार को अमलीजामा पहनाने के लिए एमएसएमई विभाग ने एक नई योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की शुरूआत की है। प्रदेश में पहली बार उद्योग लगाने के लिए बिना ब्याज और गारंटी पांच लाख रुपये तक का लोन चार वर्षों के लिए दिया जा रहा है। साथ ही, युवाओं के प्रोजेक्ट के लिए आवेदन से संचालन तक में मदद के लिए हर जिले में आर्थिक विशेषज्ञों, सीए और रिटायर बैंक अधिकारियों को तैनात किया गया है, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को योजना का लाभ मिल सके। सीएम योगी यूपी दिवस पर 24 जनवरी को 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' का शुभारंभ करेंगे। 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' की सफलता के लिए एमएसएमई विभाग ने कमर कस ली है।

प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार से लेकर इसे और जनउपयोगी बनाने पर जोर दिया जा रहा है। योजना के लिए विभाग की वेबसाइटँ ३३स्त्र२://रीे.४स्त्र.ॅड्ड५.ल्ल पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। युवाओं की सहायता के लिए वेबसाइट पर 400 परियोजना रिपोर्ट और लगभग 600 बिजनेस आइडिया भी दिए गए हैं। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (टरटए) प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप पूरी योजना को ऑनलाइन किया गया है। कहीं भी पिक एंड चूज की व्यवस्था नहीं है। युवाओं को उद्यमिता से जोड़ने के लिए विभाग की ओर से हर जिले में सीए और रिटायर



बैंक अधिकारियों को तैनात किया गया है, जो प्रोजेक्ट के आवेदन से लेकर संचालन तक में युवाओं की मदद करेंगे। इसके अलावा उद्यमियों की मदद के लिए एमएसएमई विभाग हर जिले में दो-दो सीएम फेलो और कंप्यूटर आपरेटर भी तैनात करने जा रहा है। प्रदेश में पहली बार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए विशेषज्ञों को तैनात किया जा रहा है। विभाग ने इस योजना को दो चरणों में लागू किया है। पहले चरण में लिए गए मूलधन/पैनल इंटरेस्ट की पूर्ण वापसी करने वाला अभ्यर्थी दूसरे चरण के लिए पात्र होगा। इसके बाद वह 10 लाख रुपये तक की परियोजनाएं स्थापित करने के लिए लोन ले सकेगा। 7.5 लाख रुपये तक के ऋण पर 50% ब्याज अनुदान 03 वर्षों तक दिया जाएगा।

संक्षेप

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

प्रतापगढ़। दुष्कर्म व पास्को एक्ट के आरोपी को सांगीपुर पुलिस ने धर दबोचा। सांगीपुर के दरोगा इन्द्रेश कुमार फोर्स के साथ बुधवार को गश्त पर निकले थे। देउम चौराहा पर चेकिंग के दौरान पुलिस को दुष्कर्म व पास्को एक्ट का वांछित दिख गया। पुलिस टीम ने लालगंज कोतवाली के महिमापुर निवासी भाई लाल वर्मा के पुत्र दीपक वर्मा को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

## स्थगन के बावजूद रास्ते के निर्माण का आरोप, कार्रवाई की गुहार

प्रतापगढ़। लीलापुर थाना क्षेत्र के हण्डौर के पूरे शुक्लान गांव में पीडित ने कोर्ट के स्थगन आदेश के बावजूद दबंगई से रास्ते के निर्माण का आरोप लगाया है। गांव के राम अनुराग शुक्ला ने डीएम को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि कोर्ट के स्थगन के बावजूद उसकी भूमिधरी से विपक्षी पेड़ काटकर रास्ते का निर्माण कर रहे हैं। मना करने पर आरोपी पीडित को जानलेवा धमकी दिया करते हैं। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस को शिकायती पत्र देने के बावजूद कार्रवाई नही हो रही है। पीड़ित ने डीएम को शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार की है।

## आरोपी के खिलाफ युवती के अपहरण का केस

प्रतापगढ़। लीलापुर पुलिस ने युवती के अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की पीडिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दो जनवरी को दोपहर दो बजे वह घर से बाहर गयी थी। घर पर उसकी बेटी अकेली थी। आरोप है कि इस बीच डांडी बसावन गांव निवासी आरोपी जितेन्द्र सिंह का पुत्र विवेक सिंह उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीडिता का यह भी कहना है कि वह घर वापस लौटी तो बेटी के साथ घर में रखा पांच हजार रुपए नकद भी नदारद मिला। पीड़िता ने पुत्री के साथ अप्रिय घटना की आशंका जतायी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी विवेक के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

## कूटरचित बैनामे को लेकर शिकायत, जांच में जुटा प्रशासन

प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के बलीपुर कटरा निवासी माताफेर के पुत्र राजेन्द्र ने डीएम को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि कूटरचित अभिलेखों के सहारे एक गांव के आरोपित ने उसकी भूमिधरी का बैनामा करा लिया। पीडित का कहना है कि फर्जी आधार व निवास जैसे कागजात तैयार कर आरोपित ने निबंधन कार्यालय की मिलीभगत से उसकी जमीन का बैनामा कराया है। डीएम ने मामले में एसडीएम को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। प्रभारी तहसीलदार पंकज कुमार का कहना है कि शिकायती पत्र की जांच की जा रही है, दोषियों के खिलाफ जांच के आधार पर कडी कार्रवाई की जाएगी।

## आसाराम को पैरोल मिलने के बाद पीड़िता के घर की सुरक्षा बढ़ायी गई

शाहजहांपुर। उच्चतम न्यायालय द्वारा आसाराम को स्वास्थ्य समस्या के कारण पैरोल पर रिहा करने का फैसला सुनाये जाने के बाद यहां शाहजहांपुर जिले में पीड़िता के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। यौन शोषण के मामले में सजा काट रहे आसाराम को उच्चतम न्यायालय ने स्वास्थ्य कारणों से 31 मार्च 2025 तक की पैरोल दी है। शाहजहांपुर की रहने वाली एक नाबालिग से आसाराम ने 2013 में जोधपुर स्थित आश्रम में दुष्कर्म किया था। पीड़िता के पिता ने अपने परिवार की सुरक्षा की चिंता जताई और न्यायालय के आदेश पर हैरानी व्यक्त की। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार सागर ने बुधवार को बताया कि आसाराम को पैरोल मिलने के बाद वह (कुमार) स्वयं पीड़िता के यहां गए और उसके परिजनों से बातचीत की। पीड़िता के घर पर पुलिस की एक गार्ड पहले से ही तैनात है। इसके अलावा पीड़िता के पिता के पास एक सशस्त्र सुरक्षाकर्मी है। उन्होंने बताया कि ऐसे में अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया जा रहा है तथा संबंधित थाना एवं क्षेत्राधिकारी को भी पीड़िता के परिवार की सुरक्षा के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

# गन्ना लादे वाहनों से यातायात जागरूकता अभियान फेल



**बलरामपुर।** जनपद में यातायात जागरूकता अभियान की धूम मची है पुलिस महात्मा और आरटीओ विभाग द्वारा चेकिंग चालान धाराधार किया जा रहा है वहीं गन्ना से लदे ओवरलोड गाड़ियों पर यह दोनों मोहकमा शायद पूरे मनोयोग से मेहरबान है। पुलिस हॉट बाजार चौक चौराहु गांव ग्राम के सड़कों पर कार्य मोटरसाइकिल को रोककर यातायात नियमों के पालन का पाठ पढ़ा रही है सीट बेल्ट हेलमेट आज के प्रयोग न करने पर चालान भी काटे जा रहे हैं। ए आरटीओ माल भाड़ा ढोने वाले वाहनों को रोक कर भारी भरकम जुर्माने की धन राशि वसूली जाती है। मौरंग गिट्टी के ट्रकों पर ओवरलोडिंग पाए जाने पर पचासों हजार तक के जुर्म माने वसूले जाते हैं। वहीं इससे इतर ओवरलोड गन्ना से लदी ट्रक ट्रालिया सरे राह थानों तथा ए आरटीओ कार्यालय के सामने से सर पर दौड़ती हैं। यह सब सच्चाई देखकर भी यह सरकारी मुलाजिम आंखें फेर लेते हैं और ओवर लोड गन्ना लादे इन वाहनों के प्रति पुलिस और ए आरटीओ का यह विचित्र अगाध मोह आम जनमानस को हजम नहीं हो रहा है।जनता समझ नहीं पा रही है कि एक संविधान में यह दो विधान की परंपरा कैसे है। दुर्घटना के सीधे सबक बन इन ओवरलोड गन्ना लादे वाहनों को इतनी खुली छूट क्यों दी जा रही है। गहरे घने कुहरों का कहर अपने पूरे सबाब पर है। गाना ढुलाई में लगे ट्रैक्टर के ट्रालियों पर आड़े बेड़े लदे गन्ने बॉडियों के से कई कई फीट बाहर निकले होते हैं लेकिन इन निकले हुए गन्ने पर सांकेतिक प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं होती है जो अन्य वाहनों के लिए मुसीबत का सबब बना रहता है।

### सड़कों के दुर्गति के लिए ओवरलोडिंग अभिशाप

ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित गणना के केदो से कुछ ऐसी सड़के हैं जिस पर तीन 300 कुंतल गन्ना की लोडिंग करके ट्रक मिल के लिए इन्ही रास्तो को तय करते हैं। मानक से अधिक भार सहने में असहाय ग्रामीण क्षेत्र की यह सड़के उम्र से पहले उसमें चूर-चूर कर होकर अपना वजूद खोती जा रही हैं जो आम राहगीरों के लिए भी मुसीबत का सबब बन गया है।

### एआरटीओ साहब की व्यवस्था है या मजाक

समूचे जनपद की पुलिस तथा स्वयं सहायक परिवहन संभागीय अधिकारी द्वारा यातायात नियम जागरूकता में वाहनों पर रेडियम लगाए जा रहे हैं गत दिनों की आरटीओ साहब ने चीनी मिलों में गाना लेकर आने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों पर से रेडियम लगवा कर फोटो खिंचवा लेकिन यह आरटीओ साहब को यह नहीं दिखाई दिया कि जिन-जिन ट्रिलियन पर रेडियम लगवा रहे हैं वह ट्रिलियन के दोनों तरफ लड़े निकले गाने के बीच सुरक्षा के मानक पूरा करते हैं अथवा नहीं। वे जिस ट्रैक्टर पर वह रेडियम लगवा रहे हैं उसकी आयु और बीमा उनके विभाग के नियमों का पालन करता है अथवा नहीं। लघु पर्वत सारीखा लदा गन्ना उनके विभागीय नियमों का पालन करता है या नहीं? ट्रक ट्रालियों का जितना तल उतने से अधिक ऊपर लदा गन्ना बावजूद इसके उनकी ओढ़ी खामोशी नियम की व्यवस्था है या उनका खूबसूरत मजाक?

### ट्रक- ट्रालियों में क्षमता से अधिक लोड हो रहा गन्ना

बाइक की सीट चाहे जितनी लंबी हो पर उस पर नियम के अनुसार चालक समेत मात्र दो ही लोगों को सफर करने के लिए इजाजत देता है। व्यावसायिक सवारी ढोने वाले जीप कारों में एक भी सवारी ज्यादा है तो नियम के हिसाब से जुमार्ना तय किए जाते हैं। जीप कारों में मानक से ज्यादा सवारियां है तो सारी राह होमगार्ड भी सड़क पर बेत पटक कर वाहन को किनारे साइडपर लगवा देता हैं। वही गाना सीजन में एंजाइना ट्रक ट्रालियां व्यवसाय तौर पर चीनी मिलों के लिए गाना धुलाई का कार्य करती हैं इन ट्रक ट्रालियों विशेष का ट्रकों के बॉडी का जितना गहराईतल होता है उससे अधिक ऊपर तक गन्ना लादा जाता है जो थानों के द्वार से लेकर भीड़भाड़ भरे बाजारों में हिच कोलें खाते हुए निर्बाध गति से अपना मुकाम तय करती है। थाने के हाकिम हुक्काम सब के सब खामोश। विशेष कर इस व्यवस्था के लिए बने विभाग के प्रमुख ए आरटीओ भी सब कुछ जानते हुए और अपनी नंगी आंखों से देखने के बाद भी खामोशी का चादर ओढ़े रखें हैं।इस दुष्परिणाम का इन जिम्मेदारों को भली भांती ज्ञान है कि यदि भीड़ भरे बाजार में असंतुलित होकर ट्रक ट्राली की मात्रा बॉडी के ऊपर का गन्ना गिर गया तो कितने व्यवसाय स्तर पर जनधन की हानि हो सकती है।यदि ट्रक ट्राली उल्टे पलटे तो परिणाम कितना भयावह व अनर्थकारी होगा।

## पति की हत्या में उम्रकैद

बरेली। जिले की एक अदालत ने नाबालिग प्रेमी और उसके मित्र के साथ मिलकर अपने पति की हत्या करने की आरोपी पत्नी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) सुनील कुमार पांडेय ने मंगलवार को बताया कि नाबालिग प्रेमी और उसके दोस्त के साथ मिलकर अपने पति की हंसिए से गला काटकर हत्या करने के जुर्म में अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने कांधरपुर गांव की आरती (25) को सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई और उस पर 15 हजार का जुर्माना भी लगाया। नाबालिग प्रेमी और उसके नाबालिग दोस्त का मामला किशोर न्याय बोर्ड में विचाराधीन है।

सुनील कुमार पांडेय के मुताबिक, कांधरपुर में रहने वाले 28 वर्षीय रोहित का शव सात जनवरी 2023 की सुबह गांव चनेहटी और परगवां के बीच खेत में पड़ा मिला था। उसकी गला रेत कर हत्या की गई थी। मामले में रोहित के फुफेरे भाई राजू सिंह ने थाना छावनी में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। एडीजीसी ने बताया कि पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि रोहित की पत्नी आरती के अवैध प्रेम संबंधों के कारण यह हत्या की। पुलिस ने मामले में दो नाबालिग आरोपियों को हिरासत में लेकर कार्वाई शुरू की। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल हंसिए समेत अन्य साक्ष्य जुटाकर आरोपपत्र दाखिल किया।

पांडेय ने सात गवाह पेश किए। आरती के नाबालिग प्रेमी ने पुलिस को बताया था कि आरती से उसकी दोस्ती फेसबुक पर हुई थी जो बाद में प्रेम संबंधों में बदल गई। वह मुंबई में एक कार मिस्त्री की दुकान पर काम करता था। नाबालिग ने आरती और अपने दोस्त के साथ मिलकर रोहित की गला रेत कर हत्या कर दी और शव को गांव परगंवा के पास एक खाली खेत में फेंक दिया। अदालत ने आरती को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने अपने फ़ैसले में टिप्पणी की कि यह प्रेम नहीं सिर्फ व्याभिचारपूर्ण आकर्षण था और आरती का इरादा 28 वर्षीय रोहित की सारी संपत्ति की मालिक बनने के साथ किशोर के साथ शादी करना था। यदि इस तरह के अपराधों में समुचित दंड न दिया गया तो ऐसे संबंधों को बढ़ावा मिलेगा।

## गरीबों में हसीब खान ने किया कंबल वितरण

### उतरौला में कम्बल वितरण बना चर्चा का विषय



बलरामपुर। जब चुनाव आता है तो हर नेता अपने उम्मीद की टोकरी लेकर गांव-गांव वोट के चक्कर में जनता के बीच बड़े-बड़े दावे करके पहुंचता है। चुनाव खत्म होते ही यह यूं कह लीजिए कि हार या जीत होते ही जनता से ओझल हो जाता है। नेता अपने कुर्सी के दौड़ में जितने का ही सपना रखता है तो वह अक्सर देखा जा रहा है, कि नेता चुनाव जीतने के बाद कुर्सी पाकर जनता के बीच रहने की कोशिश करता है। लेकिन जब वह चुनाव हार जाता है तो वह बड़ी मुश्किल से क्षेत्र में वह जनता के सुख-दुख में दिखाई पड़ता है। लेकिन हम बात कर रहे हैं हबीब खान की यह उतरौला विधानसभा से समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी रहे हैं। उतरौला विधानसभा से चुनाव हार चुके हैं। चुनाव हारने के बाद से ही वह लगातार विधानसभा उतरौला में जनता के सुख-दुख में अक्सर देखे जा रहे हैं।कभी बाढ़ में राहत सामग्री, तो कहीं दीपावली पर मिठाईके साथ। रमजान में खजूर और ठंडक में कंबल लेकर लोगों के बीच अपने उपस्थिति दर्ज करते रहतेहै। अभी कड़ाके की ठंड सितम ढा रही है। गरीब जनता वेहाल है। ऐसे में हबीब खान पूर्व विधानसभा उतरौला प्रत्याशी हाथ में कंबल लेकर जनता के बीच मौजूद है।वे गांव-गांव गरीबों के बीच इस ठंडक में कंबल लेकर पहुंचने की कोशिश में लगातार लगे दिखाई दे रहे हैं। रेहरा बाजार में दर्जनों गांव से आए लोगों को व सादुल्लाह नगर में दर्जनों गांव से आए गरीबों को कंबल वितरण किया गया है। जो कि पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है, और वही हसीब खान की टीम भी इस कड़ाके की ठंड में ज्यादातर विधान सभा उतरौला क्षेत्र में जनता के बीच लोगों के बीच कम्बल लेकर पहुंचाने के प्रयास में लगी है। रेहरा सादुल्लाह नगर में हुए कंबल वितरण कार्यक्रम के साथ-साथ अन्य जगहों में हुए कंबल वितरण कार्यक्रम में हसीब खान, समाजवादी पार्टी के जिला प्रभारी बनाए गए विनोद श्रीवास्तव के साथ-साथ फिरोज खान, अल्ताफ काजी, अरुण सिंह, इब्राहिम खान, अनवर खान, कलाम लालमन आदि समाजवादी कार्यकर्ता पदाधिकारी व क्षेत्र के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में कसमापुर इलेवन को मिली विजेता ट्रॉफी



**प्रतापगढ़।** जलेशरगंज क्षेत्र के हरनाहर पूरे गोपाल पाण्डेय में हुए अर्न्तजनपदीय क्रिकेट टूनामेंट में कसमापुर इलेवन ने रोमांचक मुकाबले में विजेता कप अपने नाम किया। उप विजेता का खिताब हरनाहर इलेवन को मिला। पाण्डेय ब्रदर्स के बैनरतले सात दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट मे जिले के अलावा पडोसी अमेठी तथा रायबरेली व प्रयागराज समेत अठारह टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबले मे भोलानाथ सरस्वती शिशु मंदिर की टीम को तीन विकेट से कसमापुर इलेवन ने आखिरी ओवर में मात दी। विजेता टीम के कैप्टन रमेश पटेल को राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी शिवप्रकाश मिश्र सेनानी एवं जिपंस दिलीप पाण्डेय ने विजेता कप प्रदान किया। वहीं अतिथियों ने उपविजेता हरनाहर इलेवन के कैप्टन रामायण यादव को पुरस्कृत किया। आयोजक समाजसेवी रामप्यारे पाण्डेय ने विजेता टीम को ग्यारह हजार नकद व उप विजेता टीम को इक्यावन सौ रुपए का विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार सौंपा। मुख्य अतिथि शिवप्रकाश मिश्र सेनानी ने कहा कि खेल सदैव भाईचारे की मजबूती का पैगाम हुआ करता है। विशिष्ट अतिथि ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सामाजिक सदभाव के लिए खेल की महत्वता पर प्रकाश डाला। संयोजक सज्जन पाण्डेय ने अतिथियों व खिलाडियो का स्वागत तथा बबलू पाण्डेय ने आभार जताया। अंपायर की भूमिका में अजय तिवारी सोनू व अवनीश तिवारी सराहे गये। कार्यक्रम का संचालन संजय शुक्ल ने किया। समापन समारोह में प्रधानाचार्य भोला नाथ पाण्डेय, भाजपा नेता बबलू मिश्र, बच्चन पाण्डेय, शिक्षक दिवाकर पाण्डेय, विशाल पाण्डेय ने भी आयोजन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर दीपांशु पाण्डेय, विवेक पाण्डेय, आदर्श पाण्डेय, मोनू पाण्डेय, राजेन्द्र तिवारी, धीरज पाण्डेय, छोटू, भगवान तिवारी, संजय पाण्डेय, राहुल मिश्र, दिनेश सिंह आदि रहे।

## देश में एनसीसी कैडेट्स का महत्वपूर्ण योगदान

इटावा। उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी के तत्वावधान में दस दिवसीय सहयुक्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चैधरी चरण सिंह डिग्री कॉलेज हैंवरा में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर्नल सुधांशु द्विवेदी के अध्यक्षता में किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी सहयुक्त प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कैंप कमांडेंट कर्नल सुधांशु द्विवेदी के द्वारा कैंप का उद्घाटन किया गया। कर्नल द्विवेदी ने कहा देश की एकता और अखंडता में एनसीसी कैडेट्स का महत्वपूर्ण योगदान है। एक अच्छा कैडेट देश सेवा कर एक उदाहरण प्रस्तुत करता है। साथ ही उन्होंने कैडेट्स को सेना में जाने के अवसरों के बारे में बताया और एनसीसी का उद्देश्य एकता और अनुशासन के अनुपालन करने के तरीकों पर प्रकाश डाला।

## रेलवे पटरी पर लोहे का दरवाजा फेंकने के आरोप में दो गिरफ्तार

सहारनपुर। सहारनपुर जिले में राजकीय रेलवे पुलिस ने टपरी जंक्शन के पास रेलवे ट्रैक पर भारी लोहे का भारी दरवाजा फेंकने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। जीआरपी की पुलिस क्षेत्राधिकारी श्वेता आशुतोष ने बताया कि दोनों को मंगलवार शाम को गिरफ्तार किया गया और प्राथमिकी दर्ज करने के बाद विधिक कार्यवाही के तहत उन्हें जेल भेज दिया गया। उनके अनुसार दोनों की पहचान शेखपुरा के सोनू और वारिस के रूप में हुई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि एक और दो जनवरी की दरम्यानी रात टपरी जंक्शन के देहरादून-हरिद्वार रेल मार्ग पर रात एक बजे लोहे का भारी दरवाजा पड़ा मिला था और रेलवे गेटमैन नवीन कुमार ने उसे हटाने का प्रयास किया था लेकिन वह सफल नही हो पाया था। उन्होंने बताया कि इस पर उसने रेलवे के उच्च अधिकारियों को सूचित करते हुए सबसे पहले इसी पटरी पर आने वाली आंनद विहार कोटद्वार एक्सप्रेस ट्रेन नम्बर 14089 को रुकवाया और फिर लोको पायलट की मदद से इस भारी दरवाजे को हटवाने का काम किया।

## प्राचीन मंदिरों की खुदाई व सफाई का काम सांप्रदायिक सौहार्द के बीच शुरू

जिला संवाददाता (vol)

फिरोजाबाद। जिले में पुलिस की निगरानी में दो प्राचीन मंदिरों की पहचान की गई है और वहां खुदाई का कार्य शुरू कराया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हिंदू संगठनों की अपील के बाद मुस्लिम समुदाय के समर्थन से पुलिस की निगरानी में शहर के विभिन्न हिस्सों में दो प्राचीन मंदिरों की पहचान की गई। उनके मुताबिक, थाना रसूलपुर क्षेत्र के कश्मीरी गेट में मोहम्मदी मस्जिद के पास यह प्रक्रिया सांप्रदायिक सौहार्द के माहौल में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के समर्थन से शुरू की गई है। रसूलपुर थाने के प्रभारी अनुज कुमार सिंह ने बताया कि हिंदू संगठनों के प्रार्थना पत्र पर हिंदू व मुस्लिम संगठनों के सदस्यों के बीच बैठक कराई गई और फिर सौहार्दपूर्ण माहौल में उक्त मंदिर की सफाई व खुदाई का कार्य शुरू कराया गया। बजरंग दल के जिला प्रमुख मोहन बजरंगी ने बताया कि यह प्रथम दृष्टया शिव मंदिर प्रतीत होता है, लेकिन खुदाई का कार्य पूर्ण होने पर मूर्तियों के बारे में जानकारी मिल पाएगी। वहीं, मुस्लिम संगठनों के सदस्यों ने कहा है कि खुदाई व सफाई के इस कार्य से उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। क्षेत्रीय निवासी अकील अहमद ने बताया कि लगभग 60 वर्ष पहले इस इलाके में हिंदुओं के खेत हुआ करते थे तथा बाद में वे जमीन बेच कर चले गए और करीब 35 वर्ष से यह मंदिर बंद पड़ा है। वहीं, सोमवार शाम नगर के थाना रामगढ़ क्षेत्र के चिस्ती नगर के 60 फाटा रोड पर एक और प्राचीन मंदिर मिला जिसके बाद विश्व हिंदू परिषद के फिरोजाबाद इकाई के अध्यक्ष राजीव शर्मा अपने साथियों के साथ वहां पहुंचे और पुलिस की मौजूदगी में स्थान की सफाई का कार्य शुरू कराया जिसमें मुस्लिम संगठन भी सहयोग कर रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, मंदिर में खुदाई का काम चल रहा है। रामगढ़ थाने के प्रभारी संजीव कुमार दुबे ने बताया कि लगभग 50 वर्ष पूर्व इस इलाके में हिंदू आबादी के बीच यह मंदिर था लेकिन क्षेत्र अब मुस्लिम बाहुल्य है। उन्होंने कहा कि यहां भी पुलिस प्रशासन की देखरेख में सफाई व खुदाई का कार्य किया जा रहा है तथा मौके पर पूरी तरह सांप्रदायिक सौहार्द कायम है।

## मुठभेड़ के बाद दो गिरफ्तार, तीन साथी भी पकड़े गये

बुलंदशहर। पुलिस ने तीन दिन पहले बैंक ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से 1.90 लाख रुपये लूटने के आरोप में देर रात मुठभेड़ के दौरान घायल हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों की पहचान निशांत उर्फ निक्की और शुभम उर्फ बाबा के रूप में की है। उनकी सूचना के आधार पर तीन अन्य साथियों रवि बैंसला, धर्मवीर और अनुज को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी पूर्णिमा सिंह ने बताया, मंगलवार को शेरपुर गांव के पास रात्रि गश्त के दौरान सिकंदराबाद पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को रुकने का इशारा किया। उन्होंने भागने का प्रयास किया और पुलिस पर गोलियां चला दीं। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की जिसमें दोनों व्यक्ति घायल हो गए, जिनकी बाद में पहचान निशांत और शुभम के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान उन्होंने 5 जनवरी को एक डकैती में अपनी संलिप्तता स्वीकार की, जिसमें सिकंदराबाद में एक ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से 1.9 लाख रुपये लूटे गए थे। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि उनकी निशानदेही पर कार्वाई करते हुए पुलिस ने गिरोह के तीन अन्य सदस्यों धर्मवीर, अनुज और रवि को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि बरामद सामान में लूटी गई 50,100 रुपये की नकदी, दो मोटरसाइकिल, एक पिस्तौल, एक अवैध देशी बंदूक और गोला-बारूद शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि घायल आरोपियों को चिकित्सा के लिए भेजा गया है और आगे की कार्वाई जारी है।

## एसपी ने रात्रि में थानों का औचक निरीक्षण कर टटोली व्यवस्था की नब्ज



बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा रात्रि क्षेत्र भ्रमण के दौरान थाना कोतवाली नगर अंतर्गत विभिन्न ड्यूटी स्थलों पर उपस्थित सुरक्षाकर्मियों का आकस्मिक निरीक्षण किया। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अन्तर्गत चाक चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत किया गया रात्रि भ्रमण। रात्रि ड्यूटी पी. आर. वी में लगे अधिकारीकर्मचारी गण के ड्यूटी प्वाइंट चेक किए गए एवं ड्यूटी के दौरान सतर्क दृष्टि बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

## शाहपुर ने कुरी बाजार और कार उपवन ने उरुवा थाना को हराया



उरुवा, गोरखपुर। उरूवां बाजार के श्रीराम रेखा सिंह इंटर कॉलेज खेल मैदान पर चल रहे स्वर्गीय रामकिशोर सिंह स्मारक जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को सेकंड लीग के दो मैच खेले गए।पहले मैच में शाहपुर की टीम ने कुरी बाजार को नौ विकेट से हराया।वहीं दूसरे मैच में कार उपवन की टीम ने उरुवा थाना को आठ विकेट से परास्त किया।पहले मैच के मैन ऑफ द मैच धीरज व दूसरे मैच के शिवम को चुना गया। पहले मैच में शाहपुर ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया।पहले बल्लेबाजी करते हुए कुरी बाजार की टीम ने 10 ओवर में सात विकेट की नुकसान पर 68 रन बटोरे।जवाब में उतरी शाहपुर की टीम ने दो विकेट खोकर 7 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।दूसरे मैच में उरुवा थाना की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में पांच विकेट की नुकसान पर 79 रनों का स्कोर खड़ा किया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी कार उपवन की टीम ने 6.4 ओवर में तीन विकेट खोकर जीत दर्ज कर लिया।

मुख्य अतिथि श्रीराम रेखा सिंह इंटर कॉलेज के प्रबंधक देवेंद्र प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि सभासद प्रतिनिधि राजेश यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कराया। अंपायर राहुल, विनय और कमेंट्रेटर शिवम व संजय रहे।स्कोरिंग सूरजवीर व नीरज चौहान ने किया।इस दौरान उपाध्यक्ष श्यामेंद्र प्रताप सिंह, प्रवीण सिंह टुनटुन, संजय यादव, शक्ति सिंह, गुड्डू यादव, इनेश, सचिन आदि मौजूद रहे।

## सड़क पर अतिक्रमण पर पुलिस की चेतावनी बेअसर, समस्या जब का तस



मझगांवा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के हाटा बाजार में आए दिन सड़कों पर हो रहे जाम के कारण पब्लिक को हो रही परेशानी व जाम से निजात दिलाने के लिए पुलिस से लोगों की अपील पर 18 दिसम्बर को गगहा पुलिस थानाध्यक्ष के अगुआई में सड़क पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को कड़ी चेतावनी देकर सड़क से अतिक्रमण खाली करने की चेतावनी दी थी। जिससे आमजन को आवागमन के लिए परेशानी न उठानी पड़े। लेकिन बीस दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद भी समस्या जस की तस पड़ा हुआ है। गगहा पुलिस ने उस समय हाटाबाजार में स्थित सरकारी हॉस्पिटल से लेकर अंदर सर्विस रोड़ के सभी दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि वह अपने दुकानों के सामने गाड़ी न लगवावें साथ ही फोरलेन द्वारा निर्मित नाला सीमा से बाहर आकर सड़कों पर अतिक्रमण न करें। लेकिन उसके उलट बुधवार को शाम को सड़कों व नाली पर दुकानदार अपनी दुकान लगा रखे थे.जिससे आमजन को परेशानी उठानी पड़ रही है.समस्या जब जटिल होता है जब कोई बाजार करने आता है वह अपनी गाड़ी कहा खड़ा करें। सडको पर पहले ही दुकानदार अतिक्रमण करके बैठे हैं। इस सन्दर्भ में थानाध्यक्ष गौरव कुमार वर्मा ने बताया कि दुकानदारों को चेतावनी दी गई थी अगर दुकानदार पुनः सड़को पर अतिक्रमण किए हैं तो उसे खाली करवाया जायेगा।

## हाथरस भगदड़ मामले में जिला मजिस्ट्रेट और एसएसपी 15 को अदालत में तलब

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने हाथरस में हुई भगदड़ की घटना के मामले में जिले के तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को 15 जनवरी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने होकर यह बताने का निर्देश दिया है कि इस घटना के लिए उनकी जवाबदेही क्यों ना तय की जाए। याचिकाकर्ता मंजू देवी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने बुधवार को कहा, आयोजक अपने लाभ के लिए भोली भाली जनता को बुलाते हैं और समुचित व्यवस्था न होने के कारण ऐसी घटनाएं होती हैं। पुलिस बल, चिकित्सा आदि की समुचित व्यवस्था है या नहीं, यह देखने की जिम्मेदारी प्रशासन की होती है। अदालत ने कहा कि पूर्व में भी ऐसी तमाम घटनाएं देखी गई हैं कि ऐसे आयोजन में लाखों गरीब और अनपढ़ लोग श्रद्धा और विश्वास के कारण जुटते हैं और फिर भगदड़ मचने के कारण उनमें से कई की असामयिक मृत्यु हो जाती है। राज्य सरकार की ओर से पेश अपर शासकीय अधिवक्ता रूपक चौबे ने अदालत को बताया कि आयोजकों ने 80,000 लोगों की भीड़ का अनुमान व्यक्त करते हुए अनुमति मांगी थी, लेकिन आयोजन स्थल पर ढाई लाख लोग एकत्रित हो गए। उल्लेखनीय है कि दो जुलाई, 2024 को हाथरस जिले के गांव फुलरई मुगलगढ़ी में सूरजपाल उर्फ भोले बाबा के अनुयायियों द्वारा आयोजित सत्संग में भगदड़ मच गई थी जिसमें 121 लोगों की जान चली गई थी और कई अन्य घायल हुए थे। इस मामले में पोरा थाना के उप निरीक्षक बृजेश पांडेय की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान याचिकाकर्ता का नाम प्रकाश में आया था। अदालत ने प्रयागराज में होने जा रहे महाकुम्भ 2025 को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को हाथरस की घटना से सबक लेते हुए महाकुम्भ के लिए समुचित व्यवस्था की आवश्यकता रेखांकित की ताकि जानमाल की कोई हानि न हो। अदालत ने सुनवाई की अगली तिथि 15 जनवरी को इस मामले को नए सिरे से पेश करने का निर्देश दिया।

## तीन लाख की चोरी में मुकदमा दर्ज

चकरनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक दिन पूर्व हुई तीन लाख रुपये की चोरी में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश में धर पकड़ शुरू कर दी। थाना चकरनगर के गांव डिभौली में सोमवार की रात्रि को निर्वेश निषाद पुत्र मुलू डिभौली का परिवार बड़े भाई की तेरहवीं के कार्यक्रम में व्यस्त था, इसी दौरान कुछ चोरों के द्वारा घर में कूद कर चोरी कर ली गई थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्रार्थी के पड़ोसी भतीजे राजू पुत्र सुखवीर निवासी डिभौली थाना चकरनगर तथा राजू के मामा शिव कुमार हाल पता थाना अजीतमल गांव भद नहिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

संक्षेप

## केबल फॉल्ट होने से चार दिनों से आपूर्ति बाधित

मझगांवा, गोरखपुर। चैनपुर फीडर से जुड़े हाटा बाजार से सटे चक सुल्तानी गांव में विद्युत केबल फाल्ट होने से चार दिनों से बिद्युत आपूर्ति बाधित चल रही है। जिस कारण लगभग चार दर्जन परिवार अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। विद्युत विभाग की इस लापरवाही पर उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। उपभोक्ताओं ने कहा कि एक केबल फाल्ट होने में चार से पांच दिन लग जा रहें हैं तो बड़ी फाल्ट होने पर विभाग क्या करेगा। उपभोक्ताओं ने बताया की विद्युत आपूर्ति फोरलेन सड़क के एक तरफ हो रही है लेकिन दुसरी तरफ रहने वाले लोगों के यहां चार दिनों से आपूर्ति बन्द है। विद्युत उपकरण बन्द पड़े हैं, मोबाइल चार्ज नहीं है, इन्वर्टर जबाब दे चुके हैं, पानी की टंकियां खाली हो चुकीं हैं, सबसे ज्यादा दिक्कत बुजुर्गों व बीमार लोगों को है जो विद्युत विभाग को लगातार कोस रहे हैं। कुछ लोगों ने भाड़े पर जेनरेटर मंगा लिया है की कम से कम घरों में उजाला रह सके और पानी की सप्लाई बरकरार रह सके। इस सम्बन्ध में विद्युत अवर अभियंता विजय शंकर ने कहा कि बुधवार को मामला मेरे संज्ञान में आया है गुरूवार की शाम तक विद्युत आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

## पिकप में लदे गौवंश बरामद, तस्कर फरार

मझगांवा, गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने व क्षेत्र में गो वंश पशु तस्करों पर लगाम लगाने के लिए थाना प्रभारी गगहा गौरव कुमार वर्मा, एस आई सत्य प्रकाश चौबे, कांस्टेबल धर्मेन्द्र यादव, एकांश सिंह, सोनू यादव, अभिषेक सिंह, अनिल यादव मुखवीर की सुचना पर तिलसर चौराहे के पास खड़े थे तभी मुखवीर ने सुचना दी की पशु लदी पीकप गाडी जिसमें एक गाय दो बछिया व तीन से चार पशु तस्कर भी हैं। मुखवीर की सुचना पर थाना प्रभारी गगहा हमराही फोर्स के साथ क्षेत्र के तिलसर व उज्जरपार गांव के बीच लिंक मार्ग पर पहुंचे तो पीकप सवार गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने पीकप लदी गो वंश को थाने लायी और चार अज्ञात के खिलाफ धारा 3/5ए/8 गो वध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रुरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज मामले की जांच कर रही है।

## महराजगंज चौराहे के सब्जी बाजार से बाइक चोरी

सरहरी, गोरखपुर। गुलरिहा थाना के सरहरी पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा महराजगंज टोला भकटोलिया निवासी रामप्रसाद पुत्र जीउत बुधवार शाम 3.45 बजे के आस पास महराजगंज चौराहे पर सरहरी चौकी के पीछे लगने वाली सब्जी बाजार में अपनी स्प्लेंडर प्रो बाइक यूपी 53 बीजे 4504 खड़ी कर सब्जी खरीदने चले गए। सब्जी खरीद कर वापस आए तो बाइक गायब थी। जिसकी लिखित सूचना उन्होंने पुलिस को दे दी। महराजगंज बाजार से चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। शातिर चोर पुलिस प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम भागवती मिश्रा दर्ज है जबकि मेरा सही नाम भानवती मिश्रा है। मेरे आधार में भी मेरा सही नाम ही दर्ज किया जाये। **भानवती मिश्रा पत्नी स्व. श्री राजेन्द्र नाथ मिश्रा नि.- 631/270 इस्माईल गंज, लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने बड़े पुत्र राकेश कुमार को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **लक्ष्मण प्रसाद पुत्र महावीर प्रसाद नि.- ग्राम फूलचंद खेड़ा मजरा माधौपुर परगना व तहसील मलिहाबाद जनपद लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटिवश उसका नाम अनुकल्प पुत्र संजय त्रिपाठी व जन्मतिथि 10.08.2011 है जबकि उसके जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही नाम अविनाश त्रिपाठी पुत्र संजय कुमार त्रिपाठी व जन्मतिथि 03.10.2011 दर्ज है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में भी उसका सही नाम ही दर्ज किया जाये। **संजय कुमार त्रिपाठी पुत्र राम सिरताज नि.- मो. बभनइया पश्चिम नगर पंचायत दोस्तपुर पर. अल्देमऊ तह. कादीपुर जिला सुलतानपुर।**

# हर पात्र को मिलेगा प्रधान मंत्री आवास, सर्वे शुरू



मझगांवा, गोरखपुर। गगहा ब्लाक मुख्यालय पर बुधवार को ब्लाक प्रमुख शिवाजी चंद की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना से हर पात्र जरूरतमंद को जोड़ने को लेकर चर्चा हुई।

अध्यक्षता करते हुए ब्लाक प्रमुख शिवाजी चंद ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार गांवों के समुचित विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। पीएम मोदी व सीएम योगी के मंशानुरूप पीएम आवास योजना से ब्लाक के गांव-गांव पात्र लाभार्थियों को आच्छादित किया जाएगा। आवास से वंचित हर पात्र को आवास मिलेगा। ताकि वह भी छत के नीचे सुकून से जीवन यापन कर सकें।

उन्होंने कहा कि योजना के तहत हर गांवों का सर्वे का कार्य 28 फरवरी तक पूर्ण किया जाना है। जो पांच वर्षों के लिए हो रहा है।

पात्र लाभार्थियों को 2030 तक प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध करा दिया जाएगा। खण्ड विकास अधिकारी एजाज अहमद ने कहा कि एडीओ पंचायत, ग्राम पंचायत सचिव सहित सरकारी कर्मचारियों को ही सर्वे के लिए लगाया गया है। जिससे कि पूरी ईमानदारी के साथ पात्र व्यक्तियों का चयन किया जा सके। कोई भी पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास से वंचित नहीं रहेगा।

उन्होंने कहा कि किसी भी अपात्र का चयन नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर दिनकर चन्द, अरविंद शाही, अजय कुमार सिंह रिंकू, आशुतोष सिंह, धीरेन्द्र सिंह, नागेन्द्र शर्मा, अनिल शाही, छन्नेलाल यादव, अशोक सिंह, विनय कुमार, वरूण शंकर पाण्डेय, संदीप मोदनवाल, भास्कर तिवारी सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

## सड़क निर्माण कार्य का चेयरमैन ने किया औचक निरीक्षण



गोरखपुर। बड़हलगंज नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत हो रहे विभिन्न विकास कार्यों को लेकर लगातार चेयरमैन प्रीति उमर संवेदनशील है। इसी बीच उन्होंने नगर पंचायत के करपात्री जी नगर में हो रहे सड़क निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। सड़क निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण करने पहुंची चेयरमैन प्रीति उमर ने कहा कि निर्माण कार्यों में अब कोताही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। आम जन को सुगम व अच्छी सड़क मिले इसके लिए नगर पंचायत प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने ठेकेदार को सड़क की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने वॉर्ड के विभिन्न स्थानों व गलियों का भ्रमण कर उनका हाल जाना। श्रीमती उमर ने कहा कि नगर पंचायत लगातार विकास कार्य करा रहा है, हम जनता के मूलभूत सुविधाओं को मुहैया कराने पर प्रयासरत है। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर, सभासद ऋषि कुमार, दीपक शर्मा, सूरज सोनकर, राकेश राय, लक्ष्मण साहनी, वीरेंद्र गुप्ता, नियाज कुरैशी, संजय सोनकर, राजीव मिश्रा, जनसेवा संस्था महामंत्री संतोष जायसवाल, अनूप जायसवाल, लिपिक सुनील कुमार, हिमांशु गौंड, विकास गौंड सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## स्वतंत्रता संग्राम सैनानी सम्मेलन सम्पन्न, काकोरी ट्रेन एक्शन में इटावा का योगदान था



इटावा। काकोरी ट्रेन एक्शन का शताब्दी वर्ष चल रहा है। काकोरी ट्रेन एक्शन की ऐतिहासिक घटना से इटावा जिले का गहरा संबंध रहा है। इतिहास और स्वाधीनता आंदोलन से सरोकार रखने वालों को इसकी जानकारी है लेकिन इटावा की नई पीढ़ी के हर व्यक्ति को भी अपने उस गौरवशाली अतीत की जानकारी होनी ही चाहिए। मसलन संयुक्त प्रांत में काकोरी ट्रेन एक्शन में तत्कालीन इटावा का क्या योगदान था। दरअसल काकोरी एक्शन में मुकुंदीलाल का नाम प्रमुखता से आता हैं जिन्हें चंद्रशेखर आजाद सरीखे उनके साथी ह्यभारतवीरह्ण के नाम से बुलाते थे। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भारतवीर मुकुंदीलाल ऐसे सूरमा हैं जिन्होंने हमें गुलामी की भंवर से निकालकर आजादी की सौगात दी। आकाश गंगा के तारे की तरह वह आज भी चमक रहे हैं। इटावा महोत्सव प्रदर्शनी पंडाल में आयोजित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मेलन को संबोधित करते हुए चंबल संग्रहालय के महानिदेशक डॉ. शाहआलम राना ने कहा कि चंबल म्यूजियम में काकोरी केस से संबधित सभी फाइलें, पत्र, दस्तावेज संरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि औरैया (पूर्व में इटावा का हिस्सा) के रहने वाले मुकंदीलाल गुप्ता को ह्यभारतवीरह्ण कहने की सबसे बड़ी वजह है कि उन्होंने सशस्त्र क्रांति की मशाल की लौ को कभी मद्धिम होने नहीं दिया। मुकुंदीलाल ने अपने गुरू गेंदालाल दीक्षित के साथ मिलकर संयुक्त प्रांत के कलेक्टर, सुपरिटेंडेंट सहित अंग्रेज भक्त अधिकारियों को एक ही दिन हमला करके मार डालने की गुप्त योजना बनाई थी। अगर यह एक्शन सफल होता तो इंलैण्ड तक तहलका मच जाता लेकिन दलपत सिंह की मुखबरी ने सब पानी फेर दिया। मुकुंदीलाल की गिरफ्तारी हुई, मैनपुरी षड्यंत्र केस चला और जेल में अमानवीय और असंख्य यातनाएं दी गई। वे अपने एक पत्र में लिखते हैं- ह्यजेल से कुछ साथी भाग निकले, इसके बाद हम लोगों को बेड़ियों और हथकड़ियों के साथ बांध दिया जाता था। रात को 11बजे गिनती होती थी। उसी समय भंगी आता था जो कनस्तरों में पेशाब आदि करा ले जाता था। इसके अतिरिक्त यदि रात को पेशाब लगे तो तसलों में ही करना पड़ता था। सुबह को उन्हीं तसलों में खाना दिया जाता था।ह्ण भारतवीर मैनपुरी केस की अमानवीय यंत्रणा भरी सजा पूरी काटकर निकले। फिर भी न कभी टूटे न हारे। फिरंगियों से देश को खदेड़ने के लिए तत्काल वे शचीन्द्रनाथ बख्शी के मार्फत हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन में शामिल हो गए।

## बच्चों के लिए शिक्षा के साथ खेल भी जरूरी : महेश



गोरखपुर। बड़हलगंज विकास खण्ड के महुआपार में स्थित न्यू सेंट्रल एकेडमी में सांस्कृतिक एवं खेलकूद सप्ताह के तीसरे दिन का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि बड़हलगंज चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर व मानव क्लीनिक से डॉ विशाल गुप्ता और बड़हलगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्रीकांत सोनी ने दीप प्रज्जवलित कर व फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के तीसरे दिन इटिंग जीलेबी, सेक रेस, म्यूजिकल चेयर, रिले रेस, खो- खो, स्लो साइकिल रेस और रस्सी कूद की प्रतियोगिता हुई। मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर और डॉ विशाल गुप्ता ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ने के साथ साथ खेलने में भी रुचि बनाए रखने के लिए इस तरह के खेल कूद का आयोजन स्कूल में होना अनिवार्य है। प्रधानाचार्य सनी आर्या ने जानकारी देते हुए बताया कि आज, कार्यक्रम का तीसरा दिन था, जिसका समापन 11 जनवरी को होना है। इस अवसर पर शिक्षक विनय गुप्ता, जानकी, नीरज, उषा, शिवानी, साक्षी, लक्ष्मी, आरुही, श्वेता, संजना, सोनम, शिवांगी, रिंकी, इशिका, प्रतिमा, डी के सर, सुजाता, बबिता, गिरिजा शंकर और सहयोगी मनोज उर्फ मंटू शाही, प्रदीप, सुरेंद्र, पार्वती सहित तमाम अभिभावक भी उपस्थित रहे।

## ड्रोन दीदी ने किसानों की राह किया आसान

### टेक्नोलॉजी के प्रयोग से आसान हो रही है खेती



दीपक तिवारी/ गगहा, गोरखपुर। गगहा विकास खण्ड के कुछ ग्राम पंचायत में ड्रोन दीदी ने माध्यम से किसानों को प्रोत्साहित करते हुए गेहूं व सरसो के फसलो में नैनों डीएपी व नैनों यूरिया कि छिड़काव कर सरकार की योजनाओ के बारे में लाभ व जानकारी दी। बुधवार को विकास खण्ड गगहा के ग्राम पंचायत रावतपार, बेलादार और अतायर इमलिहवा के किसान श्री दयाल मिश्र, श्याम मिश्र, जयराम यादव, चिखुरी शर्मा, राममूर्ति प्रजापति के खेतों में लगभग आठ एकड़ गेहूं की फसल में ड्रोन दीदी को संचालित करने वाली नीतू पासवान के द्वारा नैनो यूरिया और डीएपी का छिड़काव किया गया. नीतू पासवान ने बताया की गत वर्ष जिन किसानों के गेहूं व सरसो के फसलो में नैनो यूरिया और डीएपी का छिड़काव कराया था, उन्हें अच्छे परिणाम मिलने पर पुनः इस साल भी अपने फसलों पर छिड़काव करवा रहे है। मैनुअल तरीके से छिड़काव जहां एक ओर मंहगा पड़ रहा है वही दूर दराज के खेतों में पानी उपलब्ध न होने के कारण तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब तक हम लोगों ने लगभग तीन सौ एकड़ फसल पर उर्वरक का छिड़काव कर चुके हैं। किसान श्री दयाल मिश्र ने कहा ड्रोन की संख्या कम होने की वजह से इस योजना से अभी भी बहुत किसान लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।

## कुलपति जैन ने वार्षिक कैलेंडर का लोकार्पण किया



सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैंफई के आधिकारिक वार्षिक कैलेंडर का लोकार्पण विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डा. पीके जैन ने किया। वार्षिक कैलेंडर का लोकार्पण करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डा. पीके जैन ने कहा कि विश्वविद्यालय के आधिकारिक वार्षिक कैलेण्डर के जारी होने से विश्वविद्यालय के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को अवकाश सम्बन्धित समस्त जानकारी आसानी से एक ही जगह उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि बेहद कम समय में प्रभारी मीडिया सेल डॉ विनय कुमार गुप्ता के प्रयास से विश्वविद्यालय का आधिकारिक वार्षिक कैलेंडर मूर्त रूप ले पाया है। इसके लिए डॉ विनय बधाई के पात्र हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. डा. चन्द्रवीर सिंह ने बताया कि वार्षिक कैलेंडर में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अवकाशों का पूर्ण विवरण है। इस आधिकारिक वार्षिक कैलेंडर का प्रयोग अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय के प्रत्येक कार्यालय में किया जाएगा। प्रभारी मीडिया सेल डा. विनय कुमार गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय का आधिकारिक वार्षिक कैलेंडर विश्वविद्यालय के प्रत्येक कार्यालय में उपलब्ध होने के साथ ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी ई-फार्मेट में उपलब्ध होगी ताकि कोई भी विश्वविद्यालय की साइट पर जाकर इसे आसानी से डाउनलोड कर सके। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डा. एसपी सिंह, संकायाध्यक्ष चिकित्सा प्रो. डा. सुनील कुमार, सदस्य मीडिया सेल डा. सुगन्धी शर्मा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उमाशंकर तथा विश्वविद्यालय के जनसम्पर्क अधिकारी अनिल कुमार पांडेय उपस्थित रहे।

## पिकअप की टक्कर से मासूम की मौत

इकदिल, इटावा। थाना क्षेत्र में पिकअप की टक्कर से मासूम की मौत हो गई। जानकारी होते ही घर मे कोहराम मच गया। थाना इकदिल क्षेत्र के गांव कोठी चांदनपुर में रहने वाले छुना लाल का पांच वर्षीय बेटा शरद मंगलवार देर शाम को गांव के बाहर सड़क किनारे पर शौचक्रिया कर रहा था उसकी माँ रोड किनारे खड़ी हुई थी और बेटा शौचक्रिया के लिए बैठा हुआ था। तभी इकदिल के तरफ से आ रही तेज रफ्तार पिकअप का पीछा पहिया उसके ऊपर चढ़कर निकल गया जिससे उसकी अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर पिकअप को लेकर भाग रहा था तभी ग्रामीणों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप और चालक को हिरासत में लिया और घायल अवस्था मे पड़े मासूम को जिला अस्पताल भिजवाया। वहां डॉक्टरों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया।

# पुलिस मुठभेड़ में चार अभियुक्त गिरफ्तार



इटावा। लूट की घटना कारित करने वाले 4 अभियुक्तों को पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड़ में किया गिरफ्तार। कब्जे से स्विफ्ट कार घटना में प्रयुक्त, 2 मोबाइल लूटे हुये, 2100 रुपए लूटे हुये, 4 तमन्चा 315 बोर, 4 जिन्दा कारतूस, 6 खोखा कारतूस 315 बोर किये गये बरामद। क्षेत्राधिकारी सैफई इटावा के कुशल नेतृत्व में एसओजी, सर्विलान्स टीम, थाना चैबिया, थाना ऊसराहार व थाना बसरेहर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गयी कार्यवाही। पहुप सिंह क्षेत्राधिकारी सैफई के नेतृत्व में सच्चिदानन्द सिंह प्रभारी थाना चैबिया, जितेन्द्र प्रसाद शर्मा प्रभारी एसओजी, उनि. नागेन्द्र चैधरी प्रभारी सर्विलान्स, उ.नि. बेचन कुमार सिंह, मंसूर अहमद थानाध्यक्ष ऊसराहार, समित चैधरी थानाध्यक्ष बसरेहर रहे। एसएसपी ने संजय कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 जनवरी को वादी अतुल कुमार मिश्रा पुत्र हरीशंकर निवासी ग्राम भगहर थाना सांडी जनपद हरदोई हाल पता भोदमिया वाली गली थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद द्वारा थाना चैबिया पर सूचना दी गयी कि 4 जनवरी को रात 8 बजे रात्रि को जब वह अपने साथी अभिषेक पुत्र गनेन्द्र कुमार के साथ मोटर साइकिल से किशनी से इटावा आ रहा था इसी दौरान थाना चैबिया क्षेत्रान्तर्गत पशु मेला बाजार पुलिया बरालोकपुर के पास पीछे से आ रही बिना नम्बर प्लेट स्विफ्ट कार सवार व्यक्तियों ने मेरी मोटर साइकिल पर रखे बैग को छीन लिया। सूचना पर तत्काल थाना चैबिया पर मुकदमा दर्ज किया गया। थाना चैबिया क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि 4 जनवरी को पशु मेला बाजार बरालोकपुर के पास घटना कारित करने वाले अभियुक्तगण आज पुनरू उसी बिना नम्बर की स्विफ्ट कार से किशनी की ओर से इटावा की ओर आ रहे हैं। सूचना पर तत्काल गठित पुलिस टीमों द्वारा पशु मेला बाजार के आगे सघन चैकिंग की जाने लगी इसी दौरान स्विफ्ट कार आती दिखायी दी जिसे पुलिस टीम द्वारा रूकने का इशारा किया गया तो कार चालक द्वारा कार को मोडकर ग्राम कलेपुरा की ओर भागने का प्रयास किया गया। जिसपर पुलिस टीम द्वारा कार का पीछा किया गया। ग्राम कलेपुरा की पुलिया के पास कार में बैठे व्यक्तियों द्वारा कार से उतरकर पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी गयी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी तो गोली अभियुक्त शिवाकान्त यादव उर्फ शिवा के बांये पैर में, गोली अभियुक्त सचिन यादव उर्फ छूट्टी के दांये पैर में, गोली अभियुक्त सनोज यादव के दांये पैर में लगी जिन्हें घायल अवस्था में एवं अभियुक्त अजय यादव को स्विफ्ट कार सहित ग्राम कलेपुरा के पास से गिरफ्तार किया। आरोपितों का आपराधिक इतिहास जनपद के कई थानों में दर्ज है।

## दिल्ली विधानसभा की सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारेंगे : जोगिंद्र भदौरिया



उदी, इटावा। भारतीय संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर जोगिंद्र सिंह भदौरिया ने केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली में होने जा रहे निर्वाचन में विधानसभा की सभी 70 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने और वहां बनने वाली सरकार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी की घोषणा करते हुए कहा कि दिल्ली का रास्ता यूपी से होकर जाता है। यह बात पारपट्टी के उदी मोड़ पर कुछ समय के ठहराव दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए श्री भदौरिया ने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है, जहां बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश के मजदूर से लेकर बड़े बड़े कारोबार में संलिप्त लोगों का वहां स्थाई निवास हो गया है। दिल्ली के मतदाताओं की कुल संख्या का 20 प्रतिशत मतदाता उत्तर प्रदेश का मूल रूप से रहने वाला है। जिसको दिल्ली में वहां के मुख्य निवासी की भांति यूपी के लोगों को सहूलियत नहीं मिलती है। अपने ही देश के एक प्रदेश में उन्हें दोयम दर्जा का समझा जाता है। संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी पूरी क्षमता के साथ उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि यूपी के गरीब तबके के लोगों का खुला शोषण अब नहीं होने दिया जाएगा। आज इटावा आकर उन्होंने क्षेत्र के कई ग्रामों का दौरा कर दिल्ली रहने वाले यूपी के मतदाताओं के परिजनों से आग्रह किया कि वह 5 फरवरी को दिल्ली में होने वाले मतदान में अपना अमूल्य मत संपूर्ण क्रांतिकारी पार्टी के उम्मीदवार को देकर सहयोग प्रदान करें। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी पार्टी अब तक सात राज्यों में अपने उम्मीदवारों को खड़ा कर चुकी है, लेकिन दिल्ली में सभी विधानसभा सीटों पर पार्टी अपने उम्मीदवार खड़ा करेगी जिनके चैंकाने वाले परिणाम नजर आयेगे। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि वह अपने मिशन और पार्टी के सिद्धांत को आगे बढ़ाकर अंतिम पायदान के लोगों के विकास के लिए काम करेगी।

## टीबी ग्रस्त मरीजों को पोषण पोटली वितरण



जसवंतनगर, इटावा। ब्लॉक सभागार में राष्ट्रीय क्षय रोग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में टीबी से ग्रस्त मरीजों को निश्चय पोषण पोटली का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम सहायक विकास अधिकारी पंचायत देवेंद्र पाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम में ब्लॉक क्षेत्र में विभिन्न पंचायतों के 14 मरीजों को निश्चय पोषण पोटली प्रदान की गई। इस पोटली में एक किग्रा गुड़, एक किग्रा सत्तू, एक किग्रा चना, एक किग्रा मूंगफली, एक गजक, और बच्चों के लिए एक किग्रा हार्लिक्स, बॉर्नवीटा शामिल थे। एडीओ पंचायत देवेंद्र पाल सिंह ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य मरीजों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और क्षय रोग से मुक्त करने में सहायता प्रदान करना था। उन्होंने बताया कि टीबी मरीजों को पोषण पोटली प्रदान करने से उनकी सेहत में सुधार होगा और वे जल्दी से ठीक हो पाएंगे। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य के अधीक्षक डॉ सुशील कुमार समेत डॉ. बीरेंद्र सिंह एसटीएस और डॉ. जितेंद्र कुमार ने कार्यक्रम में टीबी से ग्रस्त मरीजों को बचाव और जागरूकता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि टीबी एक गंभीर बीमारी है, लेकिन यदि समय पर इलाज किया जाए तो इसे पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। कार्यक्रम में एडीओ आइएसबी महेश कुमार, आदेश कुमार, पंकज कुमार ने समाज के समर्थवान लोगों से गरीब टीबी मरीजों के सहयोग के लिए आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न पंचायतों के सचिव, और क्षेत्र की आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## संविधान गौरव अभियान को लेकर बिस्मिल नगर में हुई बैठक



चरगांवा, गोरखपुर। भाजपा के संविधान गौरव अभियान को लेकर बुधवार को महानगर के बिस्मिल नगर मंडल इकाई की बैठक मोहनपुर पादरी बाजार स्थित रचत पैलेस में हुई। बैठक मे बतौर मुख्य अतिथि महानगर महामन्त्री ओम प्रकाश शर्मा ने कार्यकताओं को अभियान की सफलता को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आनंद अग्रहरि व संचालन मण्डल महामन्त्री शिशिर वर्मा ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से मोहनपुर पार्षद रामगति निषाद, पार्षद प्रतिनिधि संत गुलाब यादव, पार्षद राजेश कुमार, पार्षद रितेश सिंह बब्लू, पूर्व पार्षद अनिल सिंह, पार्षद प्रतिनिधि सुधीर यादव तथा महानगर उपाध्यक्ष दयानंद शर्मा, सूर्य भूषण अग्निहोत्री, राकेश श्रीवास्तव, बैजू चौहान, गौरव श्रीवास्तव, राम विनय सिंह, संजय शर्मा बंशीधर मिश्र व अन्य, मंडल पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## महाकुंभ मेला की शुरुआत 13 जनवरी से

इटावा। तीर्थ नगरी प्रयागराज में महाकुंभ मेला की शुरूआत 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा स्नान के साथ होगी। यह महाकुंभ 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के साथ संपन्न होगा। महाकुंभ के पावन मौके पर जिले से सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु जहां डुबकी लगाएंगे वहीं पार्थिव शिवलिंग का निर्माण भी संगम के तट पर करेंगे।

कुंभ मेले में दद्दा जी शिष्य मंडल भारत वर्ष द्वारा ब्रम्हलीन गृहस्थ संत पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी की कृपा से 136 बां सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं महा रुद्राभिषेक के अलाबा श्रीमद् भागवत कथा एवं 18 पुराणों के पाठ का आयोजन 24 से 30 जनवरी तक ग्रहस्थ संत डॉ अनिल शास्त्री बड़े भैया के सानिध्य में आयोजित होगा। यह भव्य आयोजन महाकुंभ स्थल पर गंगेश्वर मंदिर गंगेश्वर मार्ग सलोरी सेक्टर-9 गंगेश्वर मंदिर से 300 कदम पर यज्ञ पंडाल में आयोजित होगा।

संक्षेप

## एकदिवसीय रोजगार मेला 10 को

आजमगढ़। सहायक निदेशक (सेवा) राममूर्ति ने बताया कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय आजमगढ़, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आजमगढ़ एवं कौशल विकास मिशन आजमगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में 10 जनवरी 2025 को राजकीय आईटीआई आजमगढ़ में एक दिवसीय रोजगार मेंले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे हिंग्लाको इण्डस्ट्रीज, जीएमआर स्मार्ट इलेक्ट्रीसिटी डिस्ट्रीब्यूशन प्रा.लि., जीएसइडी प्रालि, मिडलैंड माइक्रोफाइन लि, किलटोन जीओ इंजीनियरिंग प्रालि एवं अन्य निजी क्षेत्र की कम्पनिया प्रतिभाग कर रही है। ऐसी स्थिति में सेवायोजन कार्यालय आजमगढ़ में पंजीकृत जॉब सीकर (बेरोजगार अभ्यर्थी) रोजगार हेतु पोर्टल पर क्लिक कर उपरोक्त कम्पनियों के विज्ञापित रिक्तियों के विवरण देखकर अपने पंजीयन यूजर आईडी व पासवर्ड पर आन-लाईन आवेदन करते हुये रोजगार मेले में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करे।

## अहरौला थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

आजमगढ़। अहरौला थाना के माहुल क्षेत्र के शमसाबाद में मंजुसा नदी के पुल के पास काट कर फेंके गए गोवंश मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने थानाध्यक्ष अहरौला मनीष पाल को बुधवार देर शाम लाइन हाजिर कर दिया। शमसाबाद में मंजूसा पुल के पास नदी के किनारे मिले गोवंश के मांस को बिना किसी कार्यवाही के दफन कराना मनीष पाल के लिए भारी पड़ गया देर शाम तक अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने दफन मांस को निकलवाने के बाद अहरौला पुलिस को इस संबंध में अज्ञात पशु तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश देते हुए जांच रिपोर्ट वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सौंप दिया। जांच में दोषी पाए जाने पर और कर्तव्य पालन में लापरवाही करने के आरोप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने मनीष पाल को लाइन हाजिर कर दिया।

## सर्दी से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

जौनपुर। अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व ने अवगत कराया है कि सर्दी का प्रकोप बढ़ने की सम्भावना को लेकर आमजन को सर्दी से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गयी है। एडवाइजरी में कहा गया है कि सर्दी से बचाव हेतु शरीर पर उपयुक्त ऊनी कपड़े पहने, बाहर निकलते समय सिर, चेहरे, हाथ एवं पैर को गर्म कपडे से ढ़के, शरीर को गर्म रखने हेतु गर्म पेय पदार्थो एवं पौष्टिक आहार का सेवन करें, हीटर, ब्लोवर, कोयले की अंगीठी आदि चलाते वक्त थोड़ी खिड़की खोलकर रखें और सोने से पहले सभी हीटर, ब्लोवर, कोयले की अंगीठी इत्यादि को बन्द कर दें। ठंड में घर के अन्दर सुरक्षित रहे जब तक बहुत आवश्यक न हो तब तक घर से बाहर न निकले, स्नान एवं पीने हेतु गुनगुना पानी का ही प्रयोग करें। शरीर के अंगो के सुन्न पड़ने हाथ-पैर कान एवं नाक पर सफेद या पीले रंग के दाग इत्यादि पड़ने पर तुरंत डाक्टर से सम्पर्क करें। पशुओं को गर्म स्थान में रखे, उन्हें सर्दी लगने पर पशु चिकित्सक की सलाह लें। किसी भी सहायता हेतु एम्बुलेंस 108, पुलिस 112, राहत आयुक्त कार्यालय 1070 पर सम्पर्क करें।

## लूट काण्ड के तीन आरोपित गिरफ्तार

जौनपुर। थाना केराकत पुलिस और सर्विलांस टीम के संयुक्त प्रयास से लूट काण्ड का अनवारण करते हुए तीन लुटेरों को बन्दी बनाया। पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक केराकत व सर्विलांस स्वाट टीम क्राइम ब्रान्च ने विकास राजभर पुत्र बुद्धिराम राजभर नि0 ग्राम सिझवारा थाना केराकत व विशाल राजभर पुत्र सिधारी राजभर निवासी ब्राह्मणपुर झमका थाना केराकत, विशाल यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव निवासी दिल्ला का पुरा थाना केराकत को सेनापुर पनिहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्तगण के पास से लूट गये रुपये मे से 34420 रु व घटना में प्रयुक्त एक चोरी की मोटर साइकिल स्पेण्डर प्लस जो बीते 6 जनवरी को जिला कारागार सुल्तानपुर गेट से चोरी कर व नम्बर प्लेट बदलकर अपराधिक घटनाओ में प्रयुक्त की जा रही थी तथा तमंचा व कारतूस बरामद किया।

# नशे से जिले को मुक्त करने की रखी मांग



जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। जनपद के थाना देहात कोतवाली के अंतर्गत सीटी ब्लाक के सामने छिवलहा महावीर मंदिर के पीछे बसन्त बहार मैरेज लॉन के बगल में स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से मादक पदार्थों हेरोईन व गांजा की बिक्री खुलेआम करने की जॉच कराकर मादक पदार्थ माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही करने के सम्बन्ध में अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय एडवोकेट ने जिलाधिकारी को पत्रक सौंप कर मीरजापुर जनपद को नशे से मुक्त करने की मांग की।

उन्होंने अपने पत्रक में उल्लेखित किया है कि मीरजापुर जनपद के थाना देहात कोतवाली के अंतर्गत सीटी ब्लाक के सामने छिवलहा महावीर मंदिर के पीछे बसन्त बहार मैरेज लॉन के बगल में स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से मादक पदार्थों हेरोईन व गांजा की बिक्री बेधड़क हो रही है ।जिससे स्थानीय नौजवान, युवा नशे के आदी होकर बर्बाद हो रहे हैं। स्थानीय पुलिस के द्वारा इन मादक पदार्थ माफियाओं के विरूद्ध किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा रही है। विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि यह मादक पदार्थ राजन उपाध्याय, झब्बू बिन्द, विरेन्द्र, साधना, सुधा, संतोषी नामक व्यक्ति रोजाना भारी मात्रा में मादक पदार्थों की बिक्री करके युवा वर्ग को नशे की आदत डालकर बर्बाद करने का कार्य कर रहे हैं। स्थानीय पुलिस द्वारा शिकायत होने पर दिखावे के नाम पर एकाध व्यक्ति का चालान करके पुनः अपने संरक्षण में मादक पदार्थों की बिक्री करायी जाती है। उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध करते हुए उपरोक्त तथ्यों के दृष्टिगत मीरजापुर जनपद के थाना देहात कोतवाली के अंतर्गत सीटी ब्लाक के सामने छिवलहा महावीर मंदिर के पीछे बसन्त बहार मैरेज लॉन के बगल में स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से बेची जा रही मादक पदार्थों हेरोईन व गांजा की बिक्री को तत्काल बन्द कराते हुए दोषियों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही करने की मांग की है ।साथ ही उन्होंने कहा कि यदि तत्काल इस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण इसके लिए आंदोलन करेगा क्योंकि यह जनपद हमारा है और इस जनपद के नौजवानों, युवाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा,रोजगार और स्वस्थ जीवन का पूरा अधिकार है। जिसे यह नशे के नुमाइंदे, दलाल समाप्त करने के लिए आतुर हैं।

## बालकृष्ण त्रिपाठी बने विंध्याचल मंडल के मंडलायुक्त

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। बाल कृष्ण त्रिपाठी को विंध्याचल मंडल का नया मंडलायुक्त बनाया गया है। पूर्व में रहे मंडलायुक्त डॉ. मुथु कुमार स्वामी बी को शासन ने सचिव वित्त की नई जिम्मेदारी दी है। बाल कृष्ण त्रिपाठी नए कमिश्नर के रूप में शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण कर सकते हैं।



बाल कृष्ण का जन्म 11 नवंबर 1965 को कुशीनगर जिले के ग्राम मुजहां गांव में हुआ। पिता स्व. श्याम नारायण त्रिपाठी बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर में बीएड विभाग में अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। बाल कृष्ण की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर कुशीनगर तथा कक्षा छह से 12वीं तक शिक्षा बुद्ध इंटरमीडिएट कॉलेज कुशीनगर से हुई। स्नातक (बीएससी) एवं स्नातकोत्तर (एमएससी भौतिकी) क्रमशः 1984 एवं 1986 में उन्होंने पंडित दीनदयाल विश्वविद्यालय गोरखपुर से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। 1987 में पीसीएस की परीक्षा दी तथा ट्रेजरी अफसर के पद पर चयनित हुए। पुनः 1988 में यूपीपीसीएस की परीक्षा दी तथा प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर उप जिलाधिकारी के पद पर चयनित हुए। विभिन्न जनपदों में सेवा के पश्चात वर्ष 2014 में आईएएस संवर्ग में पदोन्नत हुए तथा 2008 बैच आवंटित हुआ।

## वरिष्ठ प्रबंधनों ने कार्यपालक प्रशिक्षुओं के साथ किया संवाद



सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल ने अपनी वरिष्ठ नेतृत्व टीम के साथ एक प्रेरणादायक संवाद सत्र का आयोजन किया, जिसमें ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) के नेतृत्व में ईटी (म्ज)-2023 बैच के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस आयोजन ने एनटीपीसी विंध्याचल की युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को उजागर किया।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और गूंजते एनटीपीसी गीत के साथ हुई, जिसने सत्र के लिए एक प्रेरणादायक माहौल तैयार किया। त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक (आर एल आई) ने स्वागत भाषण दिया, जिसमें उन्होंने कार्यपालक प्रशिक्षुओं को मूल्य निर्माता बनने और एनटीपीसी के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने निरंतर सीखने और जानबूझकर अभ्यास की महत्ता को रेखांकित करते हुए कार्यपालक प्रशिक्षुओं को विश्वस्तरीय पेशेवर बनने की प्रेरणा दी।

श्री अरोड़ा ने एनटीपीसी विंध्याचल के लोगों पहले दृष्टिकोण पर जोर दिया, जो सतत सफलता और एक प्रमुख कार्यस्थल बनाने के लिए नींव है। उनके विचारों में एनटीपीसी की नीति-आधारित पहलों के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट थी। ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेन्स और एडीएम) ने एनटीपीसी विंध्याचल में अपने संपूर्ण अनुभव को साझा किया, और कार्यपालक प्रशिक्षुओं को अपनी रुचियों को अन्वेषण करने और जीवनभर सीखने की प्रेरणा दी। इसी तरह, राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन) ने कार्यपालक प्रशिक्षुओं के छात्रों से कॉर्पोरेट पेशेवरों में बदलाव को एनटीपीसी के ऊर्जा क्षेत्र में गतिशील विकास से जोड़ते हुए समझाया।

## मां महामैत्रायणी योगिनी के निर्वाण दिवस पर होगा कम्बल वितरण



आजमगढ़। मां महामैत्रायणी योगिनी के निर्वाण दिवस पर अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान क्रीं कुण्ड वाराणसी के जिला आजमगढ़ की सदर शाखा की ओर से कम्बल वितरण का कार्यक्रम आगामी 13 जनवरी 2025 को सिंहपुर बाजार में सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया है। उक्त बातें नगर के कुंवर सिंह उद्यान में मीडिया से मुखातिब होते हुए सदर शाखा के प्रमोद कुमार सिंह व गजराज प्रसाद ने संयुक्त रूप से बताया कि आज के दौर में बेहतर जीवन जीने के लिए मां महा मैत्रायणी योगिनी के विचारों व आचरण को आत्मसात करके ही मानव जाति का कल्याण हो सकता हैं। इसी कल्पना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समूह के दिशा-निर्देशन में कम्बल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मां महामैत्रायणी योगिनी के निर्वाण दिवस पर हर वर्ष असहायों और जरूरतमंदों में कम्बल वितरण किया जाता है। इस बार यह कम्बल वितरण कार्यक्रम स्व. उदयभान सिंह नंदी के पुष्पाजंलि कार्यक्रम के दौरान ही जरूरतमंदों में वितरित किया जाना सुनिश्चित है। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। इस अवसर पर डा पंकज, विपिन सिंह, संजय सिंह, अशोक जायसवाल, वीरेन्द्र सोनकर, विशाल यादव, लालधर यादव प्रधान, ओमप्रकाश बंटू, संतोष तिवारी, अशोक सिंह, सुरेन्द्र सिंह, रीशु, बाला, मोनू चैरसिया, नरेन्द्र, धनंजय मन्नू, रानू रिंटू आदि भक्तगण मौजूद रहे।

## युवती नदी में कूदी, युवक ने बचाया

जौनपुर। केराकत में गोमती नदी के पूल से युवती के कूदने से कोहराम मच गया । अज्ञात कारणों से युवती केराकत स्थित गोमती नदी के पूल से कूदी, नदी में पास में शव के अंत्येष्ठी कर रहे लोगों में से एक युवक ने बचाया और युवती को बाहर निकाला ।युवती नदी में डूबने से अचेत हो गयी ।जिसे बाहर निकालने के बाद पास में अंतिम संस्कार के लिए चिता के आग से ही सेकाई करने के बाद सामुदायिक केंद्र केराकत इलाज को ले जाया गया। युवती की पहचान केराकत बंबावन ग्राम के ढोड़वा का पूरा निवासिनी सोहानी निषाद 18 पुत्री संजय निषाद के रूप में हुई ।

## एनसीएल मुख्यालय में हुई पेंशन अदालत व सीएमपीएफ संबंधी त्रिपक्षीय समन्वय बैठक



सोनभद्र। भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) मुख्यालय में बुधवार को सीएमपीएफ संबंधी त्रिपक्षीय समन्वय बैठक एवं पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान रीजनल कमिशनर सीएमपीएफ, सिंगरौली, पीयूष कान्त जैन, असिस्टेंट रीजनल कमिशनर (सीएमपीएफ) नवीन निश्चल, विभागाध्यक्ष (सीएमपीएफ), एनसीएल संजय सिन्हा, प्रबन्धक (कार्मिक/सीएमपीएफ), एनसीएल अशोक कुमार त्रिवेणी, मुख्यालय स्तरीय जेसीसी मेम्बर्स, सीएमओएआई प्रतिनिधि, सीएमपीएफ कार्यालय की टीम एवं बड़ी संख्या में एनसीएल कर्मी तथा संविदाकर्मी उपस्थित रहे। एनसीएल द्वारा इस त्रिपक्षीय समन्वय बैठक एवं पेंशन अदालत का आयोजन कर्मियों की सीएमपीएफ एवं पेंशन से संबंधित समस्याओं के निराकरण के उद्देशय से किया गया।

## गोंगपा आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

सोनभद्र। गोड़वाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) के आक्रोशित कार्यकताओं ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पर विरोध- प्रदर्शन किया और महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन एडीएम न्यायिक को सौंपा। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिलाध्यक्ष रामनरेश पोया ने कहा कि देश के गृहमंत्री द्वारा 18 दिसंबर 2024 को सदन में भारतीय संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर के बारे में अभद्र वक्तव्य दिया गया है, जिससे सर्व समाज को आघात पहुंचा है। इसलिए गृहमंत्री देश वासियों से मांफी मांगें।



गोंगपा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमाशंकर सिंह पोया व गोंगपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम बिहारी मरकाम ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर के बारे में देश के गृहमंत्री द्वारा अभद्र वक्तव्य सदन में दिया जाना निंदनीय है। गोंगपा के जिला प्रवक्ता एडवोकेट संतोष कुमार ने कहा कि ज्ञापन पत्र में देश के गृहमंत्री द्वारा देश वासियों से माफी मांगने, सोनभद्र जिले में पांचवीं अनुसूची लागू किए जाने, वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत दावेदारों को अभिभोग प्रमाण पत्र दिए जाने, किसानों को बिजली-पानी मुफ्त दिए जाने के साथ ही सोनभद्र के बेरोजगार युवाओं को कम्पनियों में नौकरी दिए जाने की मांग शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि गोंगपा कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए झंडा वैनर के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। अंत में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित अपनी पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन एडीएम न्यायिक को सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राम नरेश पोया और संचालन जिला महासचिव रामचंद्र टेकाम ने किया। विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से हीरालाल मरपची, रामचरित्र नेताम,हीरालाल मरकाम, राजेंद्र सिंह मरपची, कनई चेरो, बिंदु अगरिया,आरके सिंह अर्मी, शिव प्रसाद अर्मो, रामेश्वर उरेटि, रेनु भारती, दिनेश लाल यादव, रामसूरत उड़ाके, श्रीराम टेकाम, रामचंद्र टेकाम, सूर्यबली मरपची, सत्यनारायण ,नागेंद्र, श्याम आदि शामिल रहे।

## हत्या के विरोध में पत्रकारों ने निकाला मौन जुलूस

जौनपुर। सैकड़ों पत्रकारों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की जघन्य हत्या के विरोध में बुधवार को एकजुट होकर कलेक्ट्रेट परिसर में मौन जुलूस निकाला। पत्रकारों ने इस हत्या के बाद सीबीआई जांच की मांग करते हुये राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन प्रषासन को सौंपा और पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की जरूरत पर भी जोर दिया।




पत्रकार कल्याण समिति के बैनर तले सैकड़ों पत्रकारों ने छत्तीसगढ़ राज्य के बीजापुर जिले में पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की जघन्य हत्या के विरोध में मौन जुलूस निकाला। इस अवसर पर राजेश श्रीवास्तव, शशिराज सिन्हा, अजय शुक्ला, शिविन्द्र प्रताप सिंह, नीरज सिंह, संतोष राय, रविन्द्र मिश्र, बृजेश मिश्र, जुबेर अहमद, मो. अब्बास, आदित्य भारद्वाज, वरूण यादव, अंकित श्रीवास्तव, संजय विश्वकर्मा, अभिषेक शुक्ल, विनोद विश्वकर्मा, नितिश कुमार, स्वदेश कुमार, वत्सल गुप्ता, विरेन्द्र पाण्डेय, सुशील स्वामी, काजू सिंह, ष्मीम अहमद अतुल तिवारी, प्रो. आशाराम यादव, अमित मिश्रा, इम्तियाज अहमद, जेड हुसैन सहित तमाम सम्पादक, पत्रकार, छायाकार आदि प्रमुख रहे। इस मौके पर जौनपुर जिले के पत्रकारों ने एकजुट होकर छत्तीसगढ़ के पत्रकार की हत्या के विरोध में अपनी आवाज बुलन्द की।

ज्ञापन के माध्यम से पत्रकारों ने हत्याकाण्ड की सीबीआई जांच कराने की मांग किया। साथ ही मृतक पत्रकार के परिजनों को 1 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की बात की। इसके अलावा मृतक पत्रकार के परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की भी मांग की गयी। ज्ञापन के बाद सभी पत्रकारों ने पत्रकार भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित करके पुष्पांजलि अर्पित किया। वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार सिंह ने देश में पत्रकारों के साथ हो रही घटनाओं का जिक्र करते हुये पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने जौनपुर में हुये पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव हत्याकाण्ड की याद भी दिलाई जिसमें जिला प्रशासन की लापरवाही के चलते पत्रकार की जान चली गयी। ग्रामीण पत्रकार संघ के अध्यक्ष संजय आस्थना सहित अन्य पत्रकारों ने कहा कि अगर पत्रकार असुरक्षित होंगे तो देश में लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। सभी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पत्रकार मुकेश चन्द्राकर को सड़क निर्माण में हो रहे भ्रष्टाचार का खुलासा करने के कारण अपनी जान गंवानी पड़ी। ज्ञापन में मुकेश चन्द्राकर के परिजनों को 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने, हत्याकाण्ड की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने और इस मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग की गयी है। वरिष्ठ पत्रकार कमर हसनैन दीपू ने कहा कि जब पूरा देश नया साल मना रहा था तो हम सब पत्रकार साथी मुकेश चन्द्राकर की हत्या पर शोक में डूबे हुये थे। उन्होंने इस मामले की जल्द जांच के साथ न्याय मिलने की आवश्यकता पर बल दिया। वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त किये और पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर किया। इनमें प्रो0 आषाराम राजकुमार सिंह, कमर हसनैन दीपू, दीपक श्रीवास्तव, रामजी जायसवाल, मंगला प्रसाद तिवारी, अजीत सिंह, बृजेश मिश्रा, हिम्मत बहादुर सिंह, शशि मौर्या, शशिराज सिन्हा, दीपक मिश्रा, रविन्द्र मिश्रा, राजेश मिश्रा, विनय शुक्ल, अरविन्द पटेल, जावेद अहमद, काजू सिंह, देवेन्द्र खरे, बृजेश विश्वकर्मा आदि प्रमुख थे।

## ट्रेलर से कुचलकर पिता-पुत्री की मौत

मीरजापुर । थाना चुनार क्षेत्र के कुबा खुर्द ग्रामसभा के तरंगा पहाड़ी पर पानी टंकी के पास मोड़ पर ट्रेलर से कुचलकर पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। थोड़ी देर में पुत्री की मौके पर ही मौत हो गई। पिता को इलाज के लिए चचेरी मोड़ अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताते हैं कि वाराणसी के सारनाथ के पतेरवां गांव निवासी जवाहिर 40 वर्ष अपनी पुत्र जया 12 वर्ष के साथ स्कूटी से अपने ससुराल राजगढ़ जा रहे थे। रास्ते में चुनार थाना क्षेत्र के कुबा खुर्द ग्रामसभा के तरंगा पहाड़ी पर पानी के टंकी के पास मोड़ पर पहुंचे थे, उसी बीच पीछे से आ रहे ट्रेलर ने स्कूटी में टक्कर मार दिया। इस घटना में पिता-पुत्री सड़क पर गिर गए और ट्रेलर उनको कुचलते हुए आगे निकल गया। घटना के बाद वहां भीड़ जुट गई और लोगों ने सूचना एंबुलेंस और पुलिस को दी। तब तक ट्रेलर से कुचलकर गंभीर रूप से घायल जया की मौके पर ही मौत हो गई। घायल पिता जवाहिर को इलाज के लिए चेचरी मोड़ सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## क्लोन बनाकर खाते से पैसा निकालने वाले दो गिरफ्तार

आजमगढ़। जिले के सिधारी थाने की पुलिस ने बायोमेट्रिक की मदद से आधार नंबर व अंगूठे का फर्जी क्लोन बनाकर दूसरों के खाते से पैसा निकालने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने उपकरण और नगदी बरामद किया सिधारी थाने की पुलिस को चार जनवरी को सूचना मिली कि कुछ लोग जो बायोमेट्रिक की मदद से आधार नंबर एवं अंगूठे का फर्जी क्लोन का प्रयोग करके दूसरों के खाते से पैसा निकाल लेते हैं, रेलवे क्रासिंग मूसेपुर के पास खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और महराजगंज थाना क्षेत्र के नौबरार त्रिपुरारपुर खालसा गांव निवासी संजय कुमार व अनुराग सिंह निवासी संजय कालोनी, सेक्टर 23, गली नंबर 39, निकट राजेंद्र चैक, फरीदाबाद (हरियाणा) को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से तीन मोबाइल फोन, एक लैपटॉप,पांच अंगुष्ठ चिन्ह क्लोन, एक यूएसबी बायोमैट्रिक मशीन, एक टाइप सी बायोमैट्रिक मशीन (मोबाइल से कनेक्ट करने वाला), 23 बंद लिफाफा सिमकार्ड, दो सिमकार्ड खुला हुआ, तीन कूटरचित आधार कार्ड व 16740 रुपये नगद बरामद किया गया है. । इनमें से एक आजमगढ़ जिले के थाना महाराजगंज क्षेत्र का रहने वाला है तो दूसरा फरीदाबाद हरियाणा का रहने वाला है. इन लोगों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया है तथा मामले की जांच की जा रही है. इसमें जो लोग लिप्त होंगे उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

## यूपीआरटीओयू में नए सत्र का नामांकन शुरू

आजमगढ़। उप्र राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में जनवरी सत्र के नामांकन का आगाज हो चुका है। इस बावत उप्र राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के आजमगढ़ मंडल के क्षेत्रीय समन्वयक डा प्रेम प्रकाश कुशवाहा ने बताया है कि इस ओपेन विश्वविद्यालय के माध्यम से शिक्षार्थी अपने व्यवसायिक दायित्वों के साथ-साथ शिक्षा भी ग्रहण कर सकते है। इसके माध्यम से जनवरी सत्र में कुल 13 स्नातक विषय, 23 स्नाकोत्तर विषय, 53 सटिफिकेट एवं 14 जागरुकता कार्यक्रम कोसेर्ज का नामांकन शुरू किया गया है। मंडलीय समन्वयक डा कुशवाहा ने आगे बताया कि आजमगढ़ मण्डल के तीनो जिले आजमगढ़, मऊ एवं बलिया के अन्तर्गत कुल 185 महाविद्यालयों के माध्यम से मंडल में गुणवत्तापूर्ण एवं व्यवसायिक शिक्षा देकर नित्य नये रोजगार के अवसर सृजन करने में यह विवि महती भूमिका निर्वाह कर रही है। डा. कुशवाहा ने कहा कि सभी शिक्षार्थी क्षेत्रीय केन्द्र आजमगढ़ से भी विभिन्न कोर्सेज में नामाकंन करा सकते है तथा अपनी कौशल एवं रोजगार के नये द्वार को प्राप्त कर सकते है। समस्त जानकारी के लिए विभिन्न कोर्सेज में नामाकंन प्रक्रिया व अन्य समस्याओं के लिए शिक्षार्थी सहायता मोबाइल 7525048041 व क्षेत्रीय केन्द्र, बेलइसा सलारपुर रोड, आजमगढ़.पर सम्पर्क कर सकते है।

## पत्रकार भवन में की गयी श्रद्धांजलि सभा

जौनपुर। जिला प्रशासन को ज्ञापन देने के बाद सभी पत्रकार कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित पत्रकार भवन में श्रद्धांजलि सभा किया। इस मौके पर उपस्थित



सभी लोगों ने नम आंखों से मुकेश जी को याद किया। साथ ही श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये छत्तीसगढ़ एवं भारत सरकार से मांग किया कि हत्यारों को फांसी देने की पहल करें और मृतक के परिजन को 1 करोड़ का मुआवजा देते हुये परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाय। जानकारी होने पर कलेक्ट्रेट पहुंचे पूर्व सांसद श्याम सिंह यादव, सपा नेता राहुल त्रिपाठी सहित तमाम राजनीतिज्ञों ने मृतक के आत्मा की शान्ति के लिये ईश्वर से प्रार्थना किया। साथ ही हत्यारों को फांसी देने के लिये सरकार से मांग भी किया।

## पीएम विश्वकर्मा योजना में 250 लोगों को मिलेगा लाभ

जौनपुर ।मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना एवं पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम की अध्यक्षता मे विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का शुभारम्भ 24 जनवरी को यूपी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा किया जाना है उक्त योजना के अन्तर्गत जनपद को 250 का लक्ष्य प्राप्त किया जाना है जिसके आवेदन हेतु मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रधानाचार्य, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी को अधिक से अधिक आवेदन कराने एवं जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक को आरसेटी के माध्यम से अधिक से अधिक आवेदन कराने एवं प्राप्त आवेदन को तत्काल वितरित करने के निर्देश दिये गये तथा पीएम विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत द्वितीय स्तर पर लम्बित आवेदनों को समस्त खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा सत्यापन कराते हुए उपायुक्त उद्योग को अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। उपायुक्त उद्योग, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीआईओएस कार्यालय में भ्रष्टाचार की जांच करेगा दल

जौनपुर। शिक्षक संघ के प्रदेश संरक्षक रमेश सिंह, प्रान्तीय उपाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह, प्रान्तीय मंत्री डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव की अगुवाई में जनपदीय पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मिलकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचारों और दलालों की सक्रीयता को लेकर शिकायत की। जिलाधिकारी द्वारा तत्काल उक्त का संज्ञान लेते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक, वित्त एवं लेखाधिकारी, लेखाकार तथा वेतन सहायक राजेश को जिलाधिकारी कार्यालय बुलाया गया और पी.डी. एवं कोतवाल को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में छापा मारने हेतु निर्देशित किया गया। रमेश सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि तदर्थ शिक्षकों के वेतन भुगतान हेतु 1.5 लाख रुपये की वसूली की जा रही है और दलालो द्वारा 1 लाख रुपये जिला विद्यालय निरीक्षक को देकर 50 हजार रुपये स्वयं रख लिया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचारो की जांच हेतु त्रिसदस्यीय समिति का गठन किया गया। जिसमें मुख्य कोषाधिकारी, डायट प्राचार्य तथा पी.डी. शामिल हैं। जिन्हें एक सप्ताह में जांच कर अपनी आख्या जिलाधिकारी को उपलब्ध करानी है। जिलाधिकारी ने जांच समिति के सदस्यों से कहा कि इस विषय में संघ के पदाधिकारियों को बुलाकर उनकी शिकायतों तथा उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रकरणों की जांच अवश्य की जाय तथा निष्पक्ष जांच उपलब्ध करायी जाय। जो भी दोषी होगा उसके विरुध्द कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जिलाध्यक्ष तेरस यादव, अतुल कुमार सिंह, राजेश सिंह, दयाशंकर यादव, गजाधर राय, संतोष कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## 27 अधिवक्ता उम्मीदवारों ने किया नामांकन

जौनपुर। कलेक्ट्रेट अधिवक्ता समिति के चुनाव में पहले दिन को विभिन्न पदों के लिए 27 उम्मीदवारों ने नामांकन किया। अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवारों ने दावेदारी की है। नौ जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी और नाम वापसी 10 को होगी। मतदान 28 जनवरी को होगा। कुल 18 पदाधिकारियों का चयन होना है। मुख्य चुनाव अधिकारी माताफेर सिंह और सदस्य संजीव यादव ने बताया कि अध्यक्ष पद पर घनश्याम सिंह, बृजेश यादव, राजेंद्रनाथ शुक्ला, उपाध्यक्ष पद के लिए मेंहदी रजा, राजकुमार निषाद, शैलेंद्र यादव, राज मूर्ति शर्मा ने नामांकन किया। महामंत्री पद पर हरिश्चंद्र पांडेय, यशवंत यादव, शैलेंद्र यादव, राजीव सिन्हा, सौरव वर्मा, मनोज मिश्रा, राजेश यादव, बृजमोहन शुक्ला ने नामांकन किया। संयुक्त मंत्री पद पर अमरेश पांडेय, वीरेंद्र सिंह, हीरामणि यादव, विद्या देवी, कोषाध्यक्ष पद पर भूलेंदर सिंह यादव, राजबहादुर गौतम, लेखा निरीक्षक पद पर शशांक शेखर तिवारी, अजय प्रजापति, वरिष्ठ सदस्य के लिए चंद्रेश यादव, मनोज यादव, हरिकेश यादव, विकास यादव, संतोष यादव, वीरेंद्र कुमार ने नामांकन किया। कनिष्ठ सदस्य के लिए सर्वेश गौतम, अंकेश यादव, रोशन सिंह, योगेश राव, दीपक, उग्रसेन यादव ने पर्चा भरा।

संक्षेप

## एस पी ने दो अभियुक्तों पर 25-25 हजार के इनाम की घोषणा की

**देवरिया** । पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा अपराध नियंत्रण और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के क्रम में, दो अभियुक्तों जो सगे भाई हैं पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। ये अभियुक्त गंभीर आपराधिक मामले में वांछित हैं।पुलिस अधीक्षक ने मुकेश यादव पुत्र राजमंगल यादव उर्फ नेउर यादव

निवासी रुस्तम बहियारी थाना बनकटा जनपद देवरिया जिसपर थाना बनकटा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 39/2024 धारा 302, 201,120(बी) में वांछित अभियुक्त है जो लंबे समय से फरार है। दूसराअभियुक्त राकेश यादव पुत्र राजमंगल यादव उर्फ नेउर यादवनिवासी रुस्तम बहियारी थाना बनकटा थाना बनकटा के विरुद्ध पंजीकृत मु0अ0सं0 39/2024 धारा 302, 201,120(बी) में वांछित अभियुक्त है जो लंबे समय से फरार है। देवरिया पुलिस आम जनता से अपील करती है कि यदि कोई इन अभियुक्तों को पकड़ेगा या पकड़वाने के लिए पुलिस को सही सूचना देगा तो उसे इन अपराधियों के साथ अंकित इनामी धनराशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

## गौशाला में गोवंशों की मौत, जिम्मेदारों पर की कार्रवाई

**आंवला, बरेली।** देहात के अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव अंतपुर स्थित भोजपुर मढी गौशाला में ठंड से ठिठुर कर गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई थी। गोवंशीय पशुओं की मौत हो जाने पर विश्व हिन्दू परिषद आदि संगठनों के लोग मौके पर पहुंच गए और गौवंशीय पशुओं की मौत पर नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन करने लगे।रात्रि में ही नायाब तहसीलदार व एसडीएम एन राम भी मौके पर पहुंच गए और प्रदर्शन करने वाले लोगों को समझाने का प्रयास किया।लेकिन लोग नहीं माने। वह लोग स्थानीय अधिकारियों की लापरवाही से गोवंशीय पशुओं की मौत होने का आरोप लगाते हुए डीएम को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे।हंगामा न थमने पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार बुधवार सुबह गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्हें अव्यवस्थाएं मिली।

# व्यवसायी ने खुद रची लूट की कहानी

जिला संवाददाता(vol)




**कुशीनगर।** जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के नेबुआ नौरंगिया-पडरौना मार्ग पर ढोरही फार्म के पास बीते मंगलवार की सुबह हुई लूट की घटना फर्जी साबित हुई। मामले की जांच के बाद पुलिस ने बताया कि व्यापारी आर्थिक तंगी से परेशान होकर

- पुलिस ने फर्जी लूट कांड का किया खुलासा, भेजा जेल

लूट की झूठी कहानी रची थी।पुलिस ने बताया कि कृष्ण मुरारी सिंह पुत्र सिहासन सिंह ग्राम लिलाधर छपरा थाना नेबुआ नौरंगिया द्वारा पारिवारिक व आर्थिक तंगी से परेशान होकर लूट की घटना की फर्जी सूचना फैलायी गई थी।

कृष्णा सिंह द्वारा सूचना दिया गया था कि वे बाइक से कोरियर कम्पनी मिशो का कैश व लैपटाप लेकर कार्यालय पडरौना जा रहे थे कि रास्ते में तीन कार सवार अज्ञात बदमाशों द्वारा 04 लाख, 68 हजार रुपये व लैपटाप आदि लेकर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस कप्तान द्वारा घटना के अनावरण हेतु पुलिस की टीमों का गठन किया गया।

गठित टीमों द्वारा साक्ष्य संकलन व पूछ-ताछ में यह बात प्रकाश में आया कि वादी ने ही आर्थिक तंगी से परेशान होकर लूट की झूठी कहानी रची थी। लैपटाप व पर्स पुलिस ने वादी के घर से बरामद कर लिया। पुलिस ने झूठी लूट की घटना का खुलासा करते वादी को जेल भेजा।

## बीच रास्ते से एंबुलेंस कर्मियों ने मरीज को वापस लाया, वीडियो वॉयरल

**कुशीनगर।** जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक एम्बुलेंस कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई है। सड़क हादसे में घायल एक व्यक्ति को जिला अस्पताल ले जाने के बजाय एंबुलेंस कर्मियों ने आधे रास्ते से ही वापस

- दुदही क्षेत्र के दशहवा गांव का मामला

लाकर मरीज को उतार दिया। मरीज के तीमारदारों की दुहाई के बाद भी एंबुलेंस कर्मी नहीं पसीजे। इस कृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। बता दें कि सरकार आम लोगों की तत्काल सेवा उपलब्ध कराने के लिए निःशुल्क 108, 102 एम्बुलेंस चला रही है ताकि घटना दुर्घटना, प्रसव, या अन्य कोई मामला हो लोग एंबुलेंस का सहारा ले सके। लेकिन एंबुलेंस कर्मचारियों की मनमानी व लापरवाही के कारण सरकार की निःशुल्क एंबुलेंस सेवा लोगों को नहीं मिल पा रही है। ऐसा ही एक मामला कुशीनगर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुदही पर तैनात 108 एंबुलेंस कर्मचारियों की सामने आया है। दुदही क्षेत्र के दशहवा गांव निवासी एक व्यक्ति सड़क हादसे में घायल हो गया था। परिजन सीएचसी लाए, जहां से हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन 108 नंबर एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में एंबुलेंस कर्मी को परिजन कुछ जानकारी लेना चाहे जिसपर एंबुलेंस कर्मी भड़क गए और परिजनों को डांटने लगे और एंबुलेंस बीच रास्ते में लेजाकर रोक दिया। उधर मरीज जीवन और मौत से जूझ रहा था। परिजन एंबुलेंस कर्मचारियों से गुहार लगाने लगे लेकिन लापरवाह कर्मचारी नजर अंदाज करते रहे। आखिरकार मरीज को जिला अस्पताल न ले जाकर 15 किमी दूर से पुनः सीएचसी दुदही वापस लाकर उतार दिया। तीमारदारों की गुहार के बाद भी लापरवाह एंबुलेंस कर्मचारियों की संवेदना नहीं जगी। इसका वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया। वीडियो वायरल होने के बाद जिम्मेदार जांच में जुट गए।

## अध्यक्ष ने सफाई कर्मियों में बांटा कम्बल



**कुशीनगर।** नगर पालिका परिषद कुशीनगर की अध्यक्ष श्रीमती किरन जायसवाल और नगर की अधिशासी अधिकारी अंकिता शुक्ला द्वारा कड़ाके की पड रही ठंड को देखते हुए नगर में कार्यरत 200 सफाई कर्मियों को कम्बल वितरित किया गया।बुधवार को नपाप कुशीनगर के कार्यालय में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाप अध्यक्ष श्रीमती किरन जायसवाल ने कहा कि नगर को स्वच्छ और सुन्दर रखने में निकाय के सफाई मित्रों का सराहनीय योगदान है।ठंड से बचाव को लेकर इंतजाम किए गए हैं। नगर और वार्डों में अलाव की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम का संचालन सफाई प्रभारी श्रवण कुमार तिवारी ने किया। महिला सफाई मित्र ममता, रिंकी देवी, कंचन, इंद्रावती देवी, अनिता पाल, पुरुष सफाई मित्र उपेन्द्र, अकबर, प्रमोद दीपक आदि सहित दो सौ को कम्बल दिया गया। इस दौरान प्रभारी लिपिक राजेश श्रीवास्तव सहित नपाप कर्मी मौजूद रहे।

## सिटी कार बरामद, तीन गिरफ्तार

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुरमौटा घूरी गांव के समीप पोखरे के पास से मंगलवार को पुलिस ने चोरी की एक चार पहिया को बरामद करते हुए तीन युवकों को असलहा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हाथ लगी है। बताया गया है कि थाना भटनी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम कुरमौटा घुरी के पोखरे के पास से चोरी की एक होन्डा सिटी कार व एक अदद तमंचा 315 बोर के साथ विशाल यादव पुत्र रवि प्रताप यादव निवासी घाटी (गरबैसी टोला) थाना भटनी, गोलू राजभर पुत्र भोला राजभर निवासी सरैया थाना बरियारपुर व विशाल राजभर पुत्र अम्रपाल राजभर निवासी सरैया थाना बरियारपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा बरामद होन्डा सिटी कार के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर गिरफ्तार युवकों द्वारा बताया कि होन्डा सिटी कार उन लोगों द्वारा 3 जनवरी 2025 को रुद्रपुर मोड़ के लक्ष्मी नारायण मन्दिर (देवरिया) के पास से चोरी किया गया था। पुलिस टीम द्वारा विशाल यादव उपरोक्त के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर बरामद हुआ। नबरामद हुई होन्डा सिटी कार के गुम होने के सम्बन्ध में कोतवाली देवरिया में मु0अ0सं0 -19/25 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत है । पुलिस टीम द्वारा चोरी की होन्डा सिटी कार, तमन्चा को कब्जे में लेते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस की इस सफलता में व०उ०नि अश्वनी कुमार प्रधान थाना प्रभारी थाना भटनी, उ०नि० सत्य प्रकाश दूबे थाना भटनी सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## जिले में पीएमएवाई-जी सर्वे प्रारंभ

जिला संवाददाता(vol)

कुशीनगर। मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्तमान में आवास विहीन परिवारों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराये जाने के लिए पीएमएवाई-जी सर्वे 2024 प्रारम्भ किया गया है। जिले में

- आवास विहीन परिवारों का मोबाईल ऐप के माध्यम से होगा सर्वेक्षण
- सर्वे कराने में सीडीओ ने जन सामान्य से किया सहयोग की अपील

आवास विहीन परिवारों का मोबाईल एप के माध्यम से सर्वे हेतु कुल 341 सर्वेयर का रजिस्ट्रेशन आवास साफ्ट पर कराया गया है।

उल्लेखनीय है कि पीएमएवाई-जी सर्वे 2024 उपर्युक्त सर्वेयर के अतिरिक्त पात्र परिवार द्वारा अपने परिवार का स्वयं सर्वे किए जाने की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। इस प्रकार सर्वे 2024 में प्रत्येक पात्र परिवारों के सर्वे में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी तथा पात्र परिवार सर्वे से वंचित भी नहीं होगें। 07 जनवरी से पात्र परिवारों का सर्वेक्षण प्रारम्भ करा दिया गया है। आगे बताया कि पीएमएवाई-जी सर्वे 2024 मोबाईल एप के माध्यम से सर्वेयर तथा लाभार्थी द्वारा स्वयं व प्रतिनिधि के माध्यम से सर्वे किया जायेगा।

सर्वेयर द्वारा मोबाईल एप पर सर्वप्रथम आधार संख्या के द्वारा ई-केवाईसी किया जायेगा, जिसमें सर्वेयर का फेस एथेंटिकेशन भी होगा। एक सर्वेयर के द्वारा अधिकतम 03 गाँवों का ही सर्वे किया जायेगा।

सर्वेयर की भाँति लाभार्थी द्वारा स्वयं या प्रतिनिधि का ई- केवाईसी कर सर्वे किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त जन-सामान्य से अनुरोध किया है कि पात्र परिवारों को सर्वे कराने हेतु सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें। जिससे जिले के सभी पात्र परिवार योजना से लाभान्वित हो सके।

# मौसम में आये बदलाव के बाद ठंड ने बढ़ाई मुश्किलें, नहीं जल रहे अलाव

**कुशीनगर।** जिले में सर्द हवाओं के चलते मौसम में आए बदलाव के बाद ठंड के तेवर तीखे होते जा रहे है। भारी गलन व ठंड से लोग कांपने लगे है। सबसे ज्यादा समस्या खुले स्थानो पर रहने वाले लोगों को हो रही है। वे अलाव के सहारे ठंड से बचने का प्रयास कर रहे है। लेकिन नगर पालिका परिषद कुशीनगर द्वारा अलाव का व्यवस्था न किए जाने से जहां स्थानीय लोग ठिठुरने को मजबूर है, वही राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही कमोवेश स्थिति जिल के अन्य निकायों में भी है।

गौरतलब हो कि बुधवार की सुबह जहां बफीर्ली हवाओं के बीच जान लेवा गलन रही।वहीं दोपहर में सूरज की एक चमक ने आम लोगों को थोड़ी राहत पहुंचाई। चेहरों पर धूप पड़ी तो मुस्कान भी तैर गई। हालांकि सूर्य और बादल के बीच लुका छिपी का खेल चलता रहा। 03:00 बजते ही सूरज बदलो में छिप गया और हवा के चलते



लोग कंपकंपाते नजर आए। लोगों ने सर्दी से बचाव को लेकर निजी अलाव, जैसे टायर, गत्ता, कूड़ा आदि का सहारा लिया।

घरों में हीटर, ब्लोअर आदि के सहारे सर्दी दूर की। शाम होते होते शहर की सड़कें सूनी हो गई। कोहरे की धुंध छाई रही। ठंड से बचाव को लेकर नगर पालिका व जिला प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं देखी जा रही है। कसया नगर के गांधी चौक को छोड़ दिया जाए तो नगर के प्रमुख स्थानों पर न तो अलाव जल रहे है, और ना ही शत-प्रतिशत जरूरतमंदों को कंबल बांटा गया है। नगर पालिका परिषद हाटा, पडरौना, नगर पंचायत कप्तानगंज, मथौली, फाजिलनगर, तमकुही राज सहित अन्य निकायों के प्रमुख चौराहे व स्थलों पर अलाव की व्यवस्था न होने से लोग ठिठुरते नजर आ रहे हैं।

ग्रामीण इलाकों में बुजुर्ग सहित युवा वर्ग तक अलाव के इर्द-गिर्द नजर आ रहे हैं। नगर में जगह-जगह रिक्शा चालक और गरीब ठंड से बचाव करते नजर आए।

## प्रोफाइल लॉक और डाटा अग्रसारण छात्रवृत्ति के लिए अनिवार्य

**देवरिया।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार जनपद के सभी दशमोत्तर शिक्षण संस्थानों (कक्षा 11-12 को छोड़कर) के प्राचार्य/प्रधानाचार्य/नोडल अधिकारी छात्रवृत्ति को अवगत कराया है कि जनपद के कुल 207 शिक्षण संस्थानों ने अब तक अपने संस्थान का प्रोफाइल लॉक नहीं किया है। इसके अतिरिक्त, छात्रों द्वारा आवेदन किए गए प्रपत्र बिना किसी कारण संबंधित लॉगिन पर लंबित रखे गए हैं। इस संदर्भ में सभी संबंधित शिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल अपने संस्थान का प्रोफाइल लॉक कराते हुए संबंधित प्रमाणपत्र जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कराएं। यदि प्रोफाइल लॉक और डाटा अग्रसारण की निर्धारित अवधि समाप्त होने के पश्चात कोई पात्र छात्र/छात्रा छात्रवृत्ति लाभ से वंचित रहता है, तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य/नोडल अधिकारी की होगी।

## मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में 14 को बंद रहेगा न्यायालय

**देवरिया ।** जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह ने बताया है कि मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में 14 जनवरी 2025, दिन मंगलवार को जिला न्यायालय देवरिया के सभी न्यायालय एवं कार्यालयों में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। 14 जनवरी को दीवानी न्यायालय देवरिया के समस्त न्यायालय एवं कार्यालय बंद रहेंगे।

## जिले में चलाबैंक चेकिंग अभियान

**देवरिया ।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के सभी थानों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में पड़ने वाले बैंक के साथ-साथ एटीएम एवं ग्राहक सेवा केंद्र तथा पेट्रोल पंप की भी चेकिंग की गयी ।नव वर्ष के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून बनाए रखने हेतु तथा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए श्रीमान- अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुनील कुमार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) दीपेन्द्रनाथ चौधरी के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त सर्किल के क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा टीम बनाकर आज बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसके तहत सभी थानों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में पड़ने वाले बैंक की चेकिंग की गयी ।उक्त बैंक चेकिंग अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद में कानून/शांति व्यवस्था बनाए रखना तथा बैंक की सुरक्षा करना, जनपद में किसी प्रकार की लूट/छिनैती की घटना न हो, किसी भी व्यक्ति के साथ ए.टी.एम में किसी प्रकार की धोखा धड़ी की घटना न हो, पेट्रोल पंप पर किसी प्रकार की घटना न हो, बैंक के आस पास दिख रहे संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी जिससे मोटर साइकिल/वाहन चोरी की घटनाएं न हो ।

# जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लगायी गयी प्रदर्शनी

### तीन दिनों तक चलने वाली प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को किया जायेगा जागरूक

जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों एवं विकास कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार को लेकर ब्लॉक परिसर विशुनपुरा में सूचना विभाग द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ खण्ड

- जनपद के विकास खण्ड विशुनपुरा परिसर में लगी प्रदर्शनी

विकास अधिकारी सुशील कुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रदर्शनी में केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को चित्र के माध्यम से प्रदर्शनी को लोगों ने देखा। खंड विकास कार्यालय विशुनपुरा के प्रांगण में सरकार के विभिन्न योजनाओं से संबंधित पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रदर्शनी




का उद्देश्य सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचना है।

प्रदर्शनी के मुख्य गेट पर ही काशी और मथुरा की लोक संस्कृति तथा विकास को दशार्ता सुंदर तस्वीर लगाई गई है, इसके अलावा कृषि, चिकित्सा, शिक्षा, रक्षा उपकरणों में आत्मनिर्भरता ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण, महाकुंभ दीपोत्सव, किसानों के गन्ने का मूल्य भुगतान, 18 मंडलों में आवासीय विद्यालय का निर्माण, स्वरोजगार से स्वालंबन, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, घरों में बिजली कनेक्शन, गन्ना, चीनी, आलू, दूध एवं आंवला उत्पादन में अग्रणी, आधुनिक एवं अलौकिक श्री राम नगरी अयोध्या, पात्र लोगों को राशन उपलब्ध कराना आदि योजनाओं का आंकड़ा सहित पोस्टरो के माध्यम से प्रदर्शनी लगाई गई है। खण्ड विकास अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विकासखंड के समस्त ग्रामों के ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत तथा जनता तक सरकार द्वारा संचालित समस्त जन कल्याणार्थ योजनाओं के बारे में जानकारी देनी है, उन तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करनी है। प्रदर्शनी के माध्यम से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आवास, स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को रोजगार, गरीब परिवार की महिलाओं को गैस कनेक्शन सहित कई जनकल्याणकारी कार्यों योजनाओं से आमजन को बताया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मठिया प्रसिद्ध तिवारी अरविन्द चौधरी, चिरगोड़ा प्रधान उदयभान मद्देशिया, राजेन्द्र यादव, सुनील पाण्डेय, आनन्द पाण्डेय, ग्राम प्रधान अखतर अंसारी आदि उपस्थित रहे।

## अनुशासनहीनता में आधा दर्जन पुलिसकर्मी निलंबित

**देवरिया ।** पुलिस अधीक्षक देवरिया, ने जनपद के पुलिस लाइन सहित विभिन्न थानों पर तैनात 06 पुलिस कर्मियों क्रमशः.मु0आ0 लल्लन सिंह पुलिस लाइन, मु0आ0 सुगन्ध चौहान पुलिस लाइन, आरक्षी शिवम उपाध्याय पुलिस लाइन,.मु0आ0 हरिशंकर यादव थाना मईल, महिला आरक्षी प्रियंका उपाध्याय थाना मईल और फालोवर संजय दिवाकर पुलिस लाइन को लंबे समय से गैरहाजिर रहने एवं अनुशासनहीनता के गंभीर मामलों में निलंबित कर दिया है।इन कर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच आरंभ कर दी गई है, ताकि इस प्रकार की लापरवाहियों पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जा सके। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि अनुशासनहीनता और कर्तव्य के प्रति लापरवाही को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।श्री विक्रांत वीर ने कहा, ह्लपुलिस विभाग में अनुशासन और जवाबदेही प्राथमिकता है। इस कार्रवाई का उद्देश्य न केवल संबंधित कर्मचारियों में सुधार लाना है, बल्कि सभी को यह संदेश देना है कि कर्तव्यपालन में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

## कमिश्नरी बार एसोसिएशन के चुनाव में अनुराग सक्सेना अध्यक्ष

**बरेली।** कमिश्नरी बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर अनुराग सक्सैना एडवोकेट को निर्वाचित घोषित किया गया। कड़े मुकाबले में अनुराग सक्सेना को 17 मत मिले जब कि सीमा दीक्षित को 13 वोट ही मिले। चुनाव अधिकारी योगेश चरन जौहरी और अरविंद भटनागर ने चुनाव परिणाम घोषित किया। ज्ञात रहे की उपाध्यक्ष डी पी सिंह, सचिव सुधीर कुमार रस्तोगी, कोषाध्यक्ष मुनेंद्र सिंह, संयुक्त सचिव अतुल यादव और राजेश कुमार श्रीवास्तव के साथ ही कार्यकारिणी सदस्य नीलम शर्मा, सुरेश पाल सिंह राठौर, रामकृष्ण मिश्रा और मनोज तिवारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। एल्डर कमेटी के चेयरमैन पीसी सहगल ने जानकारी दी की नई कमेटी 15 जनवरी को कार्यभार ग्रहण करेगी।

## निः शुल्क चाय वितरण कैम्प



**नगीना, बिजनौर।** ऑल इंडिया पायामय इंसानियत यूनिट नगीना की तरफ से नगीना रोडवेज बस स्टैंड पर एक कैंप निःशुल्क चाय वितरण का लगाया गया जिसमें आने जाने वाले राहगीरों को बसों में थ्री व्हीलर फोर व्हीलर बाइक वगैरह में इस ठंड में गरम-गरम चाय पिलाकर कुछ राहत देने का काम किया गया। समाजसेवी तंजील आलम इस मौके पर बताया कि यूनिट का का मकसद लोगों की सेवा करना आपस में प्यार मोहब्बत बढ़ाना होता। उन्होंने बताया कि यह काम आगे भी जारी रहेगा है इससे पहले भी ऑल इंडिया पायामय इंसानियत यूनिट नगीना की तरफ से फ्री कंबल वितरण का प्रोग्राम हुआ था तथा गर्म कपड़े शॉल वगैरा भी लोगों में वितरण किया गया है। इसी कड़ी में आज फ्री चाय पिलाने का काम किया गया जिसमें लोगों ने इस ठंड में गरम-गरम चाय पीकर ऑल इंडिया पायामय इंसानियत यूनिट नगीना के लोगों को दिल से दुआएं दी। इस मौके पर मौलाना मौ0 आमिर, मौ0 जुनेद, मौ0 नवेद, अरहम खान, जैद अंसार, अरबाज, उबैद आदि ने हिस्सा लिया।

## दिव्यांग जनों में भी छिपी होती है एक अद्भुत शक्ति : शशांक मणि

**देवरिया ।** शहर के राजकीय इंटर कॉलेज में दिव्यांग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु समेकित शिक्षा के अंतर्गत खेल कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के अंतर्गत दिव्यांग विद्यार्थियों के बीच ट्राई साइकिल दौड़ प्रतियोगिता को सदर सांसद शशांक मणि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । इस दौरान विविध प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया । विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया ।विद्यालय के ही छात्र अमृत कुमार द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत किया गया ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि राजकीय इंटर कालेज हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है । उन्होंने कहा कि विकसित भारत में दिव्यांग जनो को आगे बढ़ाने के लिए हमें प्रयास करना होगा ।देवरिया और कुशीनगर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है हमारे ये दिव्यांग छात्र किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं हैं ।दिव्यांग जनों में एक अद्भुत शक्ति होती है जिसकी पहचान कर हमे उनके उत्थान के लिए आगे आना होगा ।खेल कूद के क्षेत्र में दिव्यागों को आगे बढ़ाने के लिए युवा मामले और खेल मंत्रालय ने विकलांग व्यक्तियों सहित समाज के सभी वर्गों के बीच खेलों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण रअक की स्थापना की। रअक विकलांग एथलीटों के लिए प्रशिक्षण, कोचिंग और धन मुहैया कराता है और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है।

उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से दिव्यांग छात्रों की प्रतिभा का विकास होगा ।इस दौरान राजकीय इंटर कालेज के प्राचार्य रामकिंकर मिश्रा, महाराजा अग्रसेन बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या गीता कुमारी, सह जिला विद्यालय निरीक्षक आर एन भारती, डा अभय दिवेदी, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, प्रभाकर तिवारी, दिवाकर मिश्रा, डा अजय पांडे, सुधीर श्रीवास्तव रत्नेश्वर गर्ग सहित विद्यालय के अध्यापक और छात्र छात्राएं मौजूद रहे ।

# एकमुश्त समाधान योजना का दूसरा चरण 15 तक

### बकायेदारों से राजस्व जमा कराने के लिए घर-घर भ्रमण कर रही है बिजली विभाग की टीम

जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर।** बिजली के बकाया बिलों की वसूली के लिए शुरू की गई एकमुश्त समाधान योजना का दूसरा चरण पहली जनवरी से शुरू हो गया है जो 15 जनवरी तक चलाया जाएगा। तीन चरणों में लागू की गई योजना का पहला चरण 31 दिसंबर को समाप्त

- राजस्व वसूली व विद्युत बिल सुधार के लिए लगा कैंप

हुआ था। योजना के तहत उपभोक्ताओं को बकाया बिल जमा करने के लिए एकमुश्त राशि जमा करने के साथ-साथ किस्तों में भी भुगतान की सुविधा दी जा रही है।गौरतलब हो कि प्रदेश में एकमुश्त समाधान योजना का पहला चरण पूरा होने के पश्चात 1 जनवरी से 15 जनवरी तक दूसरे चरण की एकमुश्त समाधान योजना शुरू हो गयी है। इसके तहत एक किलोवाट भार तक तथा पांच हजार रुपये के मूल बकाये पर घरेलू उपभोक्ताओं को योजना के द्वितीय चरण में विलंबित बिलों के एकमुश्त भुगतान पर सरचार्ज में सर्वाधिक 80 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। किश्तों में भुगतान पर 65 प्रतिशत की छूट मिलेगी। जनपद के बिजली बिल के बकाएदारों से राजस्व जमा कराने के लिए अधिशासी अभियंता संजय सागर, उपखंड अधिकारी शशिकांत गुप्ता, अवर अभियंता शुभम गौड व दिलीप कुमार के नेतृत्व मे टीम द्वारा पडरौना व दुदही क्षेत्र मे घर-घर भ्रमण कर कैंप लगाकर योजना का लाभ व समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। कहना ना होगा कि बिजली बिल के बकाएदारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सरकार ने 15 दिसंबर से एकमुश्त समाधान योजना की शुरूआत की है। योजना का पहला चरण 31 दिसंबर तक चला, अब एक जनवरी से दूसरा चरण शुरू हो गया है, जो 15 जनवरी तक चलेगा।

### कटनरवार रोड और मोहनपट्टी में लगा कैम्प

8 जनवरी को पडरौना क्षेत्र के अंतर्गत कटनरवार रोड, व दुदही क्षेत्र के मोहनपट्टी ग्राम में कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 85 उपभोक्ताओं को योजना का लाभ पहुंचाते हुए पंजीकरण कराया गया। इस दौरान कैंपों में कुल छह लाख रुपये राजस्व जमा कराया गया तथा 60 बडे बकायेदार जिन पर लगभग 30 लाख रुपये का बकाया था उन उपभोक्ताओं का विद्युत आपूर्ति विक्षेदन भी किया गया।

### दर्ज किया जायेगा मुकदमा

विभाग बकाये बिल भुगतान मे जिन उपभोक्ता विद्युत कनेक्शन काटा गया है उन्हें विभाग ने सख्त निर्देश दिया है कि भविष्य में बिना विद्युत बिल जमा किए विद्युत प्रयोग करते पाए जाते है तो इनके ऊपर विभागीय कारवाही के साथ मुकदमा भी दर्ज कराया

### अवर अभियंता बोले

बिजली विभाग के अवर अभियंता शुभम गौंड ने कहा कि जिन उपभोक्ता को अपना बिल गलत लग रहा है या बिल से संबंधित कोई भी समस्या हो तो वह मीटर रीडिंग की वीडियो ग्राफी लेकर पडरौना उपकेंद्र अथवा कैंपों उपस्थित होकर अपनी समस्या का समाधान व योजना के अंतर्गत चल रही छूट का लाभ प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि योजना सीमित समय तक है। अवर अभियंता ने उपभोक्ता को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

## निधन पर भाजपा ने शोक जताया

ललितपुर। भाजपा की एक शोकसभा जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुयी। सभा में चिकित्सा प्रकोष्ठ के पूर्व जिला संयोजक डा.रजनीश समैया के आकस्मिक निधन तथा भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष भगवत दयाल सिन्धी के बड़े भाई किशोर कुमार सिंधी फोटोग्राफर के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त कर दिवंगत पवित्र आत्माओं की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना कर दो मिनिट का मौन रखा गया।

## एसडीएम से की गन्ने की ट्राली वापस करने की मांग

**बहेड़ी, बरेली।** उत्तराखंड ले जाते पकड़ी गई ट्राली को वापस करने की मांग को लेकर किसान साथी किसानों के साथ एसडीएम से मिला। उसने ट्रैक्टर-ट्राली मोबाइल, एटीएम और नगदी दिलाने की मांग की।किसान अंकुर सिंह का कहना था कि गन्ना समिति सचिव सचिव राजीव सेठ ने उसकी गन्ने की ट्राली उत्तराखंड के सितारगंज मार्ग पर पकड़ ली थी। इस मामले किसान अंकुर बुधवार को अन्य किसानों के साथ एसडीएम से मिला और उसने कहा कि उसे पैसों की सख्त जरूरत थी इसीलिए वह अपना गन्ना बेचने ले जा रहा था। जिसे गन्ना समिति सचिव ने सिरसा चौकी पर रोक कर पकड़ लिया। सचिव ने उसकी जेब मे रखे 5 हजार रुपए एटीएम और मोबाइल भी जमा करा लिए। अंकुर ने कहा कि मिल समय से भुगतान नही दे रही है।

संक्षेप

## मारपीट की घटना में पुलिस ने मामला दर्ज किया

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। पीड़िता पूनम शर्मा पत्नी अशोक कुमार शर्मा ने 2 जनवरी को थाना पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए बताया था कि गांव का ही अजीत फौजी अक्सर शराब के नशे में गाली-गलौज करता है। घटना वाले दिन जब इसका विरोध किया गया तो आरोपी ने लात-घूंसों और लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पीड़िता ने इसकी शिकायत थाना पुलिस में दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ मारपीट और अन्य सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत किया है। थाना प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## 4 अपराधियों पर लगा गैंगस्टर एक्ट

सीतापुर। सकरन थाना पुलिस ने सकरन थाना क्षेत्र के ग्राम सिडकिड़ा निवासी रिंकू मिश्रा पुत्र रमाकांत मिश्रा, लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उमरिया कला निवासी पुनीत शुक्ला उर्फ अनुराग शुक्ला पुत्र दीनबन्धु शुक्ला, अंकुर कुमार त्रिवेदी पुत्र श्याम मुरारी त्रिवेदी, लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला काजी टोला निवासी अनुज पुत्र अवधेश शुक्ला के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है। पुलिस ने बताया कि चारों शातिर एवं अभ्यस्त किस्म के अपराधी हैं। जिनके विरुद्ध अपहरण कर हत्या/मारपीट जैसे अपराधों के संबंध में अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्तगण के विरुद्ध गैंग चार्ट अनुमोदित कराकर थाना सकरन पर मु0अ0सं0 09/25 धारा 2/3 उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 पंजीकृत किया गया है। अपराधियों की अपराध से अर्जित सम्पत्ति के सम्बन्ध में सूचना/साक्ष्य संकलित कर जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी। पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगेगा।

## चोरों ने पार किया हजारों का माल

सीतापुर। सकरन थाना क्षेत्र की महाराज बाजार में तालगांव थाना क्षेत्र के धर्मपुर निवासी अनिल कुमार पोरवाल ने बैटरी की दुकान खोल रखी है। मंगलवार की शाम अनिल कुमार दुकान में ताला डालकर घर चले गए। रात्र के किसी पहर में चोरों ने दुकान का तीन सेड काट दिया। जिसके बाद चोर दुकान के अंदर घुस गए। दुकान के अंदर पहुंचकर चोरों ने पांच ई रिक्शा की बैटरी और 10 छोटी बैटरी को चुरा लिया। इसके बाद बैटरी लेकर चोर फरार हो गए। बुधवार के सुबह जब दुकान स्वामी दुकान पंहुचा। तब उसे वारदात की जानकारी हो सकी। दुकान स्वामी के मुताबिक चोर 15 बैटरी चोरी कर ले गए हैं। घटना के संबंध में दुकान स्वामी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ सकराम थाने में तहरीर दी है। घटना के सम्बन्ध में एसओ कृष्ण कुमार ने बताया तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

## अवसर अभियन्ता पर स्टोर से सरिया बेचने का आरोप

मीरजापुर। जनपद के सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता ने मंगलवार को शाम को मड़िहान थाने में तहरीर देकर एक अवर अभियंता पर विरोहिया बीयर स्टोर से 15 क्विंटल सरिया दुकान पर बेचने का आरोप लगाया। तहरीर मिलने पर पुलिस जांच पड़ताल के बाद मुकदमा दर्ज करने की बात कह रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता अंकित कुमार ने तहरीर देकर बताया कि मंगलवार को फोन पर सूचना मिली कि विरोहिया बीयर स्टोर से डीसीएम पर 15 क्विंटल सरिया लोड कर बिकने जा रहा है। जानकारी होने पर बरकछा में वाहन को रोकने का प्रयास किया गया। गाड़ी रोकने पर चालक व अवर अभियंता राम बाबू गुप्ता गाली देते हुए वाहन लेकर भाग गए। उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारियों को सूचना देकर वे मौके पर गए। वहां से अवर अभियंता को फोन किया गया तो उन्होंने कहा कि सरिया बेच दिए हैं, जो करना है कर लें। इसके बाद उन्होंने मड़िहान थाने में तहरीर अवर अभियंता के खिलाफ तहरीर दी। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है। जांच पड़ताल के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में आरोपी अवर अभियंता राम बाबू गुप्ता ने फोन पर बताया कि उन्हें तहरीर और उसमें लगाए गए आरोपों के बारे में जानकारी नहीं है।

# मुख्यमंत्री की मंशा को साकार कर रहे एसडीएम



जिला संवाददाता(vol)

**सुबह से ही फरियादियों की सुनते हैं समस्या, करते हैं त्वरित निदान**

महोली। सीतापुर कड़ाके की ठंड के बावजूद बुधवार को एसडीएम ने तहसील में जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कराया। मुख्यमंत्री की मनसा है कि हर फरियादी को तहसील स्तर पर ही समस्याओं का निस्तारण किया जाए।

सोमवार को सुबह कार्यालय में बैठे उप जिलाधिकारी शशी बिंद द्विवेदी के समक्ष तहसील क्षेत्र के फरियादी खेती-बाड़ी से संबंधित समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी के समक्ष पहुंचे। एसडीएम ने फरियादियों की कुशल क्षेम पूछते हुए कुर्सी पर बैठाया। इसके बाद उनकी समस्याओं को सुना। समस्या के समाधान के लिए संबंधित पटल के कर्मचारियों को बुलाकर त्वरित समाधान करने के लिए निर्देशित किया। एक के बाद एक तकरीबन एक दर्जन से अधिक फरियादी अपनी समस्या के समाधान के लिए। त्वरित संबंधित पटल के कर्मचारियों को समस्या पत्र देकर समाधान के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि किसान अपनी खेती-बाड़ी के कार्य से समय निकालकर अपनी समस्याओं को लेकर आता है। इससे उसके कार्य को लेकर दोबारा आना न पड़े इसे प्राथमिकता के तौर पर लेकर त्वरित निस्तारण कराया जाता है जिससे ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले किसानों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। किसान हित मेरे लिए सर्वोपरि है वही इस समय पीएम किसान निधि पाने वाले किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है। अगर कोई भी किसान जो सम्मान निधि पाते हैं फार्मर रजिस्ट्री नहीं करा सके तो उनकी निधि बंद हो जाएगी।

## भेदभाव किए बिना असहाय लोगों की मदद करें



तम्बौर सीतापुर। मरवह एजुकेशनल फाउंडेशन लखनऊ द्वारा पूर्व मंत्री स्वर्गीय मुख्तार अनीस रिजवी के आवास पर राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन मौलाना अबुल खैर नदवी की देख रेख में किया गया।

हमारा देश एक ऐसा देश है जहाँ सभी धर्मों के लोग प्यार, मोहब्बत, भाईचारे और शिष्टाचार से रहते हैं और इस आपसी भाईचारे को मजबूत करते हुए, वे एक-दूसरे की खुशी और दुःख में मदद करते हैं। उक्त बातें मौलाना मुनाजिरुल इस्लाम नदवी चैयरमैन मरवह एजुकेशनल फाउंडेशन लखनऊ ने तम्बौर में स्वर्गीय मुख्तार अनीस रिजवी के आवास पर राहत सामग्री के वितरण कार्यक्रम के कहीं उन्होंने बताया कि हमारी संस्था बगैर भेद-भाव के असहाय लोगों की सहायता निरन्तर कर रही और इस सर्दी के मौसम में यह कार्य अधिक जरूरी हो जाता है और खास कर समाज के दबे कुचले लोगों की सहायता करना ही सब से बड़ा धर्म है। वही मौलाना अबुल खैर नदवी ने कहा कि मरवाह एजुकेशन फाउंडेशन लखनऊ द्वारा गरीब व बेवा महिलाओं को करीब 600 लोगों को राशन किट दिया गया है उन्होंने यह भी बताया कि हर माह इसी तरह से मरवाह फाउंडेशन गरीबों को। राशन बांटता रहेगा। इस अवसर जहीर अब्बास सपा नेता, सैय्यद रेहान सभासद, जवेद नेता, हबीब सुल्तान, राहत अली, जवेद नसीर, भूरे सिंह, सुधीर सभासद, मेराज सभासद, हमीद सभासद, शिबू सभासद, मौलाना अशफाक, मौलाना उस्मान, नुरआलम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## एसपी ने किया पुलिस चौकियों का उद्घाटन



सीतापुर। बुधवार को एसपी चक्रेश मिश्रा ने महोली कोतवाली क्षेत्र में रेलवे स्टेशन पुलिस चौकी का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसी तरह से एसपी ने महोली कोतवाली क्षेत्र की नेरी पुलिस चौकी का फीता काटकर उद्घाटन किया। एसपी ने इसी क्रम में इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र की तिहाड़ पुलिस चौकी का पिता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नई पुलिस चौकिया के खुलने से कानून व्यवस्था मजबूत होगी, क्षेत्र में सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस की मदद लेने के लिए क्षेत्र के ग्रामीण पुलिस चौकी पर उपस्थित पुलिसकर्मियों से सम्पर्क कर सकते हैं। इस मौके पर एसपी ने यातायात नियमों का पालन करने, साइबर फ्रॉड से बचने हेतु जागरुक करने व सतर्क रहने आदि के संबंध में निर्देश दिये। साथ ही चौकी क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण प्रतिष्ठानों/भीड़भाड़ वाले इलाकों आदि में सीसीटीवी लगवाने अथवा लगे हुए सीसीटीवी को निरंतर क्रियाशील रखने के लिये कहा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर दिनेश कुमार शुक्ल, प्रभारी निरीक्षक महोली विनोद मिश्रा तथा प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एवम् अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## बीजेपी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र लोधी, जिलाप्रतिनिधि कपिल त्रिपाठी घोषित



पुरवा, उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी ने भाजपा मंडल अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधि घोषित किया जिसपर पार्टी के लोगों द्वारा खुशी जाहिर की गई। भाजपा ने पुरवा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार लोधी व जिला प्रतिनिधि कपिल त्रिपाठी को बनाए जाने की घोषणा के बाद स्थानीय लोगो में खुशी की लहर दौड़ गई है। भाजपा नेत्री ममता सिंह, भाजपा नेता उत्तम चंद्र लोधी, प्रेम शंकर लोधी ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। वही संजय त्रिपाठी, सूबेदार गोस्वामी, सौरभ साहू, राज कुमार राजपूत, आदि लोगो ने मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र लोधी व जिला प्रतिनिधि कपिल त्रिपाठी का माला पहनाकर व मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। उक्त दोनों लोगो ने भाजपा को आगे बढ़ाने व पार्टी की रीतियों व नीतियों को जन जन तक पहुंचाने की बात कही।

## सड़क किनारे खड़े ओवरलोड वाहन हादसों को दे रहे दावत



उन्नाव। ओवरलोडिंग पर शासन स्तर पर लगातार सख्त निर्देश दिए जा रहे है। इतना ही नही शासन स्तर पर निर्देश दिए गए थे कि सडक किनारे ओवर लोड वाहन किसी भी सूरत में खडे न हो। संबन्धित अधिकारी इस बात का गंभीरता से ध्यान रखे। जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नही दे रहे है।

बीते साल में सडक हादसों से जान गवाने वालों की संख्या पांच सौ पार हो चुकी है। ओवरलोड वाहन चालक सुधरने का नाम नही ले रहे है। धुंध भरे मौसम में हाइवे किनारे ओवरलोड वाहनों की कतार अक्सर देखने को मिल जाती है। कहने को सडक सुरक्षा माह चल रहा है। लेकिन सारे निर्देश सिर्फ कागजों में ही दिखायी पडते है। वास्तविक हकीकत इसके उलट देखने को मिलती है। बुधवार को सुबह से लेकर पूरे दिन गलन भरी सर्दी के बीच दृश्यता कम देखने को मिली। इधर, लखनऊ कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सडक किनारे मौरंग लदे ओवरलोड वाहन बेझिझक खडे दिखाई दिए। इन ओवरलोड वाहनों पर मजदूर मौरंग को दबाते हुए नजर आए। इनको समझाने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी सडक पर नजर नही आया। इन ओवरलोड वाहन चालकों को भी अब किसी बात का डर नही है। इधर, बीते वर्षो में हादसों का ग्राफ निरंतर बढता रहा है। बीते वर्ष में कई भयावह घटनाएं हुयी। लेकिन इसके बावजद संबन्धित जिम्मेदार अधिकारी सुधरने का नाम नही ले रहे है। अधिकारियों का तर्क अक्सर यही रहता है कि उनके द्वारा ओवर लोड वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। लेकिन ओवर लोड वाहनों का आवागमन कम होना तो दूर और बढता जा रहा है। अनदेखी के चलते ओवरलोड वाहनों की संख्या में इजाफा हो रहा है। बता दें कि गदनखेडा बाईपास पर लगने वाली मौरंग मंडी में बाहरी जनपद से ओवरलोड वाहन प्रायः आते है। चचाओं की माने तो अधिकांश वाहन हमीरपुर जनपद से होकर कानपुर होते हुए उन्नाव की सीमा में प्रवेश करते है। ऐसे में अगर इन पर पहले ही चिन्हित लिया जाए तो ऐसे वाहन कानपुर व उन्नाव की सीमा में प्रवेश करने से पहले ही कार्यवाही की जद में आ जाएंगे।

### क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी

एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय प्रतिभा गौतम से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि एनएचएआई को पत्र भेज रहे है ताकि पेट्रोलिंग तेज कर सके। इसके साथ ही नो पार्किंग का चालान किया जाता है। जागरूक भी हम लोगों द्वारा किया जाता है।

## मंदिर प्रांगण में माल सदर बाजार का शुभारंभ



पाटन, उन्नाव। शुक्ला खेड़ा ग्राम के महेश्वर प्रयागेश्वर मंदिर प्रांगण मे माल सदर बाजार का शुभारंभ हुआ। यह बाजार हर बुधवार को दोपहर एक बजे से सांयकाल तक रहेगी।

इस बाजार में ताजी सब्जियां, अनाज, वस्त्र खाने पीने की वस्तुएं, चाट, आदि उचित भाव मे स्थानीय ग्राम वासियों को उपलब्ध कराई जाएगी। निकट भविष्य में यहां पशु मेला भी लगेगा। इस माल सदर बाजार में ग्राम शुक्ला खेड़ा सहित मेड़ीलाल खेड़ा सुखदेवपुर, ककरारी, दीवान खेड़ा, देवीपुर, जगत खेड़ा आदि कई गांवों के व्यापारियों एवं ग्रामवासियों को लाभ मिलेगा। दोपहर ब्लाक डेवेलपमेन्ट आफिसर बीघापुर विनोद मणि त्रिपाठी ने इस माल सदर बाजार का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। विनोद मणि त्रिपाठी ने बाजार क्षेत्र में आवश्यक जन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान को आवश्यक निर्देश दिए एवं प्रस्ताव रखने को कहा। इस अवसर पर महेश्वरधाम सेवा संस्थान के सचिव एवं प्रबंधक सुखसागर ने बीडीओ साहब का स्वागत किया। इस उद्घाटन समारोह में शुक्ला खेड़ा के बिधु भूषण त्रिवेदी विद्यावाचस्पति संस्थापक हृदयांगन संस्था एवं संरक्षक, अमरनाथ ग्राम प्रधान, सुरेश यादव, सचिव, राम आसरे मास्टर, राजेश वर्मा सहित पंचायत समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## अवैध कटान में गिरफ्तार



सीतापुर। अटरिया थाना पुलिस ने अवैध कटान के दर्ज मामले में अटरिया थाना क्षेत्र के छोटीपुरवा निवासी उमेश उर्फ नेता पुत्र तेजी राम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 7 जैती के पेड़ के लकड़ी के 10 बोटे बरामद किए हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

## चोरों ने जनरेटर से अल्टीनेटर किया चोरी

महमूदाबाद, सीतापुर सदरपुर के गोड़ैचा चौराहे पर बीती रात चोरों ने जनरेटर से अल्टीनेटर चोरी कर लिया। घटना की जानकारी पुलिस को पीड़ित द्वारा दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गोड़ैचा चौराहे पर पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर अरविंद गौतम पुत्र बद्री प्रसाद की रेउसा मार्ग पर बिल्डिंग की दुकान है। मंगलवार की रात चोरों ने यहां रखे जनरेटर में लगे अल्टीनेटर को चोरी कर खोल लिया। दुकानदार को घटना की जानकारी सुबह हुई। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक मुकुल वर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, जांच कराई जा रही है।

## आशीष पटेल के आरोप पर हटाये गये एसपी सोमेन वर्मा होंगे नवागत पुलिस अधीक्षक

मीरजापुर। आशीष पटेल के आरोप पर शासन द्वारा पुलिस अधीक्षक अभिनंदन का स्थानांतरण कर दिया गया है, वे अब जनपद बस्ती के पुलिस अधीक्षक होंगे। ज्ञात हो कि आशीष पटेल ने लिखित आरोप लगाया था कि अभिनंदन सिंह एसटीएफ चीफ अमिताभ यश के रिश्तेदार हैं और उन लोगों ने 2024 के लोकसभा चुनावों में अनुप्रिया पटेल को हराने की साज़िश की थी। अब जनपद के नए पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा होंगे। उनका जनपद सुल्तानपुर से मीरजापुर हेतु तबादला किया गया है।

## जिलाध्यक्ष और प्रांतीय परिषद के पदों के लिए नामांकन



सीतापुर। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकत्राओं ने जिला अध्यक्ष और प्रांतीय परिषद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किये। चुनाव प्रभारी सुभाष यदुवंशी व चुनाव अधिकारी नागेंद्र गुप्ता की मौजूदगी में बुधवार को नामांकन पत्र जमा किए गए। इनमें प्रमुख रूप से वर्तमान जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला और निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा समेत कल 41 कार्यकताओं ने जिलाधीश पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किये। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार जिलाध्यक्ष पद के लिये हुए 41 नामांकन पत्रों में 36 नामांकन पत्र स्वीकार किए गए। बताया जा रहा है कि प्रान्तीय परिषद के लिये करीब 17 कार्यकर्ताओं ने अपनी नामांकन पत्र जमा किये हैं। सारे नामांकन भाजपा जिला कार्यालय पर किए गए।

## पीपल के पेड़ की डाल को काटने पर वन विभाग ने की कार्रवाई

लहरपुर सीतापुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुटी सुपौली में पीपल के पेड़ की डाल को काटने पर वन विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए किया जुर्माना।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम कुटी सुपौली में प्राचीन पवित्र पीपल के पेड़ की डालों को काटने की सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह व वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कटी हुई लकड़ी को अपने कब्जे में लेकर पवित्र पीपल के पेड़ की डालों को काटने वाले उस्मान निवासी तेलियन टोला के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए? 10000 का जुमार्ना किया। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि ग्राम कुटी सुपौली निवासी हृदय राम के एक प्राचीन पवित्र पीपल के पेड़ की डालों को उक्त ठेकेदार के द्वारा काटा गया था, उन्होंने बताया कि वन रेंज में अवैध कटान करने वालों को चिन्हित कर माफिया घोषित करने की कार्रवाई की जा रही है, ग्राम महशी, गुलरी पुरवा, सुमेर, सौरहा, मरसडां आदि में भी अवैध कटान करने वालों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई है।



# पौराणिक बिल्लेश्वर मंदिर में स्थापित शिवलिंग टूटा



जिला संवाददाता(vol)

पुरवा, उन्नाव। तहसील मुख्यालय से लगभग तीन किमी दूर स्थित द्वापर कालीन प्रसिद्ध व पौराणिक बिल्लेश्वर मंदिर में बुधवार सुबह लगभग सात बजे कस्बे के मोहल्ला पश्चिमटोला निवासी भक्त मनीष कुमार पूजा करने पहुंचे। मनीष शिवलिंग टूटा देख दंग रह गये।

मनीष ने शिवलिंग टूटने की सूचना वहां मौजूद अन्य लोगों को दी। शिवलिंग टूटने की इंटरनेट मीडिया पर वायरल पोस्ट के बाद उपजिलाधिकारी उदित नारायण सेंगर, सीओ अजय सिंह, कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार गुप्ता मौके पर पहुंच गए। शिवलिंग टूटने की खबर मिलते ही सैकड़ों की संख्या में भक्त पहुंच गए जिस पर शिवभक्तों द्वारा नाराजगी जताते हुए मंदिर परिसर से पैदल चलकर तहसील मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया जाने लगा। इसी बीच क्षेत्र के गांव सलेथू में शिव मंदिर में शिवलिंग टूटने की जानकारी हुई। इसके बाद पुलिस को भेजकर जांच कराई गई तो क्षेत्र के गांव अंगनुवाखेड़ा मजरे चमियानी निवासी मानसिक विक्षिप्त अवधेश कुमार द्वारा शिवलिंग को तोड़ने की जानकारी मिली। इस पर पुलिस ने अवधेश को उसके घर से पकड़ लिया। पुलिस ने अवधेश से पूछताछ की तो उसने पत्नी रोशनी के तीन वर्षो से गंभीर बीमारी से पीड़ित होने के चलते इलाज में लाखों रुपए खर्च करने व इन मंदिरों में माथा टेकने की बात बताई। बताया की वर्षों से शिव मंदिरों में प्रार्थना करने पर भी पत्नी की तबियत ठीक न होने से नाराज होकर बुधवार सुबह समय लगभग सात बजे बिल्लेश्वर मंदिरों में जाकर कुल्हाड़ी से शिवलिंग को तोड़ दिया। सीओ अजय सिंह द्वारा प्रदर्शन कर रहे लोगों को आरोपित की गिरफ्तारी किए जाने की बात बताने पर नगरवासी व भक्त शांत हुए। वहीं मामले की जानकारी पर मौके पर पहुंचे नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक व भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने उपजिलाधिकारी उदित नारायण सेंगर व सीओ अजय सिंह से शिवलिंग तोड़ने में जो भी दोषी हो उसके विरुद्ध शक्त कार्यवाही करने, मंदिर की कमेटी गठित करने, मंदिर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने व प्रकाश की व्यवस्था किए जाने का लिखित मांग पत्र सौंपा। वहीं तहसील के लायर्स एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष विद्या शंकर पांडेय के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए मंदिर में चैबीस घंटे पुलिस की ड्यूटी लगाए जाने की मांग की है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपित पर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एक ही व्यक्ति कई स्थानों पर कैसे घटना कर सकता है? भक्तों ने कोतवाली प्रभारी पर आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की है। जबकि एएसपी अखिलेश सिंह ने आरोपी व्यक्ति की गिरफ्तारी की जानकारी दी और उन्होंने स्थानीय पुलिस द्वारा बताई गई बात को सही ठहराया है।

# भ्रष्टाचार पर कार्यवाही में उदासीनता दिखा रहे डीपीआरओ : प्रवीण सिंह

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चन्द्र साहू पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रदेश महासचिव प्रवीण कुमार सिंह ने उदासीनता का आरोप लगाया है। श्री सिंह ने कहा कि जिला पंचायत राज अधिकारी की उदासीनता के चलते जनपद में विकास कार्यो में भ्रष्टाचार बढ़ा है। क्योंकि जनपद में अधिकतर ग्राम पंचायतों कार्यरत सचिवों द्वारा ग्राम प्रधानों की मिलीभगत से विकास कार्यो में भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

सरकारी धन को प्रधान व प्रधान परिजनों के निजी खातों में जारी आदेशो को दर किनार कर भुगतान किया जा रहा है। जिस सम्बध में लगातार शिकायत जिलाधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी सीतापुर को ग्राम पंचायत स्तर व सामाजिक संगठनों द्वारा दी जाती रहती है और अवगत कराया जाता रहता है। समय - समय पर प्रमुख समाचार पत्रों व चैनलों में भ्रष्टाचार लेकर खबरे भी प्रकाशन होती रहती है। आज के समय मे एक तो भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई बोलने वाला नही है, अगर कोई आवाज भी उठता है तो जिला पंचायत राज अधिकारी की उदासीनता के कारण जाँच से बचने के लिए जाँच न करना पड़े। इसलिए शिकायतकर्ता को



ही नियमो का पाठ पढ़ा दिया जाता है। जिससे संरक्षण प्राप्त सचिव और भी बढ़ - चढ़ कर घोटालों को अंजाम दे सके।

शिकायकर्ता दो चार दिन में थक कर दो चार सौ रुपये लगा कर बैठ जाए। जब बिना कार्यवाही के। क्योंकि शिकायतकर्ता का धन खर्च हो जाएगा तो वह भविष्य में पुनः भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज नही उठाएगा। कभी कभी जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय के द्वारा शिकायत पर कार्यवाही के नाम पर स्पष्टीकरण नोटिस जारी कर भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे सचिवो से जवाव के नाम धन उगाही की जाती है। प्रकरण बड़ा हुआ तो टीम गठित का कगजपूर्ती कर दी जाती है और साठगांठ होने के बाद जाँच प्रकिया लम्बित कर दी जाती है।

अगर शिकायतकर्ता जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चन्द्र साहू से शिकायत की जानकारी लेना चाहता है तो एक ही जबाव मिलता है कि हमारे पास बहुत शिकायत है। प्रपत्र दे तभी कार्यवाही की जाएगी,। सवाल यह भी है कि जिला पंचायत राज अधिकारी एक जिम्मेदार अधिकारी है और शिकायतकर्ता एक शिकायत दे रहा है जिसकी जांच होनी चाहिए अगर शिकायतकर्ता ही पूरे प्रपत्र उपलब्ध करा देगा, तो जिला पंचायत राज अधिकारी जांच क्या करेंगे। कई बार तो ऐसे भी प्रकरण संज्ञान में आ रहे है कि अगर मीडिया कर्मी भ्रष्टाचार पर जिला पंचायत राज अधिकारी से जानकारी लेते है, एक ही जवाव मीडिया कर्मियों को मिलाता है। शिकायत आने पर कार्यवाही होगी, जबकि जैसा कि संज्ञान में आया है कि जिला पंचायत राज अधिकारी के कथन अनुसार ही भारी संख्या में शिकायते कार्यालय में बिना प्रपत्र के धूल खा रही है। शायद जिला पंचायत राज अधिकारी को यह ज्ञात नही है कि मीडिया कर्मी भी समाज का चौथा स्तंभ है और समाज के हित के लिए जानकारी ले सकते है और जिला पंचायत राज अधिकारी की जवाबदेही भी बनती है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भारतीय जनता पार्टी के समर्थन की पार्टी है, जल्द ही प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री को जनपद सीतापुर वास्तविकता से व जिला पंचायत राज अधिकारी की उदासीन कार्यशैली से अवगत कराया जाएगा। साथ ही जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चन्द्र साहू के स्थांतरण की मांग की जाएगी।

जनपद सीतापुर में हो रहे विकास कार्यो में भ्रष्टाचार व सरकारी धन में मची लूट के संबंध में निष्पक्ष जांच की मांग की जाएगी। भ्रष्टाचार के खिलाफ आवश्यकता पड़ने पर धरना स्थल सीतापुर में अनिश्चितकालीन धरना कार्यकर्ताओं के साथ दिया जाएगा। क्योंकि कई ऐसे प्रकरण जनपद में है जो कि जाँच के विषय है कार्यवाही अति आवश्यक है। लेकिन प्रकिया जिला पंचायत राज अधिकारी की उदासीनता के चलते लम्बित है।

संक्षेप

## शीतलहर के चलते विद्यालयों का अवकाश घोषित

**ललितपुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश ने मंगलवार देर शाम आदेश जारी करते हुए बताया कि शीतलहर एवं अत्यधिक ठंड के दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए निर्देश 7 जनवरी के अनुपालन में जिले में संचालित समस्त माध्यमिक विद्यालयों को करना है। जिसमें (यूपी बोर्ड, आईसीएसई, सीबीएसई, संस्कृत बोर्ड, मदरसा बोर्ड) के विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक की कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का 8 से 14 जनवरी का अवकाश घोषित किया जाता है। कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों की कक्षाओं का संचालन सुबह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे के मध्य किये जाने की अनुमति छात्रहित में इस प्रतिबन्ध के साथ दी जाती है। विद्यार्थियों को बाहर/खुले में नहीं बैठाया जाएगा। विद्यार्थियों को यूनीफार्म पहनने की बाध्यता न कर ऐसे गर्म कपड़े पहनने की अनुमति दी जाए। जो ठंड से बचाव में सक्षम हो। उन्हें पहनकर ही विद्यार्थी विद्यालय आए। उक्त आदेश का अनुपालन प्रत्येक विद्यालय को करना अनिवार्य है। यदि आदेश का अनुपालन किसी विद्यालय द्वारा नहीं किया जाता है। ऐसे विद्यालय के प्रधानाचार्य, प्रबन्धक के खिलाफ कठोरतम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगें।

## सौजना पुलिस ने वारण्टी को लिया हिरासत में

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में थाना सौजना पुलिस ने ग्राम खिरिया भारन्जू निवासी राम सिंह पुत्र नोने जू को मारपीट व गाली-गलौज के मामले में गांव से ही हिरासत में लिया है। पुलिस टीम में प्रभारी उ.नि. मुलायम सिंह, कां. विवेक राठौर, आ.चा.भूपेन्द्र सिंह शामिल रहे।

## गोलालारीय समाज के अध्यक्ष बने मुन्नालाल जैन

**ललितपुर।** श्री दिगम्बर जैन गोलालारीय समाज रजि. की जिला कार्यकारिणी सभा के चुनाव पूर्व नियोजित कार्यक्रम अनुसार संस्था के कार्यालय गोलालारीय भवन आजादपुरा में सम्पन्न हुये। चुनाव में संरक्षक सर्व महेन्द्र चूना, अशोक स्टेट बैंक, सुभाष जल निगम, अजय साईकिल की उपस्थित में चुनाव अधिकारी नीरज मोदी एड., विनोद कुमार किसलवास वालों ने सम्पन्न कराया। कार्यक्रम का प्रारम्भ भगवान आदिनाथ के चित्र अनावरण दीप प्रज्वलन व वीर वंदना से हुआ ततपश्चात संस्था के उपस्थित सदस्यों द्वारा अध्यक्ष पद पर मुन्नालाल जैन एड., वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप नौहरकलां, कनिष्ठ उपाध्यक्ष देवेन्द्र विरधा, महामंत्री राकेश कुमार, डबलू सहमंत्री डा.सुनील जमादार, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार बचत सेवा, ऑडीटर महेशचंद्र जैन व राहुल तेजपुरा, कार्यालय मंत्री अंकित जैन, पारस पैथोलौजी व सदस्य हेतु विनय बछौडा, अर्पित सुदेश, अभिषेक, अभिराज का निर्विरोध रुप से चयन किया गया। कार्यक्रम को शांति एवं सफलता पूर्वक कराने में वरिष्ठ पत्रकार भूपेन्द्र जैन की अहम भूमिका रही। इसके अतिरिक्त सुनील गुंदेरा, अरविन्द जमादार, वरुण जैन, धर्मेश्वर जमौरिया, संदेश, मनोज, संजय आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## भाजपा जिला अध्यक्ष के नामांकन आज, महानगर के कल होंगे

**बरेली।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्षों के नामांकन की प्रक्रिया आज पार्टी कार्यालय पर शुरू हो जाएगी। बरेली जिला और आंवला जिला अध्यक्ष के दावेदारों की संख्या बढ़ती जा रही है। बरेली जिले की बात करें तो मौजूदा जिला अध्यक्ष पवन शर्मा की कुर्सी पर दावा ठोकने वालों में पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, नरेंद्र राठौड़, तेजेश्वरी सिंह, सोमपाल शर्मा, निर्भय गुर्जर, अजय राजपूत, अंकित शुक्ला, डॉक्टर नरेंद्र गंगवार, वीरपाल गंगवार, प्रशांत पटेल के नाम सामने आए हैं। ऐसे ही आंवला जिला अध्यक्ष पद की दावेदारी पूर्व जिला अध्यक्ष वीर सिंह पाल, संतोष शर्मा, नेमचंद मौर्य, कुलदीप मौर्य, हरविंदर यादव, रणवीर सिंह, जवाहरलाल हैं। मौजूदा जिला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह है। इसी क्रम में शुक्रवार को बरेली महानगर के अध्यक्ष अधीर सक्सेना की कुर्सी पर कब्जा जमाने के लिए मनोज थपलियाल, विष्णु अग्रवाल, तृप्ति गुप्ता, राज बहादुर सक्सेना, रामगोपाल मिश्रा, सूर्यकांत मौर्य, गौरव सक्सेना आदि है।

# हत्याकाण्ड में फरार पांच अभियुक्त पुलिस ने दबोचे



**ललितपुर।** विगत दिनों थाना पूराकलां क्षेत्र के ग्राम बलरगुवां में शराब के नशे में हुये विवाद के दौरान वृद्ध की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। प्रकरण में दो अभियुक्तों को पुलिस ने घटना के तत्काल बाद गिरफ्तार कर लिया था, तो वहीं एक बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था। हत्याकाण्ड के बाद से फरार पांच अभियुक्तों को भी पूराकलां पुलिस ने पकड ? में सफलता हांसिल की है।

- पूराकलां क्षेत्र के बलरगुवां में गोली मारकर हुई थी वृद्ध की हत्या
- बारह बोर की अद्दी, 2 जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस हुआ बरामद

बताया गया है कि हत्याकाण्ड के सभी अभियुक्तों को पकड ? के लिए एसपी मो.मुश्ताक के आदेश, एएसपी अनिल कुमार व सीओ तालबेहट अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में सौजना पुलिस लगातार दविश दे रही थी।

प्रकरण में मृतक अमर सिंह के भतीजे धर्मेंद्र उर्फ मुन्ना पुत्र केहर सिंह ठाकुर की तहरीर पर अभियुक्तों के खिलाफ पूराकलां पुलिस ने बीएनएस की धारा 191(2), 191(3), 190, 115(2), 352, 351(3), 109, 103(2), 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की थी। पूराकलां थानाध्यक्ष अरूण कुमार तिवारी ने पुलिस टीम के साथ दविश के दौरान बलरगुवां निवासी जजपाल सिंह पुत्र जगभान सिंह, मनोहर सिंह पुत्र रामराजा, सुखपाल उर्फ हल्के पुत्र जागभान सिंह, सोनू पुत्र मनोहर सिंह, चन्द्रपाल पुत्र बहादुर सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जजपाल के कब्जे से आलाकत्ल 12 बोर अद्दी व 02 अदद जिन्दा करातूस व 01 अदद खोखा कारतूस 12 बोर बरामद किये गये है। पूछताछ के दौरान जजपाल ने बताया कि 5 जनवरी को उसके परिवार के बलवीर व विपक्षी ठुल्ले उर्फ हजवेन्द्र के बीच शराब के नशे में विवाद हुआ था।

झगड़ा होने की बात ठुल्ले में घर में बतायी, जिसके बाद वह 12 बोर की अद्दी व नन्हे राजा तमंचा और अन्य लोग लाठी, कुल्हाड़ी आदि लेकर रामसिंह के घर पहुंचे, जहां ठुल्ले नहीं मिला, उसे सबक सिखाने के लिए गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान वहीं खड़े राजपाल सिंह पुत्र केहर सिंह, अमर सिंह पुत्र जुगराज व धर्मेंद्र उर्फ मुन्ना पुत्र केहर सिंह ने उसको बचाने का प्रयास कर रोका तो आवेश में आकर सभी ने मारपीट कर दी और जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया, जिससे अमर सिंह को गोली लग गयी और उसकी मौत हो गयी।

# प्रथमा बैंक गुढ़ा में चोरी का प्रयास, तीन गिरफ्तार



**ललितपुर।** विगत दिनों प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा गुढ़ा के मैनेजर लोकेश कुमार मीणा ने पुलिस में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात बदमाशों ने बैंक में चोरी करने का प्रयास किया है। मैनेजर के अनुसार अज्ञात चोरों ने चैनल के दो ताले व शटर का एक ताला तोड़ दिया था, लेकिन पुलिस पिकेट के गुजरने के कारण चोरी की घटना को अंजाम नहीं दे सके थे। पुलिस ने बैंक मैनेजर की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 303 (2) व 62 बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज कर पड़ताल शुरू की। प्रकरण में एसपी मो.मुश्ताक के आदेश पर तीन टीमों का गठन किया गया था। टीम ने सीसीटीवी फुटेज व सर्विलांस (मैन्युअली व टेक्निकली) व अन्य तकनीकि साक्ष्यों को एकत्र कर जांच शुरू की। जांच के दौरान प्रकाश में आये संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हो गया। जांच के दौरान सौजना पुलिस ने ग्राम सड़कौरा में रहने वाले सुखदीन पुत्र खित्ता अहिरवार, राहुल कुमार उर्फ बेटा पुत्र गरीबा अहिरवार व राहुल रजक पुत्र रतीराम रजक को हिरासत में लिया है। पुलिस ने पकड़े गये बदमाशों के पास से चोरी के प्रयत्न में प्रयुक्त एक अदद हथौडी, एक अदद आरी का पत्ता (ब्लेड) व दो अदद रॉड (लोहा) बरामद किया है। पूछताछ के दौरान बदमाशों ने बताया कि रूपयों की आवश्यकता पड ? पर उन्होंने ग्रामीण बैंक से चोरी करने की योजना बनायी और 31 दिसम्बर की रात उन्होंने घटना को अंजाम देने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस की गाड़ी का सायरन सुनकर सभी लोग वहां से भाग गये थे। पूछताछ के दौरान राहुल रजक ने यह भी बताया कि उसने मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ में कई चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है, जिसमें वह जेल भी जा चुका है। बदमाशों को पकड ? वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सौजना पारूल चन्देल अपनी टीम के साथ शामिल रहीं।

- सौजना पुलिस को मिली सफलता, हथौड़ी, ब्लेड व रॉड बरामद

## नकारात्मक गतिविधियों के विरोध में अभाविप का ज्ञापन



**बांदा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इवेंट के माध्यम से नशे की ओर अग्रसर होते हुए युवाओं को नकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री कार्तिकेय गुप्ता ने बताया कि परिषद 75 सालों से छात्रहितों, राष्ट्रहितों व सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहा है। बामदेव की तपोस्थली की संस्कृति को पाश्चात्य सभ्यता की खाईं में ढकेलने का कार्य किया जा रहा है। जो कतई बर्दाश्त नही किया जाएगा। विद्यार्थी परिषद इसका विरोध करती है व आगामी असांस्कृतिक आयोजनों पर रोक लगाए जाने की मांग करता है। अन्यथा की दशा में परिषद एक बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस मौके पर दिव्यांशु मिश्रा, नवीन पांडेय, सुनील सक्सेना, शालिनी पटेल, स्वतंत्र साहू, सुभाष त्रिपाठी, अनामिका वेदी, रजत त्रिवेदी, श्लोक द्विवेदी, अर्पित द्विवेदी, प्रांजल बाजपेयी, शिवम सोनी, सत्येन्द्र सिंह, कृष्ण दीक्षित, नितेश तिवारी, अनुज सिंह सहित विद्यार्थी परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रोजगार मेला 10 को

**बांदा।** बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से आगामी 10 जनवरी को प्रातः 10 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार के बाद बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए सहायक क्षेत्रीय सेवा योजन अधिकारी मोहित जैसवाल ने बताया कि इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हों तथा मेला स्थल पर साक्षात्कार के समय अपनी सभी शैच्छिक योग्यता की छाया प्रतियां और फोटो अवश्य लाएं।

## भाजपा मंडल अध्यक्षों, जिला प्रतिनिधियों की सूची जारी



**बांदा।** प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ महेन्द्र नाथ पांडेय की संस्तुति मिलने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी बाल्मीकि तिवारी ने जिले के 16 मंडलों में 12 मंडल अध्यक्षों तथा जिला प्रतिनिधियों की सूची जारी कर दी। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी ने बताया कि 14 दिसंबर को जिले के सभी मंडलों में आयोजित हुए मंडल अध्यक्षों तथा जिला प्रतिनिधियों के निर्वाचन के बाद कार्यकताओं को निर्वाचित सूची का इंतजार था। इसी क्रम में निर्वाचन अधिकारी, सह निर्वाचन अधिकारी पंकज रैकवार तथा दिलीप तिवारी ने संयुक्त रूप से सूची जारी कर दी। तिंदवारी विधानसभा के पैलानी मंडल में धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता मंडल अध्यक्ष, स्वतंत्र त्रिपाठी जिला प्रतिनिधि, साहेब सिंह मंडल अध्यक्ष जसपुरा, अनूप तिवारी मंडल अध्यक्ष तिंदवारी, बृजेन्द्र पटेल जिला प्रतिनिधि, दिनेश निषाद मरका मंडल अध्यक्ष, सोहन सिंह जिला प्रतिनिधि, सौरभ शिवहरे मंडल अध्यक्ष बबेरू, मधु गुप्ता जिला प्रतिनिधि, ज्ञान प्रताप सिंह मंडल अध्यक्ष अतर्रा, पुष्पा कुरील जिला प्रतिनिधि, आशीष अनुरागी ओरन मंडल अध्यक्ष, राधेश्याम साहू जिला प्रतिनिधि, ओमप्रकाश राजपूत कालिंजर मंडल अध्यक्ष, आनंद कुमार गौतम जिला प्रतिनिधि, आदित्य चतुवेर्दी नरैनी मंडल अध्यक्ष, बिसंडा मंडल अध्यक्ष विनय कुशवाहा, प्रीति गुप्ता जिला प्रतिनिधि, प्रेम स्वरूप द्विवेदी महुआ मंडल अध्यक्ष, अचल कुमार सिंह जिला प्रतिनिधि तथा बांदा दक्षिणी में राजेश गुप्ता अध्यक्ष तथा लखन राजपूत को जिला प्रतिनिधि बनाया गया है।

## बिलाई शुगर मिल के गेट पर गन्ना भुगतान को लेकर 16 जनवरी से धरने की तैयारी



जिला संवाददाता(vol)

**बिजनौर।** भाकियू चढूनी की बैठक में हल्दौर बिलाई मिल पर बकाया गन्ना भुगतान को लेकर बिलाई चीनी मिल द्वारा किसानों का चालू पेराई सत्र गन्ना भुगतान नहीं कराएं जाने से आक्रोशित कार्यकताओं ने 16 जनवरी से मिल गेट पर बेमियादी धरना शुरू करने की घोषणा की है। भारतीय किसान यूनियन चढूनी की एक बैठक धरने की रणनीति तैयार करने को लेकर बीते दिन हल्दौर क्षेत्र के ग्राम शेरपुर कल्याण में लटूर सिंह के निवास पर संपन्न हुई जिसमें किसानों से धरना प्रदर्शन में पहुंचने की अपील की। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के युवा अध्यक्ष विकास चैधरी ने कहा कि बिलाई चीनी का गन्ना पेराई सत्र शुरू हुए करीब तीन माह बीत चुके है। बिलाई चीनी मिल ने किसानों के गन्ने का करीब 26 करोड़ 92 लाख रुपये का भुगतान किया है जबकि मिल पर करीब 149 करोड़ 17 लाख रुपये बकाया है। विकास चैधरी ने कहा कि शासन व प्रशासन द्वारा किसानों की समस्याओं को अनसुना किया जा रहा है। किसानों ने मिल द्वारा गन्ने का भुगतान नहीं किए जाने पर 16 जनवरी को बिलाई मिल गेट पर धरना प्रदर्शन में भारी संख्या में पहुंचने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी, आकाश डबास, परवेन्दर सिंह, राकेश कुमार, देवेंद्र सिंह, लटूर सिंह, इमरान चैधरी, शक्ति सिंह आदि दर्जनों कार्यकर्ता व किसान मौजूद रहे।

# सड़क पर कोई सोता मिले तो उसे तत्काल रैन बसेरा में पहुंचाया जाये: जिलाधिकारी

जिला संवाददाता(vol)

**बिजनौर।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में बुधवार की शाम कलेक्ट्रेट सभागार में नगरीय निकायों के विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकाय को कड़े निर्देश दिए कि जिले के किसी भी नगर निकाय क्षेत्र में रात्रि के समय कोई भी व्यक्ति सड़क पर सोता हुआ न पाया जाए। उन्होंने कहा कि यदि इस प्रकार का कोई प्रकरण संज्ञान में आता है तो तत्काल उस व्यक्ति को रैन बसेरा में पहुंचाएं और उसके ठहरने की उचित व्यवस्था करें।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नगर निकायों के मुख्य चैराहों एवं स्थानों पर अलाव की समुचित व्यवस्था करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि यदि उक्त प्रकार का कोई प्रकरण प्रकाश में आता है तो संबंधित अधिशासी अधिकारी की जिम्मेदारी सुनिश्चित करते हुए उनके विरूद्व कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जन सामान्य का आहवान करते हुए कहा कि किसी भी शख्स को नगर निकाय में सफाई से संबंधित कोई शिकायत हो तो वह टोलफ्री नं0 1533 पर कॉल करके शिकायत का समाधान करा सकते हैं तथा उक्त नम्बर पर सफाई व्यवस्था से संबंधित अपने सुझाव भी प्रेषित कर सकते हैं। उन्होंने नगर निकाय से संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जल्द ही भारत सरकार द्वारा सर्वे कार्य शुरू कराया जाएगा।

अतः सभी अधिकारी अपने-अपने नगर निकाय क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत निर्धारित सभी बिन्दुओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करना सुनिश्चित करें ताकि जिला बिजनौर को उच्च स्थान प्राप्त हो सके। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिशासी अधिकारी आडिट आपत्तियों का पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण करते हुए संबंधित विभाग को आख्या उपलब्ध कराएं और प्रति माह कम से कम 10 लम्बित ऑडिट आपत्तियों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के कार्य को पूर्ण कराने, स्वच्छ सर्वेक्षण, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन, साफ-सफाई, डोर-टू-डोर कूड़ा सेग्रीगेशन, कर-करेत्तर की राजस्व प्राप्ति जैसे-गृह कर, जल कर इत्यादि गत वर्षों से अधिक वसूली करने, ऑडिट आपत्तियों का निस्तारण, नगर निकायों की परिसम्पत्तियाँ को कब्जामुक्त कराने, पेयजल के लिए व्यवस्था योजना, पं० दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक, गोवंश आश्रय स्थल/गोवंश संरक्षण, नाला सफाई इत्यादि विभिन्न योजनाओं की प्रगति बिन्दुवार समीक्षा करते उनमें तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उपरोक्त सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, सहित समस्त अधिशासी अधिकारी नगर निकाय एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए सियासी घमासान

जिला संवाददाता(vol)

**बांदा।** भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए सियासी घमासान चरम पर पहुंच गया है। इस पद को लेकर पार्टी के लगभग 20 से अधिक नेता अपनी दावेदारी पेश कर चुके हैं। इनमे कई ऐसे नाम भी शामिल हैं जो पूर्व में भी जिलाध्यक्ष के पद पर रह चुके हैं। यह पद एक बार फिर से सुर्खियों में है, क्योंकि पार्टी में नेतृत्व परिवर्तन की प्रक्रिया चल रही है तथा चुनावी प्रक्रिया शुरू होने वाली है। पार्टी नेताओं के मुताबिक 9 जनवरी को नामांकन की प्रक्रिया पूरी होगी। इसके बाद ही तस्वीर साफ होगी, कौन इस पद का नया चेहरा बनेगा।

दावेदारों के प्रमुख नामों में पूर्व जिलाध्यक्ष बालमुकुंद शुक्ला, मौजूदगा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष अखिलेश नाथ दीक्षित, प्रेम नारायण द्विवेदी, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, कल्लू राजपूत, बबेरू चेयरमैन विवेकानंद गुप्ता, डॉ आनंद गुप्ता, विजय बहादुर सिंह परिहार और अजीत गुप्ता जैसे नेता शामिल हैं। इसके अलावा महिला पदाधिकारियों में ममता मिश्रा और वंदना गुप्ता का भी नाम सामने आया है।

भाजपा के हर वर्ग के नेता दावेदारी में अपनी ताकत दिखा रहे हैं। ब्राम्हण, ठाकुर, वैश्य, कुशवाहा, प्रजापति एवं अन्य समुदायों के नेताओं ने अपने पक्ष में वोटों की लामबंदी करना शुरू कर दिया है।

- 20 से अधिक नेताओं ने ठोंकी ताल

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि दावेदारों को उनकी नीतियों, कार्यशैली और क्षेत्र में उनकी पकड़ के आधार पर विचार किया जाएगा।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि अध्यक्ष का पद आमतौर पर संघ से जुड़े नेताओं को दिया जाता है। क्योंकि संघ का प्रभाव पार्टी के हर स्तर पर होता है। बताते चलें कि भाजपा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह को केवल 15 महीनों तक इस पद पर रहने का मौका मिला है। उन्होने रामकेश निषाद के राज्यमंत्री बनने के बाद जिम्मेदारी संभाली थी। लेकिन जिलाध्यक्ष चुनने का एक बार फिर वक्त आया है। पार्टी ने इस बार आवेदन मंगवाए हैं।

इसके बाद अब तक 20 से अधिक नेताओं ने चुनाव अधिकारी को बायोडाटा सौंपा है। जानकार सूत्रों का कहना है कि नामांकन के बाद पार्टी एक राय बनाने का प्रयास करेगी। ताकि चुनाव की आवश्यकता न ही पड़े। नामांकन के बाद स्पष्ट हो जाएगा कि इस पद पर किसे मौका मिलेगा और पार्टी किसको नेतृत्व सौंपेगी।

हालांकि भाजपा के बड़े नेताओं का मानना है कि चुनाव की संभावना कम है। फिर भी यदि चुनाव होते हैं तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं है।

# एसपी ने कोतवाली का किया आकस्मिक निरीक्षण





जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा थाना कोतवाली ललितपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, सीसीटीवी कैमरे, हवालात, आदि का निरीक्षण कर सम्पूर्ण परिसर में समुचित लाइट का प्रबन्ध करना एव कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाना कार्यालय/महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये गये। मुकदमों से संबंधित मालो का विधिक निस्तारण एवं सही रखरखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया।

- सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर संबंधित को दिये गये आवश्यक निर्देश

थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन थाने पर आने वाले फरियादियों की शत-प्रतिशत जन सुनवाई कर उनकी समस्याओं का विधिक निस्तारण किया जाये एव थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाये, महिला सम्बन्धी अपराधों पर रोकथाम और जमीनी संबंधी प्रकरणों में राजस्व विभाग के सहयोग से गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी द्वारा थाना क्षेत्र में प्रमुख भीड़-भाड़ वाले चैराहों ,सरार्फा बाजार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि पर पिकेट लगाने व पेट्रोलिंग के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। आगामी त्योहारों मकर संक्राति, गणतंत्र दिवस आदि को दृष्टिगत रखते हुये प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ललितपुर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। एसपी ने थाना पर उपस्थित सभी पुलिस कर्मियों से समस्याओं के बारे में जानकारी की गयी एवं सर्दी से बचाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। एसपी ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को निर्देशित किया गया।

यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान बिना हेल्मेट, शराब पीकर, फरार्टे भरने वाले आदि वाहन चालको की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## महिला बीट आरक्षियों को दिया गया पुलिस लाइन में प्रशिक्षण



**बांदा।** महिला बीट आरक्षियों को मिशन शक्ति अभियान को और अधिक व्यापक बनाने तथा जन सहभागिता बढ़ाने के लिए पुलिस लाइन में महिला आरक्षियों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बीट में महिलाओं और बच्चियों से बेहतर समन्वय स्थापित करने, महिला अपराधों और घरेलू हिंसा को रोकने से संबंधित जानकारी दी गयी। घरेलू हिंसा, महिला अपराधों की रोकथाम के लिए कानूनी प्रक्रियाओं, प्रारंभिक जांच और कार्यवाही के उपायों पर जानकारी दी गयी। यौन उत्पीड़न की रोकथाम के कानूनी प्राविधानों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन का भी प्रशिक्षण दिया गया। उन्होने कहा कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण सुनिश्चित करने में महिला आरक्षी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यशाला में क्षेत्राधिकारी नरैनी अंबुजा त्रिवेदी द्वारा महिला आरक्षियों को अपने बीट क्षेत्रों में बाल विवाह पर रोक लगाने, अभिभावकों को बाल विवाह के नुकसान के बारे में बताने व जागरूक करने के निर्देश दिए। कार्यशाला में महिला थानाध्यक्ष अनुपमा तिवारी सहित सभी थानों की महिला बीट आरक्षी उपस्थित रहीं।

# भाजपा के 30 मंडल अध्यक्षों की सूची जारी, 3 महिलाओं को भी मिली पार्टी में जगह



**बिजनौर।** भाजपा ने जिले में 30 मंडल अध्यक्ष घोषित कर सभी कयासों पर विराम लगा दिया हैं। भाजपा ने इस सूची में तीन महिलाओं को जिम्मेदारी मिली है। मंडल अध्यक्ष और प्रतिनिधि मतदाता अब जिलाध्यक्ष का चुनाव करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ0 भूपेंद्र बॉबी ने बताया कि प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ0 महेंद्र नाथ पांडेय की संस्तुति पर मंडल अध्यक्ष की लिस्ट जारी हो गईं है। बिजनौर जिले में भाजपा के 33 मंडल है। अभी 30 मंडलों की लिस्ट जारी हुई है। बिजनौर विधानसभा क्षेत्र के बिजनौर नगर में अंकुर गौतम, मंडावर में मनोज कुमार अहलावत, आदमपुर में पुष्पराज कमल, झालू में चिंकी गुप्ता, मोहम्मदपुर देवमल में दीपक कुमार को मंडल अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। नगीना सुरक्षित विधान सभा क्षेत्र के नगीना मंडल से अंजली विश्नोई मित्तल, महेश्वरी मंडल में सुभाष शर्मा, किरतपुर नगर मंडल में गौरव पराशर और किरतपुर ग्रामीण मंडल से जितेंद्र मलिक को अध्यक्ष की कमान दी है। चांदपुर विधानसभा के चांदपुर में मोहित अग्रवाल, जलीलपुर में मीनू राजपूत, फीना में नवनीत, बास्टा में राकेश कुमार को मंडल अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के नूरपुर नगर में निशांत कर्णवाल, सहसपुर में खजान सिंह, मोरना में धर्मेंद्र सैनी और गोहावर में विनय चैहान को मंडल अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। नहटौर विधान सभा क्षेत्र के नहटौर में वैभव गोयल, हल्दौर में पीयूष चैहान और आंकू मंडल में राकेश कुमार सैनी को मंडल अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। नजीबाबाद विधानसभा के नजीबाबाद मंडल में नकुल अग्रवाल को अध्यक्ष बनाया गया। भागूवाला मंडल में कमल सैनी, नांगल सोती में डॉ. भूपेंद्र सिंह, गजरौला पाईमार में वरुण आत्रेम को अध्यक्ष बनाया गया है। बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के बढ़ापुर मंडल से भीम सिंह सैनी, अफजलगढ़ से जयप्रकाश बंजारा, कासमपुर गढ़ी मंडल से विनय कुमार और रायपुर सादात मंडल के अध्यक्ष पद पर सहदेव चंचल को चुना गया है। धामपुर विधानसभा क्षेत्र के स्योहारा मंडल में नीरज राणा और शेरकोट से विजय पाल सैनी को अध्यक्ष पद की जिम्मेदार सौंपी है।

## असहाय व निर्धनों को द्वारकेश समूह ने प्रशासन के सहयोग से दिया कंबल का तोहफा



**नगीना, बिजनौर।** द्वारकेश समूह ने जिला प्रशासन के सहयोग से असहाय व निर्धनों को कंबल का वितरण कर एक सराहनीय कार्य किया आपको बतादे की तहसील सभागार में आज बुधवार कि सुबह आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में एसडीम मांगेराम चैहान ने कहा कि हर इंसान को एक दूसरे का सहारा बनना चाहिए और हैसियत अनुसार सभी को एक दूसरे की मदद करनी चाहिए। इस दौरान द्वारकेश शुगर मिल बुन्दकी के द्वारा 300 कंबलों को एसडीएम मांगेराम चैहान, तहसीलदार प्रभा सिंह, यूनिट हैंड सलील स्वरूप आर्य ने संयुक्त रूप से निर्धन, असहाय व जरुरतमंदों को गर्म कंबल बांटे गए। इस मौके पर लेखपाल मोहित कुमार, शुगर मिल के डिप्टी मैनेजर (प्रशासन) मनोज चोपड़ा सहित तहसील प्रशासन का स्टाफ मौजूद रहा।

# जरूरी है जन भागीदारी

सरकार अगर संकल्प के साथ किसी भी क्षेत्र के विकास में जुट जाये, तो उस क्षेत्र की प्रगति को कैसे पंख लग जाते हैं इसका उदाहरण सौर ऊर्जा और सेमीकंडक्टर क्षेत्र है। भारत में आज तक एक भी चिप नहीं बनी है। लेकिन जिस गति से इस क्षेत्र में काम हो रहा है उसे देखते हुए कोई भी कह सकता है कि आने वाले दिनों में भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में बड़ा खिलाड़ी होगा। सौर ऊर्जा में भी ऐसा ही माहौल है। सौर ऊर्जा क्रांति इस तेजी से बढ़ रही है कि शहरों में घरों के छतों पर सोलर पैनल दिखने लगे हैं। आज भारत एक साथ कई क्रांति के दौर से गुजर रहा है। डिजिटल क्रांति एक मुकाम तक पहुंच गयी है। बुनियादी संरचना में क्रांतिकारी की गति यह है कि भारत का रोड नेटवर्क चीन से ज्यादा हो गया है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भी क्रांतिकारी प्रगति देखने को मिल रही है। इसी तरह सोलार क्रांति का दौर भी हम देख रहे हैं। सरकारी प्रोत्साहन, वित्तीय सहायता, ऊर्जा आत्म निर्भरता की राष्ट्रीय आकांक्षा और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ने की ललक ने भारत में सोलार क्रांति का आगाज कर दिया है। सौर ऊर्जा उत्पादन से आमजन को जोड़ने की मोदी सरकार की नीति के कारण देश में सौर ऊर्जा का उत्पादन बीते दस साल में तीस गुना से भी ज्यादा बढ़ा है। 2014 में सौर ऊर्जा उत्पादन 2.8 गीगावाट था जो 2024 के अंत तक 95 गीगावाट तक पहुंच गया है। 2030 तक भारत का सौर ऊर्जा उत्पादन 500 गीगावाट तक पहुंचाने का लक्ष्य है। सौर ऊर्जा का उत्पादन बढ़ने से इसकी लागत घटी है। सौर ऊर्जा के विकास में पीएम सूर्य घर योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। इस योजना में छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 75,021 करोड़ मंजूर किए गए हैं। योजना के तहत एक करोड़ घरों को सौर ऊर्जा से रोशन करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें हर महीने 300 यूनिट तक बिजली का उत्पादन होगा। योजना के तहत 1, 2 या 3 किलोवॉट तक का संयंत्र लगाने पर केंद्रीय वित्तीय मदद मिलेगी। विशेष तौर पर यह योजना 300 यूनिट से कम बिजली खर्च करने वाले घरों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। इसमें शहरी क्षेत्र के निम्न और निम्न-मध्य वर्ग के लोगों को लक्षित किया गया है। इस योजना में 2 किलोवॉट के संयंत्र पर 60 प्रतिशत, जबकि 2 से 3 किलोवॉट की अतिरिक्त प्रणाली के लिए 40 प्रतिशत सब्सिडी उपलब्ध कराई जाएगी। अभी के मूल्य के अनुसार 1 किलोवॉट के सिस्टम पर 30,000 रुपये, 2 पर 60,000 रुपये और 3 किलोवॉट या उससे अधिक के सिस्टम्स के लिए 78,000 रुपये का अनुदान देने का प्रावधान सरकार ने किया है। सरकार इसके लिए ऋण उपलब्ध कराने में भी मदद कर रही है। उपभोक्ता 3 किलोवाट के आवासीय आरसीएस सिस्टम के लिए 7 प्रतिशत की दर से कर्ज भी ले सकेंगे। इसके लिए नेशनल पोर्टल बनाया गया है और 20 बैंक व गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थान इससे जुड़े हुए हैं। ये बैंक और संस्थान उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर सिस्टम के लिए ऋण मुहैया करवाएंगे। बिजली मंत्रालय ने हाल ही में बताया कि मंत्रालय के नेतृत्व में आठ सार्वजनिक उद्यमों के माध्यम से इस योजना का प्रसार राज्यों में किया जायेगा। इस योजना में सबसे अधिक फोकस गांवों पर किया गया है जिसके तहत हर जिले में एक 'मॉडल सौर गांव' विकसित किया जाएगा यानी यह गांव ग्रामीण क्षेत्र में छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र अपनाने के लिए मॉडल बनेगा। यह योजना अगर ठीक से आगे बढ़ी और नौकरशाही और नियमों-कानूनों के जंजाल से मुक्त रही, तो निश्चित रूप से सौर ऊर्जा क्रांति की दिशा में मील का पत्थर बनेगी। लेकिन इसके लिए राज्यों, गैर सरकारी संगठनों के साथ ही आमजन को भी जोड़ना होगा। दरअसल जनभागीदारी किसी भी योजना की सफलता की गारंटी होती है। इसलिए सरकार को उन सभी योजनाओं में, जो जनकल्याण के साथ दीर्घकालीन प्रगति से जुड़ी हुई हैं उसमें सभी हितग्राही पक्षों की अगर भागीदारी हो, तो काम बहुत तेज गति से आगे बढ़ता है। इसलिए सरकार को अपनी तरफ से सभी प्रयास करने के साथ ही सभी पक्षों को योजना की प्रगति से जोड़ना चाहिए।



**प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना देश में सौर ऊर्जा क्रांति की दिशा में मील का पत्थर बन सकती है बशर्ते योजना को जन भागीदारी से लागू करें।**

# इस बार दिल्ली के दिल पर कौन करेगा राज



लोकमित्र



**मध्यवर्ग के साथ दिक्कत ये होती है कि उसका एक बड़ा तबका ऐन चुनाव के दिन वोट करने के लिए घर से नहीं निकलता, वर्ना भाजपा की पकड़ दिल्ली के मध्यवर्ग पर जबर्दस्त है और मध्यवर्ग कई वजहों से अरविंद केजरीवाल से नाराज है। एक बड़ी वजह तो दिल्ली का लगातार गैस चैंबर बने रहना, उन्हें केजरीवाल के खिलाफ ले जाता है।**

पिछले एक पखवाड़े से किसी भी दिन दिल्ली विधानसभा चुनावों की घोषणा का जो इंतजार था, वह इंतजार गुजरी 7 जनवरी 2025 को खत्म हुआ। हाल की किसी भी चुनावी घोषणा से ज्यादा करीब डेढ़ घंटे चली प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने हालांकि दिल्ली विधानसभा चुनावों पर सिर्फ 10 मिनट ही बोले, लेकिन वोटर लिस्ट में गड़बड़ी, खास वर्ग के मतदाताओं का सूची से नाम हटाने और ईवीएम विवाद पर करीब 1 घंटा 20 मिनट बोले। बहरहाल जहां तक दिल्ली विधानसभा चुनावों से संबंधित आंकड़ों की बात है तो आगामी 10 से 17 जनवरी 2025 के बीच दिल्ली की 70 विधानसभाओं के लिए नामाकंन की प्रक्रिया शुरू होगी। 20 जनवरी 2025 को नाम वापस लिया जा सकता है और 5 फरवरी 2025 को एक ही चरण में सभी सीटों पर मतदान होगा। 8 फरवरी 2025 नतीजे घोषित होंगे। दिल्ली के 1.55 करोड़ मतदाताओं के लिए 33,330 मतदान केंद्र बनाये जाएंगे। जहां तक मतदाताओं में लिंगवार संख्या का सवाल है तो 13.49 पुरुष और 71 लाख महिला मतदाता हैं। युवा मतदाताओं की संख्या करीब 26 लाख होगी जिनमें करीब 2.08 पहली बार वोट डालेंगे। यह तो हुई दिल्ली विधानसभा चुनावों के विभिन्न तथ्यों की बात। अब असली मुद्दे पर आते हैं कि इस बार के विधानसभा चुनाव पिछली दो बार के विधानसभा चुनाव से कैसे भिन्न होंगे?

पिछली दो बार दिल्ली विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने भारी बहुमत से जीत हासिल की थी और दोनों बार सबसे बुरा हाल वैसे तो दोनों ही पार्टियों यानी कांग्रेस और भाजपा का रहा है, लेकिन कांग्रेस का तो बिल्कुल सूपड़ा ही साफ होता दिखा है। मसलन साल 2020 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को जहां 70 में से 62 सीटें मिली, वहीं भारतीय जनता पार्टी को 8 और कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली थी। जबकि इसके पहले 2015 में तो आम आदमी पार्टी ने और भी इन दोनों का सूपड़ा साफ किया था। तब भाजपा का विधानसभा चुनाव में नेतृत्व करने वाली किरण बेदी और कांग्रेस के अजय माकन भी बुरी तरह से हार गए थे। आम आदमी पार्टी ने 70 में से 67 सीटें जीती थीं और उसे कुल 54.3 फीसदी मत प्राप्त हुए थे। भाजपा को सिर्फ 3 सीटें मिली थीं। हालांकि 2020 के मुकाबले तब उसे सिर्फ 0.8 फीसदी ही वोट कम मिले थे। साल 2015 में भाजपा को दिल्ली विधानसभा चुनावों में 32.3 फीसदी वोट मिले थे। विस्तार में ये आंकड़े इसलिए कि इन आंकड़ों के आधार पर 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव का विश्लेषण नहीं किया जा सकता। इसकी वजह ये है कि 2025 में दिल्ली में मुकाबला तितरफा और कांटे का है। इस कड़े दोहरे मुकाबले की सबसे बड़ी वजह कांग्रेस का मजबूत त्रिकोण है। जानकारों की मानें तो इस बार कांग्रेस हालांकि दिल्ली में सरकार बनाने की स्थिति में तो नहीं आयेगी, लेकिन वह इस कदर नतीजों को प्रभावित करेगी कि आम आदमी पार्टी के लिए पिछले दो बार की तरह आसानी से चुनाव जीतना संभव नहीं होगा। इस चुनाव में सक्रिय भूमिका निभा रहे और पिछले दो बार के चुनाव में भी सक्रिय रहे राजनीतिक कार्यकर्ता एवं विश्लेषक रमेश शर्मा कहते हैं, इस बार उम्मीद है कि पिछले दो विधानसभा चुनावों से उलट कांग्रेस कम से कम 10 विधानसभा सीटें जीतेगी साथ ही उसका वोट बैंक भी पिछले दो बार के चुनावों के मुकाबले 5 से 10 फीसदी तक ज्यादा होगा।

## दिल्ली विस चुनाव

इसकी वजह यह है कि इस बार कांग्रेस जबर्दस्त मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है और यह अपने आपमें रहस्य है कि कांग्रेसी उम्मीदवारों को वित्तीय सहायता कहां से मिल रही है? कहीं कहीं तो दबी जुबान चर्चा यह भी है कि कांग्रेसी उम्मीदवारों को भाजपा से ही यह मदद मिल रही है ताकि किसी भी तरह से आम आदमी पार्टी को सत्ता से बेदखल किया जाये। लेकिन अगर ऐसा हुआ तो शायद भाजपा की बजाय आम आदमी पार्टी को ज्यादा फायदा होगा। क्योंकि चोरी चुपके कांग्रेसी उम्मीदवार भाजपा से वित्तीय मदद हासिल भी कर लें तो भी वे चुनावों के बाद भाजपा का समर्थन नहीं कर सकते, भले आम आदमी पार्टी को भी समर्थन न करें। ऐसी स्थिति में विधानसभा में बहुमत सिद्ध करने के दौरान वो मतदान से बाहर रहकर आम आदमी पार्टी को फायदा पहुंचा सकते हैं। कहने का मतलब यह कि अगर इन चुनावों में भाजपा किसी भी वजह से पूर्ण बहुमत हासिल नहीं करती, तो भी उसके इए सरकार बनाना मुश्किल होगा। ऐसी स्थिति में सरकार आम आदमी पार्टी की ही बनती नजर आयेगी। लेकिन यह अनुमान इतना ही आसान नहीं है, क्योंकि इस बार सचमुच दिल्ली विधानसभा के चुनाव कांटे के टक्कर के हैं। बसपा हमेशा की तरह इस बार भी सभी सीटों पर उम्मीदवार खड़े कर रही है, जाहिर है जो भाजपा को फायदा पहुंचायेंगे।

दिल्ली के चुनाव इस बार इसलिए भी दिलचस्प हैं क्योंकि यह पहला मौका है जब प्रधानमंत्री मोदी भी अपनी पूरी ताकत से इस विधानसभा चुनाव में बैटिंग करते नजर आएंगे। क्योंकि तारीखों की घोषणा के पहले उन्होंने दिल्ली में जो दो बड़ी रैलियां की हैं, उससे यही अनुमान लगता है। लेकिन सब कुछ के बावजूद भी भाजपा के लिए यह आसान चुनाव नहीं होगा। हालांकि सूत्र बताते हैं कि इस बार पिछले दो बार के मुकाबले कई हजार ज्यादा संघ के कार्यकर्ता अपनी पूरी ताकत से चुनाव में मतदाताओं का मन बदलने के लिए उतरेंगे बल्कि करीब आधे तो अब तक उतर भी चुके हैं। साथ ही हाल में जिस तरह से भाजपा ने महाराष्ट्र और हरियाणा के विधानसभा चुनाव जीते हैं, उसका भी उसके पास अपर हैंड है। लेकिन आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं में जो जीवटता, जोश और अरविंद केजरीवाल में जिस तरह का तूफानी प्रचार और नैरेटिव तय करने की ताकतवर खूबी है, उसके सामने दिल्ली के मतदाताओं के लिए खास करके झुग्गी झोपड़ी और कच्ची कालोनियों में रहने वाले 40 से 45 लाख वोटरों का किसी और पार्टी के लिए वोट देना आसान नहीं होगा। 10 सालों की एंटीइंकमबेंसी के बावजूद दिल्ली के आम लोगों के दिल दिमाग में अरविंद केजरीवाल की गरीबों के मददगार के रूप में जो छवि है, वह कमजोर नहीं हुई। 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, 20 हजार लीटर तक मुफ्त पानी और महिलाओं की मुफ्त बस यात्रा, ये कुछ ऐसी सुविधाएं हैं, जो उन्हें बार बार अरविंद केजरीवाल की तरफ मुड़ने के लिए बाध्य करेंगी। लेकिन दिल्ली की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत बनकर उभरा है यहां का मध्यवर्ग। मध्यवर्ग के साथ सिर्फ दिक्कत ये होती है कि उसका एक बड़ा तबका ऐन चुनाव के दिन वोट करने के लिए घर से नहीं निकलता, वर्ना भाजपा की पकड़ दिल्ली के मध्यवर्ग पर जबर्दस्त है और मध्यवर्ग कई वजहों से अरविंद केजरीवाल से नाराज है। एक बड़ी वजह तो दिल्ली का लगातार गैस चैंबर बने रहना, उन्हें केजरीवाल के खिलाफ ले जाता है और दूसरी बड़ी बात मध्यवर्ग को लगता है कि केजरीवाल जिस तरह मुफ्त की रेवड़ियां बांट रहे हैं, उससे दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर आदि के लिए धन नहीं बचेगा। मध्यवर्ग केजरीवाल की लोक लुभावन नीतियों के विरोध में है और अगर मध्यवर्गीय मतदाता तय कर लें तो दिल्ली में उसी की सरकार बनेगी, जिसे वो चाहेंगे। क्योंकि दिल्ली में करीब 50 से 55 लाख मध्यवर्गीय मतदाता हैं और इनमें सबसे ज्यादा पकड़ भाजपा की ही है। भाजपा का अपने पारंपरिक पंजाबी वोटर पर तो कब्जा है ही, चुनाव समीकरणों पर बारीकी से नजर रखने वाले रमेश शर्मा के मुताबिक, 'दिल्ली के जाट गुर्जर मतदाताओं, साथ ही जो दिल्ली के मूल निवासी हैं, इन सब पर समग्रता में भाजपा की अच्छी पकड़ है। कुल मिलाकर आप और भाजपा दोनों के पक्ष में जीत के कई तर्क मौजूद हैं तो हार की कई वजहें भी। इसलिए दिल्ली का मुकाबला इस बार बेहद कड़ा है।

## सोशल मीडिया



प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य इन्फ्रा मिशन के तहत मंगलदाई सिविल अस्पताल का दौरा किया और 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास किया। जगत प्रकाश नड्डा.



किसानों की सेवा हमारे लिए भगवान की पूजा है, हमारे किसान समृद्ध संपन्न, आत्मनिर्भर हों, यही केंद्र सरकार का संकल्प है, किसानों के विकास को इस वर्ष गति मिली। शिवराज सिंह चौहान.



नदियां किस जगह आकर मिलेंगी यह प्रकृति पर छोड़ देना चाहिए, उसके लिए मनमानी करना और जबरदस्ती करके बहाव को बदलना अनुचित भी है और अवांछनीय भी है। अखिलेश यादव.

# प्रसन्नता वरदान है...

## अंतर्दृष्टि

जब तुम प्रेम में होते हो और खुश होते हो तो भूल जाते हो। लेकिन, जब संघर्ष, नफरत और गुस्सा होता है तो तुम उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने लगते हो। ऊपर से वे अक्षम लोग, वे नैतिकतावादी, वे पुरोहित, वे राजनेता, वे मिल कर चिल्लाते हैं एक स्वर से कि देखो, हमने तुमसे पहले ही कहा था, और तुमने हमारी नहीं सुनी। प्रेम को त्यागो। प्रेम दुख बनाता है। इसे त्यागो, उसे त्यागो, जीवन को त्यागो। इन बातों को अगर बार-बार दोहराया जाता रहता है तो उनका असर होने लगता है। लोग उनके सम्मोहन में फँस जाते हैं। तुम कहते हो कि तुम उपवास करते रहे हो, तुमने ब्रह्मचर्य व्रत का पालन किया है। उपवास का भला बुद्धत्व से क्या ताल्लुक हो सकता है? ब्रह्मचर्य का बुद्धत्व से कोई संबंध नहीं हो सकता? बेतुकी बात है। जो भी तुम करते हो जैसे कि तुम कहते हो कि मैं बुद्धत्व प्राप्त करने के लिए रात-रात भर जागता रहता हूँ। दिन में बुद्धत्व प्राप्त करने की कोशिश क्यों नहीं करते? रात भर जागने की क्या जरूरत है? ये कुदरत के विरोध में तुम कयों खड़े हुए हो? बुद्धत्व प्रकृति के खिलाफ नहीं होता। वह प्रकृति की परितृप्ति है। वह तो प्रकृति की चरम अभिव्यक्ति है। वह तो जितना संभव हो सकता है, उतनी प्रकृति है। प्रकृति के खिलाफ होने पर नहीं, बल्कि साथ होने पर ही तुम बुद्धत्व तक पहुँचते हो। वह बहाव के खिलाफ तैरने से नहीं, बल्कि उसके साथ बहने से मिलता है। नदी की यात्रा तो पहले से ही समुद्र की तरफ है। तुम्हें उसके खिलाफ तैरना शुरू करने की कोई जरूरत नहीं, जबकि तुम करते यही रहे हो। अब तुम पूछोगे कि तो मुझे क्या करना चाहिए? मैं कहूँगा कि दुख के प्रति अपनी आसक्ति त्याग दो। तुम बुद्धत्व की खोज नहीं कर रहे हो, बल्कि तुम तो दुख की खोज में लगे हुए हो। बुद्धत्व तो सिर्फ एक बहाना है। जीवन से प्रेम करो, और अधिक खुश रहो। जब तुम एकदम प्रसन्न होते हो, संभावना तभी होती है, वरना नहीं। कारण यह है कि दुख तुम्हें बंद कर देता है, सुख तुम्हें खोलता है। क्या तुमने यही बात अपने जीवन में नहीं देखी? जब भी तुम दुखी होते हो, बंद हो जाते हो, एक कठोर आवरण तुम्हें घेर लेता है। तुम खुद की सुरक्षा करने लगते हो, तुम एक कवच-सा ओढ़ लेते हो। वजह यह है कि तुम जानते हो कि तुम्हें पहले से काफी तकलीफ है और अब तुम और चोट बर्दाश्त नहीं कर सकते। दुखी लोग हमेशा कठोर हो जाते हैं। उनकी नरमी खत्म हो जाती है, वे चट्टानों जैसे हो जाते हैं। एक प्रसन्न व्यक्ति तो एक फूल की तरह है। उसे ऐसा वरदान मिला हुआ है कि वह सारी दुनिया को आशीर्वाद दे सकता है। **– वीओएल.**

# पापी पेट का सवाल है...

## व्यंग्यलोक

चुनाव की बेला है। वायदों की भरमार है। न्यूज मंडिया भी सज-धज कर तैयार हो गयी हैं। चैनल आपस में टकरा रहे हैं। घूरे में घूमते गधों के सिर चकरा रहे हैं। अपनी ही पार्टी के, अपने ही लोग, अपने ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर धक्कम-प्लेट लगा रहे हैं। चैनल फिलहाल बाढ़ की रोटी तोड़ रहे हैं। चैनल रानी, कहे बाढ़ की कहानी! टीवी माता पर बैठे सर्व एंकर ज्ञानी। कशिश ड्रेस में बैठी है एंकरानी! बाढ़ ज्ञान की उल्टी करते दिखाई पड़ रहे हैं। लेकिन इन सबसे चैनलों की पेट भराई नहीं हो रही है। ऐसे में न्यूज चैनलों के आगे रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। हर एक न्यूज चैनल पर खूंखार ज्ञान बाज एंकर मौजूद हैं। ज्ञानबाज एंकर माइक के गले को कस के खड़े हैं। विचार चाहे कितने ही सड़े हैं, परन्तु ज्ञान देने के लिए अड़े हैं। चैनलों पर आजकल न्यूजों को घोट डालने का काम चल रहा है। एक समय था, जब न्यूज चैनलों पर जगपुर के जिन्न और चंचलपुर की चुड़ैलें भारी पड़ती थी। प्राइम टाइम में ये अपना जलवा बिखेरती थीं। अब नगीनानगर की नागिनों का अलग ही जलवा कायम है। प्रीतपुर के प्रेत प्राइम टाइम में डिबेट करते नजर आ रहे हैं। तीसरे जिन्न की चौथी चुड़ैल ने पांचवें प्रेत की सातवीं नागिन को आपस में मिला दिया है।



रामविलास जॉगिड़

चैनलों को अब भूत, प्रेत, नागिन, चुड़ैल, डाकिन, शाकिन, जिन्न के भरोसे ही अपनी गाड़ी आगे बढ़ानी पड़ रही है। इनकी राजनीति ही सब पर भारी है। टीवी पर फिर कोई एंकरनी आएगी। वह कुर्सी से बीन बजवाएगी। वोटर को नचवाएगी। वैसे जहां-तहां, यत्र-तत्र कुर्सियां पसरी पड़ी हैं। वोटरों को नचाती कुर्सियों का जलवा बरकरार है। देवी एंकरनी चीख रही है। खुद कुर्सी की ड्रेस में दीख रही है। प्राइम टाइम पर हमारे टीवी पर एकमात्र कुर्सी देखिए! कुर्सी जो है, इच्छाधारी, जो है हर इच्छा पर भारी। रूप बदलने में कभी नर तो कभी नारी। कभी मंत्री बन जाती है तो कभी संतरी। कभी इस पार्टी में जाती है, तो कभी उस पार्टी में जाकर सरकार गिराती है। सरकार उठाने वाली और सरकार गिराने वाली कुर्सी। इधर एक खाओ-कमाओ चैनल में बूढ़ा मंत्री बरगद पेड़ के नीचे बैठा चिल्ला-चिल्ला कर चिल्ला रहा है। आज हमारे चैनल पर देखिए लाइव मंत्री! एकदम ताजा मंत्री! मंत्री जो लाइव चैटिंग करता है! मंत्री जो डेटिंग करता है! मंत्री जो सेटिंग करता है! हमारा वाला असली जोरदार मंत्री! पहली बार एक मंत्री व दूसरे मंत्री के बीच लाइव संवाद! शमशान वाला मंत्री व कब्रिस्तान वाला मंत्री। दोनों मंत्री एकसाथ। कौमी एकता की भरपूर मिसाल। इनकी गजब की केमिस्ट्री सिर्फ हमारे चैनल पर! न्यूजों का तो वैसे ही अकाल है। पापी पेट का सवाल है।

# विदेशी लेखकों ने भी किया है कुंभ की महिमा का बखान




धर्म/आध्यात्म

भारतीय संस्कृति और आध्यात्म के अद्भुत प्रतीक कुंभ पर भारतीयों की ही तरह कई विदेशी लेखक भी फिदा रहे हैं और उन्होंने बेहद श्रद्धा और सम्मान के भाव से कुंभ पर अपनी टिप्पणियां लिखी हैं। अनेक विदेशी यात्री, अन्वेषक, राजनेता, इन्होंने तो कुंभ को हैरानी से देखा, समझा और रिकॉर्ड किया ही है, विदेशी कलमकारों ने भी कुंभ पर खूब श्रद्धा और सम्मान से भरी टिप्पणियां लिखी हैं। यहां कुछ महत्वपूर्ण विदेशी लेखकों का जिक्र जरूरी है।

**एलन गिन्सबर्ग**

अमरीकी कवि और लेखक एलन गिन्सबर्ग 1962 में प्रयाग में लगने वाले महाकुंभ में आये थे। यहां आने के पहले तक वह भारत के प्रशंसकों में से नहीं थे, न ही भारतीय सभ्यता और संस्कृति को कोई ऊंचा मान देते थे। लेकिन कुंभ का विराट संगम देखकर उनकी आंखें खुली की खुली रह गईं। उनके इस अनुभव ने उन्हें भारत की आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक विराटता का मुरीद बना दिया। उन्होंने कुंभ को सामूहिक चेतना का अद्वितीय प्रदर्शन बताया है। गिन्सबर्ग दो चार दिनों कुंभ में रहने के लिए यहां पहुंचे थे, लेकिन उनका साधु और संन्यासियों की संगति में दिल कुछ ऐसे रमा कि वह पूरे कुंभ मेला के दौरान प्रयाग में ही रहे। साधुओं संन्यासियों के साथ तीर्थयात्रियों के बीच अपना समय बिताया और इसे मानवता की, धार्मिकता और उत्सवधर्मिता का अद्भुत अनुभव करार दिया।

**मार्क ट्वेन**

अमरीकी पत्रकार, लेखक और व्यंग्यकार मार्क ट्वेन ने 1895-96 में भारत की यात्रा की थी। उस दौरान कुंभ मेला चल रहा था। कई दूसरे लेखकों और पत्रकारों की तरह मार्क ट्वेन भी कुंभ का अपार जनसमूह देखकर हैरान रह गये और उनकी कलम ने अहटठाथ लिखा, मतलब ऐसी आस्था की शक्ति जिसमें बड़ी संख्या में वृद्धों, कमजोरों, युवाओं और दुर्बलों को बिना किसी हिचकिचाहट या शिकायत के ऐसी अविश्वसनीय यात्राओं पर जाने के लिए प्रेरित कर सकती है तथा होने वाले कष्टों को बिना किसी पश्चाताप के सहन कर सकती है। यह अद्भुत आस्था की शक्ति है। मार्क ट्वेन ने कुंभ को भारतीय सभ्यता का महापर्व कहा है।

**रॉबर्ट वायनर**

ब्रिटिश पत्रकार और स्तंभ लेखक रॉबर्ट वायनर ने कुंभ मेले को एक चमत्कारिक सामाजिक घटना कहा है। उन्होंने कुंभ की तुलना दुनिया के सबसे बड़े मानव सभाओं से की है और कहा है कि यह अराजकता में व्यवस्था का प्रतीक है। रॉबर्ट वायनर चूंकि पत्रकार थे, इसलिए उन्होंने साधुओं और विशेषकर नागा साधुओं पर अनेक लंबी लंबी स्टोरियां की हैं, जो मुख्यतः उनकी जीवनशैली और आध्यात्मिक फक्कड़पन से ओतप्रोत रही है।

**डैन एकरमैन**

अमरीकी लेखक डैन एकरमैन ने कुंभ मेले को विश्व का सबसे बड़ा आत्मा का सम्मेलन कहा है। उन्होंने कहा कि यह इतना विराट और चुबंकीय आयोजन है कि इसे पूरी तरह से जानने समझने के लिए एक नहीं बल्कि कई बार यहां आने और इसमें आत्मसात हो जाने की जरूरत है। कुंभ मेले की विशालता और आध्यात्म की सहज अनवरतता को देखकर डैन एकरमैन अभिभूत हो गये।

**रूडयार्ड किपलिंग**

रूडयार्ड किपलिंग का क्योंकि भारत में ही जन्म हुआ और वह लंबे समय तक भारत में ही रहे, इसलिए वह कुंभ को भारतीयों की तरह ही पवित्र आस्था और श्रद्धा से देखते थे। कुंभ मेले का उन्होंने अपनी कई रचनाओं में जिक्र किया है और वह लिखते हैं कि यह महज एक धार्मिक मेला या सत्संग भर नहीं है बल्कि इस समागम से अनेक सनातन सत्य निकलते हैं। रूडयार्ड किपलिंग बाकी विदेशी लेखकों की तरह मेले में जाकर रहने और उसमें अभिभूत हो जाने की विहलता नहीं दिखाते थे। लेकिन वो कुंभ को दूर से देखते और महसूसते थे। उनका विशेषकर नागा साधुओं के जीवन से लगाव था और उन्होंने अपनी बहुत सी रचनाओं में इनका वर्णन किया है।

**फ्रंकोइस बर्नियर**

17वीं सदी के इस फ्रांसिसी यात्री ने अपनी पुस्तक 'ट्रैवेल्स इन द मुगल इम्पायर' में कुंभ मेले का जिक्र किया है। उन्होंने इसे भारत की महान सामाजिक और धार्मिक विविधता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया है।

**पाल ब्रंटन**

ब्रिटिश लेखक पाल ब्रंटन ने कुंभ मेले में भाग लिया और अपनी किताब 'ए सर्च इन सीक्रेट इंडिया' में इसका विस्तार से वर्णन किया है। कई दूसरे जिज्ञासु विदेशियों की तरह ब्रंटन ने भी साधुओं और योगियों के साथ काफी लंबा समय बिताया है और कुंभ को भारतीय आध्यात्मिकता का उत्कृष्ट आयाम घोषित किया है। **नरेंद्र शर्मा.**

## विचार

जो व्यक्ति निरुत्साहित, दीन और शोकाकुल रहता है, उसके सभी काम बिगड़ जाते हैं और वह बड़े संकट में पड़ जाता है।

– महर्षि बाल्मीकि.

श्रद्धा का अर्थ है आत्मविश्वास और आत्मविश्वास का अर्थ है ईश्वर पर विश्वास।

– महात्मा गांधी.

कोई भी व्यक्ति जब तक किसी वस्तु के लिए श्रम नहीं करेगा, तब तक वह वस्तु उसे प्राप्त नहीं हो सकती।

– गारफील्ड.

जो संपूर्ण प्राणियों को शांत रखने का प्रयत्न करता है। सर्वदा सत्य व्यवहार करता है। कोमल व्यवहार होकर सबका सम्मान करता है, सर्वदा शुद्ध भावसे रहताहै, वह कुल में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

– महात्मा विदुर.

जो व्यक्ति को कुचले, वह अत्याचारी है। चाहे उसका नाम कुछ भी क्यों न रख दिया जाये।

– गिल.

## आपकी बात

### कृषि पर फोकस बढ़ाये सरकार

कृषि को लेकर लफ्फाजी अधिक और काम बहुत कम किया गया जिसका परिणाम आज देश के करोड़ों किसानों को गरीबी, कम आय और कृषि के लिए पर्याप्त बुनियादी संरचना की अनुपलब्धता के रूप में भुगतना पड़ रहा है। जिन्होंने अस्सी-नब्बे के दशक में पढ़ाई की है उन्होंने यह जरूर पढ़ा होगा कि, भारत कृषि प्रधान देश है, देश की सत्तर-अस्सी प्रतिशत लोगों की जीविका खेती पर निर्भर करती है, खेती से सर्वाधिक रोजगार मिलता है और तुर्रा यह भी कि 'देश की आत्मा गांवों में बसती है।' कृषि, गांव और ग्रामीण जीवन के बारे में इतना अच्छा-अच्छा किताबों में बताकर एक गुलाबी वातावरण जरूर बनाने का प्रयास किया गया लेकिन खुरदुरा सचाई यह है कि खेती और ग्रामीण जीवन को संवारने के लिए, कृषि के साथ भावनात्मक संबंधों को आगे बढ़ाते हुए इसे एक लाभप्रद व्यवसाय में बदलने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। शायद इसके पीछे एक कारण यह भी रहा हो कि यह एक लंबी प्रक्रिया थी, इसमें भारी निवेश की जरूरत थी और एक लंबे समय तक इससे कोई सियासी लाभ भी मिलने मिलने वाला नहीं था।

आज जब देश में ऐसा चुनावी वातावरण बन गया है कि 'कर्ज माफी, मुफ्त बिजली' जैसे चुनावी वायदे सियासी जमातों को कुछ ही सप्ताहों, महीनों में फर्श से अर्श पर पहुंचा देते हैं, तब भला ग्रामीण विकास के लिए एक लंबी, शतत् और निवेश साध्य प्रक्रिया में उलझकर कोई भी अपने आपको घनचक्कर क्यों बनाना चाहेगा। वह भी तब जबकि मतदाता इतना सूझ-बूझ वाला है कि वह लंबे निवेश और विकास की ठोस योजनाओं के बजाय मुफ्त के माल पर ज्यादा आकर्षित होता है। बहरहाल यह सब तो सियासी हथकंडा है। असलियत यह है कि हर चुनाव में कर्जमाफी का वायदा किया जाता है, इसके बावजूद देश का किसान गंभीर कर्ज संकट के दौर से गुजर रहा है। यह सही है कि भारत की प्रगति का रास्ता गांवों से गुजरता है और इसके लिए सरकार को बड़े निवेश और दीर्घकालिक योजनाओं के साथ शतत् प्रयास की जरूरत है। अगर सरकार इस दिशा में पहल करती है, तो निश्चय ही एक-दो दशक बाद ग्रामीण भारत के साथ ही संपूर्ण देश की तकदीर बदल सकती है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अनाज भंडारण की महत्वाकांक्षी योजना की जो घोषणा की है वह ऐसी ही एक योजना है जो भारत की तकदीर और तस्वीर दोनों बदल सकती है। देश में खाद्य सुरक्षा को लेकर भी बहुत लफ्फाजी की गयी है, गैर जिम्मेदाराना तरीके से कानून बनाये गये हैं, लेकिन यह सोचने का प्रयास नहीं किया गया कि खाद्य सुरक्षा कानून बनाने से कैसे मजबूत होगी। क्या लोग कानून खायेंगे? हालांकि अनाज भंडारण की महत्वाकांक्षी योजना की जो घोषणा बीते साल की गयी है। इससे जरूर खाद्य सुरक्षा मजबूत होगी, अनाजों की बर्बादी भी कम होगी, किसानों को उनके उपज का वाजिब मूल्य दिलाने में भी मदद मिलेगी, गांवों में रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा।

**ज्ञान प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

### सामाजिक सुरक्षा के लाभ

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## संदिग्ध परिस्थिति में किशोरी का मिला शव

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कोतवाली इलाके में बुधवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी की अर्धनग्न लाश गांव के समीप नहर में पायी गयी। किशोरी के वस्त्र, चप्पल व शाल शव से 100 फिट की दूरी पर अलग बिखरे पड़े थे। मामले में मृतका के पिता की तहरीर पर गोसाईगंज पुलिस ने हत्या की धारा में केस दर्ज किया है। तहरीर में पड़ोस के गांव के एक युवक पर आशंका व्यक्त की गई है। पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूंछतांछ कर रही है। घटना गोसाईगंज व महराजगंज सीमा के सादुल्लाहपुर गांव का है। गोसाईंगंज कोतवाली इलाके के गोकुलपुर के मजरे सादुल्लापुर के रामगणेश की पुत्री चाँदनी मंगलवार को रात में खाना पीना खाकर घर मे अपनी छोटी बहन के साथ सोयी। सुबह गांव के बाहर घर से लगभग तीन सौ मीटर दूर पौसारा रजबहा में महराजगंज थाना क्षेत्र के कंचनपुर के समीप उसका अर्धनग्न शव पानी मे औंधे मुंह पड़ा हुआ था। सादुल्लाहपुर गांव का ही एक युवक जब नहर पर शौंच के लिए आया तो शव देखकर उसके होश उड़ गए। शव औंधे मुंह पड़ा होने के कारण वह पहचान नही पाया।

# 3,70,829 मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। प्रदेश में हॉट सीट बनी मिल्कीपुर में उपचुनाव के लिए डुगडुगी बज गई है। जिल्स प्रशासन भी पूरी तैयारी के साथ निष्पक्ष चुनाव को कमर कस लिया है। मंगलवार को निर्वाचन आयोग से तारीख का ऐलान होने के

- मिल्कीपुर विधानसभा में है 255 मतदान केंद्र तो बनाये जायेंगे 414 मतदेयस्थल
- 10 जनवरी से 17 तक होगा नामांकन, 18 को जांच, 20 को नाम वापसी
- 05 फरवरी 2025 को मतदान तो 08 फरवरी को होगी मतगणना



बाद बुधवार को जिला अधिकारी चन्द्र विजय सिंह पत्रकार वार्ता आयोजित कर उपचुनाव की तैयारियों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। बताया कि जिला प्रशासन निर्भीकता और निष्पक्षता के साथ चुनाव कराने को प्रतिबद्ध है। जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह ने बताया कि 10 जनवरी से नामांकन शुरू होगा जिसकी अंतिम तिथि 17 जनवरी 2025 निर्धारित है। नामांकन के बाद 18 जनवरी 2025 को नामांकन पत्रों की जांच होगी। जिसके बाद 20 जनवरी को नाम वापसी होगी। 5 फरवरी को मतदान तो 8 फरवरी 2025 को मतगणना होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह ने बताया कि 273-मिल्कीपुर (अ0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदाता 3,70,829 है, जिसमें पुरुष मतदाता 1,92,984 तथा महिला मतदाता 1,77,838 व तृतीय लिंग 07 मतदाता है। उन्होंने बताया कि युवा मतदाता 4811, पीडब्लूडी मतदाता 4011 तथा 85 प्लस मतदाता 3001 है। चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु विधानसभा में 255 मतदान केन्द्र व 414 मतदेय स्थल बनाये गये है। मिल्कीपुर क्षेत्र को 04 जोन में बांटा गया है, जिसके लिए 41 सेक्टर मजिस्टेज्ट लगाये गये है। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ साथ मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, मुख्य कोषाधिकारी ममता सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, नगर मजिस्टेज्ट, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आजाद समाज पार्टी मिल्कीपुर उपचुनाव में उतरेगी प्रत्याशी

जिला संवाददाता(vol)

मिल्कीपुर-अयोध्या। आदर्श आचार संहिता लगने के बाद मिल्कीपुर में आजाद समाज पार्टी सक्रिय हो गई है । बुधवार को इनायतनगर में मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई । बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ ने कार्यकताओं के साथ बैठक कर पार्टी के नीतियों से अवगत कराया तथा चुनावी रणनीति पर चर्चा की एवं पार्टी पदाधिकारी को चुनावी टिप्स दिए। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस देश का जो संविधान हैं भारत के प्रत्येक नागरिक को फ्री में शिक्षा मिले इलाज मिले सुरक्षा मिले विकास हो जाति के नाम पर किसी के साथ भेदभाव न हो सभी क्षेत्रों में बराबरी का अवसर मिले संविधान भारत के प्रत्येक नागरिक को अधिकार देता है ।बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने कहा था सरकार में बैठे लोग इमानदारी से संविधान के अनुरूप कार्य करेंगे तो इस देश के गरीबों का कल्याण बहुत तेजी से होगा संविधान को लागू हुए 75 वर्ष हो गये लेकिन देश के 50 प्रतिशत लोग हाई स्कूल पास नहीं कर सके, गरीबों को अच्छा इलाज अच्छी शिक्षा नहीं मिल पा रही है। जाति और धर्म के नाम पर थाना और तहसीलों में भी भेदभाव किया जाता है। इन सभी अधिकारों को आम जनता तक पहुंचाने के लिए आजाद समाज पार्टी ने संकल्प लिया है। पार्टी मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव लड़कर देश को यह संदेश देगी की मिल्कीपुर की जनता हमारी पार्टी के नीतियों से संतुष्ट है, और बहुजन समाज के लोग पार्टी के साथ जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि आगे पार्टी तय करेगी किसको मिल्कीपुर से चुनाव लड़ना है ।इस मौके पर भावी प्रत्याशी सूरज चैधरी, जिलाध्यक्ष देवेश कुमार पिंटू, रवीन्द्र कुमार विष्णु प्रताप, गुलशन भारतीय , इस्लाम राणा ,संजय रावत, वसीर, विरेन्द्र मौर्या, अजय कुमार सहित पार्टी की कार्यकर्ता मौजूद रहे

## जिला चिकित्सालय पुरुष की उपलब्धियां और प्रस्तावित योजनाओ की सीएमएस डॉ. ने दी जानकारी




बाराबंकी। जिला चिकित्सालय पुरुष अधीक्षक डा0 बृजेश कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि अस्पताल परिसर मे प्रस्तावित योजनाओ डायलिसिस यूनिट की स्थापना एवं कियाशील करवाना, ब्लड कम्पोनेन्ट एवं सेपरेशन यूनिट (प्लेटलेट एवं पीआवीसी हेतु) की स्थापना एवं कियाशील करवाना, रक्त कोष का लाइसेंस प्राप्त करवाना, ट्रामा इमरजेंसी के सामने परिसर एवं ओपीडी के सामने परिसर में होने वाले जल जमाव को दूर करने हेतु उच्चीकरण एंव आरसीसी कराकर स्थाई समाधान करवाना, जिला चिकित्सालय के ट्रामा सेन्टर में 40 बेड से वृद्धि करके 100 बेड करने, इन्डोर के 100 बेड से 200 बेड करने को प्रस्तावित है। प्रस्ताव जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में संस्था हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लि0 एवं रूरल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के माध्यम से प्रस्तावित किया गया है। तो वही अस्पताल परिसर मे एक अतिरिक्त उच्चकोटि की 500 एमए की एक्स-रे डिजिटल मशीन ओपीडी में स्थापित करायी जा रही है। तथा जनहित में पैथोलॉजी लैब में एलाईजा मशीन की स्थापना कर पैथोलॉजी रिपोर्ट को सीधे मरीजों को हार्ड कॉपी के साथ-साथ साफ्ट कॉपी मोबाइल पर भी उपलब्ध करायी जा रही है। जिला चिकित्सालय पुरूष को लगातार दो बार एनक्यूएएस एंव एमयूएसक्यूएएन में 97 प्रतिशत स्कोर प्राप्त तथा लगातार पांच बार कायाकल्प अवार्ड प्राप्त किया है। सभी चिकित्साधिकारियो एवं चिकित्सा कर्मियों को सेवानिवृत्ति के दिन ही उनके सभी अनुमन्य देयक प्राप्त करवाने, बीएचटी एवं पुलिस सूचना पत्रक एवं पैथोलॉजी एवं एक्स-रे फार्म आदि को डिजाइन कर कियान्वयन करवाने, पंजीकरण काउंटर को 0 से बढ़ाकर 5 काउंटर चालू करवाये ऑनलाइन ओपीडी पंजीकरण एचएमआईएस एंव स्कैन एण्ड शेयर एबीडीएम में प्रदेश व देश में अग्रणी स्थान प्राप्त करवा उपलब्धि हासिल की है।

## ओवरस्पीडिंग, ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ परिवहन विभाग का दिखा सख्त एक्शन




बाराबंकी। ओवरस्पीडिंग, ड्रक एंण्ड ड्राइव, बिना हेलमेट-सीटबेल्ट समेत हाइवे पर संचालित ई-रिक्शा के खिलाफ परिवहन विभाग ने सख्त एक्शन लिया है। इस दौरान बिना

- 12 लाइसेंस निलंबित, 4 ई-रिक्शा समेत 1 वाहन सीज, 25 चालान

हेलमेट-सीटबेल्ट, स्पीड़ लिमिटिंग डिवाइस मिलने पर वाहन सीज एंव नियमो का उल्लंघन करने वाले 2 दर्जन वाहनो के चालान किये गये। अभियान मे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला व क्षेत्राधिकारी सुमित त्रिपाठी की संयुक्त टीम ने लखनऊ-अयोध्या हाइवे स्थित सागर विद्यालय पर 4 ई-रिक्शा, 1 ड्रिंक एण्ड ड्राइव समेत बिना हेलमेट-सीटबेल्ट के वाहन संचालन करने वाले छात्र-छात्राओ को नियमो का पाठ पढाया। इस दौरान 25 वाहनो के चालान किये गये। अभियान के दौरान दर्जनो वाहनो पर स्पीड़ लिमिटिंग डिवाइस क्रियाशील न मिलने पर सख्त कार्यवाही कर 12 ड्राइविंग लाइसेन्स को निलंबित किया गया। अभियान के दौरान यातायात प्रभारी रामयतन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## राम मंदिर के लिए मिली सर्वाधिक सवारी

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में रामलला की कृपा से परिवहन निगम की बल्ले-बल्ले हो रही है। नौ माह में जमकर झूमकर राजस्व आया है। ई-बसों के संचालन के बाद सर्वाधिक सवारी राम मंदिर के लिए ही मिली है।

- नौ माह के दौरान 20.37 लाख यात्रियों ने ई-बसों पर की यात्रा
- 15 लाख से अधिक सवारियों ने राम जन्मभूमि के लिए कटाया टिकट




22 बसों ने दिन भर फेरे लगाकर न सिर्फ भक्तों को उनके आराध्य के द्वार तक पहुंचाया है बल्कि सवारियों के हिसाब से सभी मानकों पर खरी भी उतरी हैं।

रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने से पहले ही केंद्र की मोदी सरकार ने यहां अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की सौगात दे दी। इसके साथ ही अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का कायाकल्प भी करा दिया। इसके बाद प्रदेश की योगी सरकार अयोध्या में ई-बसों की एक बड़ी खेप उतार दी। रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होते ही प्रदेश सरकार की कई योजनाओं के तहत टैक्सी-ई-रिक्शा व आस्था रथ भी उतार दिया गया। सहादतगंज से नया घाट तक के लिए ई-बसों ने रफ्तार पकड़ ली। नतीजा यह रहा कि नौ माह में 20.37 लाख यात्रियों ने इस पर सवारी की, लेकिन बड़ी बात यह है इसमें सर्वाधिक सवारी राम मंदिर के लिए रही। लगभग 15 लाख सवारियों ने राम मंदिर तक के लिए टिकट कटाई ।अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर आने-जाने वाले यात्रियों की संख्या को देखते हुए तीन ई-बसों को एयरपोर्ट पर लगा दिया गया। ये तीन बसें एयरपोर्ट से सिविल लाइन्स रामपथ होते हुए नया घाट को जानी शुरू हुई हैं। प्राण प्रतिष्ठा के समय ये बसें लखनऊ से आई। यह काफी अत्याधुनिक हैं। पूरी तरह से वातानुकूलित बसों के आटोमेटिक दरवाजे हैं, जो स्वयं ही। खुल जाते हैं। परिवहन निगम अयोध्या क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने बताया कि ई-बसों को बड़ी संख्या में सवारियां मिल रही है। भविष्य में ई-बसों को अन्य रूट पर भी उतारने की योजना है।

### शीत-ऋतु करती है डिप्रेशन में वृद्धिः डॉ. आलोक

अयोध्या। लगातार गिरता तापमान तथा कोहरे व धुन्ध भरे मौसम में बढ़ रहे जाड़े की तीव्रता का असर शीत- ऋतु भावनात्मक विकार या सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर या एस ए डी के लिये अनुकूल स्थति होती है। इस विकार को विंटर-डिप्रेशन भी कहा जाता है। इसमें उदासी, निराशा, चिड़चिड़ापन, अनिद्रा या अतिनिद्रा, अनमनापन, मूड स्विंग, थकान, भूख में बदलाव, नशाखोरी, आत्मघाती या परघाती व्यवहार जैसे लक्षण दिख सकते है ।उक्त जानकारी यह जानकारी मौसमी-मनो विकार जागरूकता के तहत जिला चिकित्सालय के मनोपरामर्शदाता डा. आलोक मनदर्शन ने दी। उन्होंने बताया कि मस्तिष्क में मौजूद हैप्पी-हार्मोन सेरोटोनिन मूड स्टेबलाइजर का कार्य करता है जिससे भावनात्मक-स्थिरता का संचार होता है। सूर्य का प्रकाश इसका प्रमुख स्रोत है।

## महाकुम्भ मेला के लिए जनपद को आवंटित हुआ 70 बसों का बेड़ा

बहराइच ।13 जनवरी 2025 से प्रारम्भ हो रहे महाकुम्भ मेले के सफल संचालन हेतु अनुसगिंग व्यवस्थाओं एवं मेले में आने वाले श्रद्धालुओं, यात्रियों, पर्यटकों को सुगम एवं सुचारू परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु महाकुम्भ मेला 2025 में बहराइच डीपो को 70 बसों का आवंटन निर्धारण किया गया है। 70 बसों में 30 विशेष कलर की बसों का आवंटन जनपद बहराइच में प्राप्त हुआ है। इन बसों का रूट पयागपुर, मिहींपुरवा, विशेश्वरगंज, महसी, नानपारा, कैसरगंज, गंगवल बाजार एवं हुजूरपुर से 02-02 बसें संचालित की जायेगी।

यह जानकारी देते हुए सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक बहराइच ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा महाकुम्भ मेले के लिए निगम बसों में किसी भी यात्री/ग्राम प्रधान/प्रेरक द्वारा अपने समूह के लिए बुकिंग स्थल से गन्तव्य स्थल प्रयागराज तक अथवा वापसी ट्रिप हेतु एक मुश्त 50 यात्रियों की अग्रिम बुकिंग कराने की स्थिति में उक्त यात्री/ग्राम प्रधान/प्रेरक को बुकिंग स्थल से गन्तव्य स्थल तक दो यात्रियों का बिना किराया भुगतान किये (फ्री) यात्रा करने की सुविधा अनुमन्य होगी। उन्होनें बताया कि इसके अतिरिक्त मुख्य पर्वो (स्नान) पर्व पर भीड़ बढ़ने पर अतिरिक्त वाहनों की व्यवस्था की जायेगी।

## प्रोजेक्ट अलंकार योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न



बहराइच ।माध्यमिक शिक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित प्रोजेक्ट अलंकार योजना अन्तर्गत राजकीय विद्यालय भवनों का निर्माण एवं मरम्मत, शौचालय, स्वच्छ पेयजल, प्रयोगशाला, अतिरिक्त कक्षों तथा मल्टीपर्पज हाल के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए मंगलवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि प्रोजेक्ट अन्तर्गत शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाईन एवं मानक के अनुसार निर्माण कार्यों का गुणवत्तापरक ढंग से कराया जाय। डीएम ने डीआईओएस को निर्देश दिया कार्यस्थलों का नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए यह सुनिश्चित किया जाय कि शासन द्वारा निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण हो रहे है। डीएम ने डीआईओएस को निर्देश दिया कि तहसील स्तरीय उप समितियों के साथ बैठक कर उन्हें भी योजना के लिए जारी दिशा निदेशों तथा गाईडलाइन की समुचित जानकारी प्रदान की जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रोजेक्ट अलंकार अन्तर्गत ऐसे शासकीय विद्यालय जहां पर किन्ही कारणों से कार्य प्रभावित है वहां पर तहसील स्तरीय उप समितियों के माध्यम से निरीक्षण कराकर कार्यों में आ रही बाधा को दूर कराया जाय। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार, अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रदीप कुमार, कार्यदायी संस्था सिडको के घनश्याम बिरला सहित अन्य अधिकारी व सम्बन्धित विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

## बिना स्पीड लिमिट डिवाइस के सड़क पर फर्राटा भरते मिले 5 वाहन हुए सीज

बाराबंकी। ओवरस्पीडिंग से होने वालों दुर्घटनाओं को लेकर परिवहन विभाग द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान स्पीड लिमिट डिवाइस न लगाने वाले वाहनों पर सख्त कार्यवाही की गई। सड़क सुरक्षा माह

- सभी वाहन स्वामी स्पीड गवर्नर लगवाकर रिकार्ड कराये अपडेट: अंकिता शुक्ला



के अन्तर्गत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम की संयुक्त टीम ने बस अड्डे पर मौजूद बसों में स्पीड लिमिटिंग डिवाइस (स्पीड गवर्नर) की जाँच की। इस दौरान 2 बसों में स्पीड लिमिटिंग डिवाइस न लगे मिलने पर प्रवर्तन कार्यवाही करते हुये निरुद्ध किया गया। तथा नियमों के उल्लंघन तथा मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 5 वाहन चालकों के ड्राईविंग लाइसेस निलंबन की कार्यवाही की गई। इस सम्बन्ध मे जानकारी लेने पर एआरटीओ प्रशासन श्रीमती शुक्ला ने बताया कि अभियान चलाकर वाहनों में स्पीड लिमिटिंग डिवाइस लगे होने की जाँच नियमित रूप से की जा रही है। ऐसे वाहन स्वामी जिनके वाहनों में स्पीड लिमिटिंग डिवाइस नहीं लगी है अथवा क्रियाशील नहीं है। तत्काल स्पीड लिमिटिंग डिवाइस लगवाना सुनिश्चित कर रिकार्ड में अपडेट करा लें। एआरटीओ ने आगे बताया कि वाहनों में एसएलडी लगाने के बाद वाहन-4 पर अपलोड किया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। प्रपत्र देखने के बाद ही फिटनेस की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। जिसको लेकर अभियान लगातार जारी रहेगा।

## अवध विवि की एनईपी पीजी सेमेस्टर के साथ अन्य परीक्षाएं शुरू



अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी एमए, एमएससी व एमकॉम के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर तथा स्नातक वोकेशनल, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाएं बुघवार से शुरू हुई। दूसरी ओर एनईपी स्नातक सेमेस्टर परीक्षाएं पूर्व की भांति संचालित की जा रही है। पीजी की दो पालियों व स्नातक की तीन पालियों की परीक्षा में 43623 के सापेक्ष 1105 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

प्रथम पाली की परीक्षा में 12752, द्वितीय पाली में 15351, तृतीय पाली में 15520 के सापेक्ष क्रमशः 567, 272 व 266 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं इस परीक्षा में 22150 छात्र व 21473 छात्राओं में से 747 छात्र एवं 358 छात्राएं अनुपस्थित रही। विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर शासन की मंशानुरूप नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सचल दल द्वारा विभिन्न जनपदों के केन्द्रों पर औचक निरीक्षण किया गया। दूसरी ओर विश्वविद्यालय के कंट्रोल रूम से परीक्षा केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी की गई। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुवेर्दी ने बताया कि परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में एनईपी परास्नातक की परीक्षाओं के साथ परिसर की अन्य सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू हो गई है, जो 20 जनवरी तक चलेगी। वही स्नातक की सेमेस्टर परीक्षाएं पहले से संचालित है। इनकी परीक्षाएं 24 जनवरी तक सम्पन्न हो जायेगी। इस दिन की परीक्षा में 43623 के सापेक्ष 1105 अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न हुई।

## पहाड़ी क्षेत्र में हुई बर्फबारी तो सराय बरई झील में आने लगे विदेशी पक्षी



रामसनेहीघाट बाराबंकी। विकासखंड पूरेडलई के सरायबरई झील में सिंघाड़े की खेती शुरू होने से मुंह मोड़ चुके विदेशी पंछियों का फिर से आना शुरू हो गया है। पहाड़ी क्षेत्रों में तेज हुई बर्फबारी के चलते पंछियों का झुंड झील में उतर चुका है। भारी संख्या में आए पंछियों का शिकार न हो पाए इसके लिए वन विभाग अलर्ट हो गया है। जंहा वन कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। पंछियों को देखने व फोटो ग्राफ के लिए लोग सराय बरई झील पहुंचने लगे हैं। वर्ल्ड वाचार के लेखक नीरज श्रीवास्तव की अगवाई में वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर नवीन बनौधा, अतुल सिंह चैहान वन नीरज ने बताया कि इस झील पर यहां आने वाले ग्रे गूस बड़ा सावन पंछी अरसो से आ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से सिंघाड़े की खेती होने से यहां विदेशी पंछियों की संख्या काफी कम हो गई। इधर एक सप्ताह से पहले क्षेत्र में तेज हुई बर्फबारी के चलते सराय बरई झील में तीन दिनों में पंछियों की संख्या काफी बड़ी है। पंछियों की जानकारी नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि झील में जो पंछी दिख रहे हैं उनमें नॉरदन शोकलर कामन कूट गडवाल यूरोशियन वीजन साइबेरिया कामन टील गारगेनी फामन पोवर्ड कामन ग्रीनरोक कामन रेडशैक टेमनिक आदि प्रवासी पंछी है। यह सभी पंछी दिन में भोजन के लिए आते है और शाम होते ही चले जाते है।

## संगठन सृजन अभियान निर्माण और परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन




जिला संवाददाता(vol)

बाराबंकी। कांग्रेस पार्टी में फैसले बन्द कमरे में नही होते कार्यकर्ता से राय मशिवरा के बाद होते है। संगठन एक सेना के रूप में होता है। जिसमें सेनापति के साथ अनुशासन में चलना होगा। वर्तमान समय में सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश मे कांग्रेस संगठन भंग चल रहा है। जल्द ही आपके के जनपद को नया संगठन मिलेगा। कमेटी किसी व्यक्ति की नही संगठन की होती है। हमारी कोशिश होगी कि यदि कोई सूचना प्रदेश से आये तो पूर्व अध्यक्ष तथा वर्तमान अध्यक्ष दोनो को आये और सभी लोग मिलकर काम करे। तभी संगठन मजबूत होगा और मजबूत संगठन के सहारे हमे कांगेस पार्टी की विचार धारा को जनसमान्य के बीच ले जाना होगा और जनता के विश्वास को जीतना होगा। उक्त उद्गार पूर्व मंत्री अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिव धीरज गुर्जर ने कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित संगठन सृजन अभियान निर्माण एवं परिचर्चा कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम मे सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि संगठन के हिसाब से जनपद का प्रदेश में बडा महत्व है। और आज की संगठन सृजन अभियान निर्माण पर आयोजित बैठक मजबूत कांग्रेस संगठन को पुर्नजीवित करने और कांग्रेस को बाराबंकी जनपद में नई उचाईयो पर ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर शरद मिश्रा, अनिल यादव, आदर्श पटेल, बृजेश सिंह, सचिन रावत, निवर्तमान कांग्रेस अध्यक्ष मो0 मोहसिन मौजूद रहे।

# मनरेगा योजना में शासकीय धन के दुरुपयोग पर जिला प्रशासन का कड़ा रुख

बहराइच ।जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा विगत दिवस विकास खण्ड नवाबगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत शिवपुर मोहरनिया में मनरेगा योजनान्तर्गत पिल्लू के खेत से मेलाराम के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य तथा ग्राम पंचायत माधौपुर निदौना में मनरेगा योजनान्तर्गत ही पहलवान के खेत से जंगल तक मिट्टी पटाई कार्य का औचक स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासकीय धन का दुरूपयोग पाये जाने पर 01 ग्राम विकास अधिकारी को निलम्बित किया गया एंव 02 महिला मेट व 01 तकनीकी सहायक की सेवाएं समाप्त की गयी। ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी व तकनीकी सहायक के विरूद्ध थाना रूपईडीहा में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है तथा शासकीय धन की वसूली के लिए कार्यवाही भी प्रारम्भ हो गयी है।

खण्ड विकास अधिकारी की आख्या के अनुसार ग्राम पंचायत-शिवपुर मोहरनिया में पिल्लू के खेत से मेलाराम के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य हेतु 05 दिसम्बर से 18 दिसम्बर 2024 तक 22 श्रमिको को 14 दिवस का रोजगार देते हुए रू. 72,996=00 एवं 19 दिसम्बर 2024 से 01 जनवरी 2025 तक 74 श्रमिकों को 14 दिवस का रोजगार देते हुए रू. 2,42,451=00 इस प्रकार कुल

- 02 महिला मेट व 01 तकनीकी सहायक की सेवाएं समाप्त ग्राम विकास अधिकारी हुए निलम्बित
- ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी व तकनीकी सहायक के विरूद्ध दर्ज हुई एफ.आईआर.

धनराशि रू. 3,15,447=00 का व्यय हुआ है। जबकि स्थलीय निरीक्षण के समय कार्य होना नहीं पाया गया। इसी कार्य पर 04 जनवरी से 17 जनवरी 2025 तक 59 श्रमिकों का 14 दिवस का मस्टररोल जारी कराया गया है। जिस पर महिला मेट श्रीमती सुमन द्वारा पुनः शासकीय धन के दुरूपयोग के उद्देश्य से फर्जी तरीके से एन.एम.एम.एस. पर फोटो भी अपलोड की गयी है ।स्थलीय निरीक्षण में शासकीय धन रू. 3,15,447=00 का फजीर्वाड़ा मिलने पर सीडीओ श्री चन्द्र के निर्देश पर मनरेगा गाइड-लाइन के अनुसार थाना-रूपईडीहा में ग्राम प्रधान-शिवपुर मोहरनिया श्रीमती प्रीति, तकनीकी सहायक उपेन्द्रनाथ व ग्राम विकास अधिकारी रोहित कुमार के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 316(5) के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिर्पोट दर्ज कराते हुए ग्राम विकास अधिकारी रोहित कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है।

साथ ही साथ महिला मेट श्रीमती सुमन व तकनीकी सहायक उपेन्द्रनाथ की सेवायें तत्काल प्रभाव से समाप्त करने तथा ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी व तकनीकी सहायक प्रत्येक से समानुपातिक आधार पर कुल शासकीय धन की वसूली करने का निर्देश दिया गया है ।इसी प्रकार ग्राम पंचायत-माधौपुर निदौना में मनरेगा योजनान्तर्गत पहलवान के खेत से जंगल तक मिट्टी पटाई कार्य के निरीक्षण में पाया गया कि 04 जनवरी से 17 जनवरी 2025 तक 90 श्रमिकों के 14 दिवस का मस्टर रोल निर्गत किया गया है। जबकि स्थलीय निरीक्षण के समय कार्य बन्द पाया गया। जिससे स्पष्ट है कि महिला मेट श्रीमती परवीन जहां द्वारा बिना कार्य पर श्रमिक नियोजित कर फर्जी तरीके से एन.एम.एम.एस. पर फोटो अपलोड की गयी है। निरीक्षण में पाया गया कि कार्य पर अभी भुगतान नही हुआ है। किन्तु श्रीमती परवीन जहां द्वारा भुगतान कराये जाने के उद्देश्य से ही फर्जी तरीके से एन.एम.एम.एस. पर फोटो अपलोड की गयी है।

जिसके लिए महिला मेट श्रीमती परवीन जहां, ग्राम विकास अधिकारी रोहित कुमार एवं तकनीकी सहायक उपेन्द्रनाथ को दोषी मानते हुए ग्राम ग्राम विकास अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए महिला मेट एवं तकनीकी सहायक की सेवायें तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के निर्देश दिये गये हैं।

## सीडीओ से तालाब में कूड़ा फेंके जाने की हुई शिकायत

सोहावल-अयोध्या। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद निवासी दिनेश प्रताप सिंह ने ग्राम प्रधान द्वारा तालाब में कूड़ा करकट फेंके जाने के शिकायत मुख्य विकास अधिकारी से की है। दिए गए शिकायती पत्र में दिनेश प्रताप सिंह ने कहा है कि प्रधान मो0 नदीम गांव का कूड़ा-करकट एकत्र करवाकर सड़क के किनारे तालाब जो खतौनी में दर्ज है। उसमें डालकर पाट रहे हैं। जिसकी शिकायत पूर्व में एसडीएम सोहावल से भी की जा चुकी है। एसडीएम के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक एवं क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा ग्राम प्रधान को ताला में कूड़ा करकट नहीं फेंकने के लिए कहा गया। तो करीब तीन माह तक कूड़ा-करकट तालाब में नहीं फेंका गया। इसके बाद एक माह से तालाब में पुनः उसी स्थान पर प्रधान कूड़ा-करकट फेंकना शुरू कर दिये है। शिकायतकर्ता का कहना है कि जिस स्थान पर कूड़ा-करकट फेंक रहे है।

संक्षेप

## कॉलेज में हुआ हेल्थ कैंप का आयोजन

**सुलतानपुर (वीओएल)।** नगर के पीएमश्री केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में स्वास्थ्य जागरूकता और निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से हेल्थ कैंप के द्वितीय चरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनेक विशेषज्ञ डॉक्टरों और परामर्शदाताओं ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। कैंप में वरिष्ठ चेस्ट फिजीशियन डॉ. राम धीरेन्द्र और टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश ने टीबी रोग से बचाव और इसके उपचार पर जानकारी दी। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील पटेल ने आंखों में होने वाली समस्याओं जैसे बिलनी और उनके बचाव के उपाय बताए।इसके अलावा, मनोचिकित्सक डॉ. सबाहुद्दीन अम्मार ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की।कैंप में एचआईवी, एचबीएसएजी, एचसीवी और वीडीआरएल जैसी गंभीर बीमारियों की निरूशुल्क जांच की गई। इस मौके पर डॉ. रीना केसरवानी, डॉ. दीपा द्विवेदी, डॉ. खुर्शीद अनवर, मंजरी यादव, सुनीता सरोज, ज्योति मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय विराट किसान मेला शुरू

**रायबरेली।** कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण योजनान्तर्गत एग्रो क्लाइमेटिक जोन स्तरीय विराट किसान मेले का आयोजन आईटीआई मैदान दूरभाष नगर में विधायक सलोन अशोक कुमार के कर कमलों द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया गया।उप कृषि निदेशक विनोद कुमार द्वारा मेले में आये हुए कृषकों का स्वागत करते हुए विभाग में चल रही समस्त योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें मुख्य रूप किसानों को अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु किसानों को जन सुविधा केंद्रों पर जाकर फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने हेतु प्रेरित किया और पी0एम कुसुम योजनान्तर्गत सोलर पम्प, यंत्रीकरण योजनान्तर्गत फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग, एवं अन्य यंत्रों का लाभ प्राप्त करने हुए किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई। विधायक द्वारा स्टॉलों का अवलोकन किया गया और अपने संबोधन में किसानों से आह्वान किया गया कि मेले में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई तकनीकी जानकारी को अपने खेतों में अपनाकर अधिक उत्पाद प्राप्त कर सकते हैं।

## चार किरायेदारों की दुकानों पर दबंग मालिक ने चलवाया बुलडोजर

**रायबरेली।** ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चैहान गुट लगातार व्यापारियों के शोषण की आवाज बुलंद करता रहता है, बावजूद जनपद के थानों में व्यापारियों के शोषण रुकने का नाम नहीं ले रहे। आज सुबह सैकड़ों की संख्या में चैहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चैहान की अगुवाई में व्यापारी डीएम कार्यालय का घेराव करने पहुंच गए। जिसके बाद न्याय मांगने के साथ हल्लाबोल करते ज्ञापन सौंपा गया और कहा न्याय नहीं मिला तो व्यापारी सड़कों पर उतरेंगे। कोतवाली क्षेत्र के तेलियाकोट में चैहान गुट के व्यापारियों के शोषण का मामला सामने आया जहां बताया गया कि दुकान मालिक बदरुन निशा, जमीला खातून व रहीशा बनो की चार दुकानें मौजूद है जिसे पिछले 26 वर्षों से राम सुरेश, कृष्ण कुमार, अब्दुल सहाब, मो. सादिफ नामक व्यापारियों को किराए पर दी गई है। आरोप है कि खाली करवाने के विवाद में देर रात किला बाजार चैकी इंचार्ज की मिली भगत से जेसीबी चलवा दी गई।

# चीनी मिल में लगी आग गन्ने की पेराई ठप



**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** बुधवार दोपहर को चीनीमिल के एक नंबर कटर के मोटर से संबंधित स्टार्टर के ऑयल सर्किट ब्रेकर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। गन्ना किसान और चीनीमिल कर्मी निजी संसाधनों से जब तक आग पर काबू पाते स्टार्टर पूरी तरह से जल चुका था। जिसके चलते मिल में गन्ना पेराई का कार्य ठप पड़ गया। संबंधितों का कहना है खराबी को दूर कर रात में मिल को संचालित कर लिया जाएगा।

वैक्यूम पंप का साफ्ट टूट जाने के कारण चीनीमिल 12:00 घण्टे तक ठप पड़ी हुई थी। मंगलवार रात को ग्यारह बजे खराबी को दूर कर गन्ना पेराई का कार्य शुरू हो पाया था। खराबी के बाद मिल संचालित हुए 13 घण्टा बीता था कि बुधवार दोपहर एक बजे एक नंबर कटर के पास लगे मोटर से संबंधित स्टार्टर के ऑयल सर्किट ब्रेकर में आग लग गई। चीनीमिल से आग की लपटों को उठता देखकर मिलकर्मी और गन्ना किसान उधर दौड़ पड़े। निजी संशाधनों से करीब पौन घण्टे में आग पर काबू पाया गया। इस बीच पूरा स्टार्टर जलकर राख हो चुका था। बुधवार दोपहर एक बजे से गन्ना पेराई का कार्य ठप पड़ा हुआ है। जिला गन्ना अधिकारी- प्रधान प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि दूसरे स्टार्टर को लगाकर कर रात में मिल को संचालित कर लिया जाएगा। जब उसने पूछा गया कि अग्निशमन की गाड़ी पहुँची थी तो उन्होंने कहा इसकी जरूरत नही थी।

## नशे में पत्नी को जमकर पीटा

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के कुबना गांव में बीती रात एक शराबी पति ने शराब के नशे में पत्नी को लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। चोटहिल महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पति के खिलाफ डॉक्टरी जांच पड़ताल कराकर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। बताते चलें कि कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में वादिनी आरती सिंह पत्नी करन सिंह ने कहा है कि मेरे पति करन सिंह पुत्र दिग्पाल सिंह निवासी ग्राम कुबना मंगलवार की शाम 7 बजे शराब पीकर घर आए और गाली गलौज करने लगे, मना करने पर लाठी डंडों से मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी जिससे मेरे शरीर पर गंभीर चोटे आई हैं। मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर डॉक्टरी जांच पड़ताल कराकर पति के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है जांच की जा रही है।

## ईंटों से कूचकर श्रमिक की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**रायबरेली।** दिहाड़ी श्रमिक की ईंटों से कूचकर हत्या कर दी गई है। उसका शव उमरन बाजार में एक दुकान के सामने डालकर हत्यारे फरार हो गए। शव के पास चाकू भी बरामद हुआ है। घटना क्षेत्र में सनसनी फैल गई। एक सप्ताह के अंदर हत्या की दूसरी घटना से लोगों में आक्रोश फैल गया और ग्रामीणों ने मार्ग जाम कर दिया है। मामले की जानकारी होते ही अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा मौके पर पहुंचे है उनके साथ कई थानों की टीम भी मौके पर मौजूद है।

मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के उमरन गांव का है। गांव के ही निवासी रामखेलावन पासी उर्फ घसीटे (50) पुत्र बदलू गांव में ही मजदूरी करते थे। मंगलवार की शाम वह गेहूं की सिंचाई कर घर लौटे थे। कुछ देर बाद बाजार जाने की बात कहकर घर से निकले फिर वापस नहीं लौटे। सुबह उमरन बाजार में एक दुकान के सामने उनका खून से लथपथ शव पड़ा मिला। सिर पर ईंट से कई वार किए गए थे। शव के ऊपर एक चाकू भी रखा मिला। घटना से नाराज ग्रामीणों ने सलोन- ऊंचाहार मार्ग पर जाम लगा दिया है। ग्रामीणों ने पुलिस पर हत्या की घटनाओं में कोई कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। वहीं सीओ सलोन प्रदीप कुमार ने बताया कि हत्या की सूचना मिली है। घटना की छानबीन की जा रही है।

### एक सप्ताह के अंदर एक ही गांव में दूसरी हत्या

**रायबरेली।** अभी छः दिन पूर्व उसी गांव में एक युवक को मारकर पेड़ पर लटका दिया गया जिस पर परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया था। इतनी जल्दी दूसरी हत्या होने से गांव के लोग डरे व सहमे हुए है और पुलिस को इसका जिम्मेदार बताया रहे है। आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर लाठी-डंडों से लैश होकर उतरे है।

## अराजक तत्वों ने बालिका को पीटा

**बछरावां, रायबरेली।** रामपुर सुदौली गांव की रहने वाली सुनीता पत्नी अंजनी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह अपनी बेटी रुचि के साथ खेतो में पानी लगाने गई थी । दोपहर को उसकी बेटी अंजली खाना लेकर खेत आ रही थी । तभी गांव के ही रहने वाले अशोक, अजय, संपदा, श्यामा व रोशनी ने अंजली को पीटना शुरू कर दिया । जब उसकी दूसरी बेटी साधना उसे बचाने पहुँची । तो उसको भी लाठी डंडो से पीट दिया जिससे उन दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। थानाध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है ।

# सांसद के भेजे गये कम्बलों का किया वितरण



**रायबरेली।** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित किए जा रहे कम्बल वितरण कार्यक्रम के तहत आज ब्लाक डलमऊ व सतांव सहित शहरी क्षेत्र के 18 वार्डो में 85 बूथों पर गरीबों को कम्बल वितरण किया गया ।कार्यवाहक जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी के नेतृत्व में सांसद राहुल गांधी द्वारा भेजे गये कम्बलों का वितरण किया जा रहा है। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया कि 4 जनवरी से 9 जनवरी तक चलने वाले कम्बल वितरण कार्यक्रम में हजारों पात्र लोगों को ठंड से राहत दिलाने का कार्य सांसद अमेठी के.एल.शर्मा के दिषा निर्देश पर सफलता पूर्वक किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रुप से समन्वयक विधानसभा सदर रोहित सिंह, निर्मल षुक्ला, सुधा द्विवेदी, पद्मधर सिंह, सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहें।

## ग्रामीणों की शिकायत पर कोटे की दुकान की हुई जांच कार्यवाही शून्य

**गौरीगंज, अमेठी।** प्रदेश सरकार व केन्द्र सरकार जहां राशन की घटतोली को रोकने के लिए ईपास मशीन लागू तो जरूर कर दिया है लेकिन कोटेदार घटतौली करने से बाज नहीं आ रहें हैं। मामला मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड जगदीशपुर के अन्तर्गत ग्राम सभा सिरयारी का है। जहां ग्रामीण शबाना बानों, हीना बानों, मो. मुस्लिम, शहर बानों आदि लोगों ने डीएम को दिये गये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि ग्राम सभा की कोटेदार मंजू पत्नी श्याम बिहारी है लेकिन खाद्यान्न का वितरण सोहेल अहमद पुत्र अमीन के द्वारा किया जाता है। इनके द्वारा राशन की घटतौली की जाती है कुछ बोलने पर राशनकार्ड कटवाने की भी धमकी देते हैं। दो सप्ताह पूर्व ग्रामीणों ने राशन घटतौली की शिकायत किया था जिसकी जांच सप्लाई इंस्पेक्टर मुसाफिरखाना के द्वारा की गई लेकिन कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गयी है। जबकि ग्रामीणों ने सप्लाई इंस्पेक्टर को बयान व साक्ष्य भी उपलब्ध करवाया था। ग्रामीणो ने डीएम को दिये गये शिकायती पत्र में राशन की घटतौली व अभद्रता किये जाने पर कार्रवाई की मांग किया है।

## पचास हजार का धान चोरी, दी तहरीर, कार्यवाही की मांग

**नसीराबाद ,रायबरेली।** थाना क्षेत्र में आधा दर्जन चोरों ने एक धान गेहूं खरीद गल्ले की दुकान को निशाना बनाया है करीब पचास हजार की भरी धान की बोरियों को लेकर फुर्र हो गए जिससे लोगों में डर और भय का माहौल है।

क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद है चोर अपने कामयाबी में कामयाब होते नजर आ रहे हैं और पुलिस सोती रहती है अभी इसी सप्ताह मे संडहा के पास घटना को अंजाम दिया गया उससे पहले थौरी गांव के जयकरन सरोज पर आधा दर्जन लोगों ने मारपीट कर मरणासन्न कर दिया। जिले की पुलिस सलोन सीओ और नसीराबाद मिलकर पड़ताल कर रही है लेकिन मामले में खाकी अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है। वहीं जयकरन की पत्नी का आरोप है कि रिपोर्ट दर्ज पर आरोपियों को पकड़ने के बजाय पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है कि बीती रात फिर क्षेत्र में आधा दर्जन चोरों ने एक गेहूं धान खरीद दुकान से करीब पचास हजार का माल पार कर दिया। विरोध करने पर दुकानदार के साथ मारपीट पर भी आमादा हो गए लेकिन फरार होने में कामयाब रहे मामला बीती रात का है नसीराबाद थाना क्षेत्र के इम्रती कुआं के पास का बताया जा रहा है। जहां हरिशंकर पुत्र शिवनारायन ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। बताया गया कि बरामदे के कमरे में सो रहे थे धान गेहूं खरीद दुकान है रात करीब 2 बजकर तीस मिनट पर पिकअप और मोटरसाइकिल से पहुंचे आधा दर्जन चोरों ने धान की भरी पचास बोरी को पिकअप में लादकर रवाना होने लगे कि अचानक हरिशंकर की आंख खुल गई और दौड़कर विरोध करते हुए चोर को पकड़ने की कोशिश की लेकिन आधा दर्जन चोर हाथापाई पर आमादा हो गए। पति की चीख-पुकार सुनकर पत्नी मौके पर पहुंची तो उसे धक्का देकर गिरा दिया और माल लेकर फरार हो गए दुकानदार ने थाने में तहरीर देगा कार्रवाई की मांग की बताया गया कि सफेद कलर की महिंद्रा पिकअप थी पीछे नेम प्लेट नहीं था आगे काली पट्टी से नेम प्लेट को ढक दिया गया था बाइक में भी नेम प्लेट नहीं लगा था मामले नसीराबाद थाना अध्यक्ष कमलेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# नये कप्तान के लिए अपराधों पर अंकुश लगाना होगी चुनौती



पंकज कुमार पाण्डेय

- नये वर्ष में एसपी सुलतानपुर के रूप में आईपीएस कुंवर अनुपम सिंह लेंगे चार्ज

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के नवागत पुलिस कप्तान कुंवर अनुपम सिंह के लिए आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाना चुनौती होगा। यही नहीं विभिन्न थानों पर लंबे समय से तैनात कुछ बेलगाम पुलिसकर्मियों की कार्यशैली पर भी ध्यान देना होगा। जिले के कुछ क्षेत्रों में मादक पदार्थों की बिक्री व अवैध रुप से चल रहे गोरखधंधे पर भी रोक लगानी होगी। वहीं फरार चल रहे इनामियां अपराधियों के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करना होगा।

जिले की पिछली बड़ी आपराधिक वारदातों पर गौर करें तो कोतवाली नगर क्षेत्र में वर्ष 2023 में चिकित्सक घनश्याम तिवारी की बेरहमी से हत्या कर दी गयी थी। बल्दीराय थाना क्षेत्र के वल्लीपुर में विसर्जन शोभायात्रा के दौरान दो पक्षों में बवाल भी हुआ था। हालांकि पुलिस ने राजस्व टीम के साथ मिलकर कड़ी कार्रवाई भी की थी। वहीं कोतवाली नगर क्षेत्र के सिविल कोर्ट के अधिवक्ता आजाद अहमद 6 अगस्त 23 को भुल्की बाईपास पर स्थित एक ढाबे पर अपने भाई मुनव्वर के साथ बैठे चाय पी रहे थे। शाम करीब सात बजे कई वाहनों से आए हमलावरों ने दोनों पर अंधाधुंध फायरिंग कर अधिवक्ता की हत्या कर दी थी। जिले की कानून व्यवस्था पर उस समय बड़ा सवालिया निशान लगा था, जब बीते 28 अगस्त 2024 में शहर के व्यस्ततम इलाके चैक बाजार में सरार्फा व्यवसाई की दुकान पर दिनदहाड़े हथियार बंद डकैती कांड को अंजाम दिया गया था। मोतिगरपुर थाना क्षेत्र में बीते 20 सितम्बर 2024 को बीडीसी अवधेश सिंह की हत्या से हडकंप मच गया था। इसके अलावा हत्या, लूट व अन्य आपराधिक घटनाएं भी हुई।

### घटनाओं का पुलिस ने किया था खुलासा, कई इनामी अभी फरार

जिले में घटित आपराधिक घटनाओं का खुलासा पुलिस समय-समय पर करती रही। जिसके कारण अपराधों पर अंकुश भी लगा। इस दौरान कुछ पुलिस अधिकारियों व कर्मियों पर भी कार्यवाही भी देखी गयी। जबकि कुछ घटनाओं में शामिल आरोपित अभी भी फरार हैं। अधिवक्ता आजाद हत्याकांड में आरोपित एक लाख का इनामियां बदमाश सिराज पुलिस की से अभी भी दूर है। वहीं भरत सरार्फा डकैती कांड में वांछित दो इनामिया अपराधियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी। वहीं जिले के लोग नये पुलिस कप्तान पर अच्छी पुलिसिंग का भरोसा जता रहे हैं।

## 900 एमएल के 140 नग नकली कैस्ट्रॉल आयल बरामद

**अमेठी।** बुधवार को अंसार खाँन, ऑपरेशन मैनेजर सीथ्रीआई कन्सल्टेन्ट इण्डिया प्रा.लि. ( मेसर्स कैस्ट्रॉल लि0 में शिकायत देने के लिये अधिकृत ) द्वारा थाना इन्हौना पर सूचना दी गयी कि अजय कुमार शुक्ला पुत्र स्व. जय नारायण शुक्ला ग्राम बनमऊ बाबा बाजार जनपद अयोध्या जो कस्बा इन्हौना में अजय ट्रेडर्स के नाम से दुकान खोले हुए हैं एवं नकली कैस्ट्रॉल कंपनी का ऑयल कूट रचित स्टीकर लगाकर बेचते हैं । उक्त सूचना पर उ.नि. धर्मेन्द्र कुमार सिंह थाना इन्हौना द्वारा पुलिस बल व अंसार खाँन उपरोक्त के साथ अजय ट्रेडर्स दुकान की तलाशी से 5 कार्टन में 100 नग कैस्ट्रॉल कंपनी का नकली 900 एमएल ऑयल व अजय कुमार शुक्ला उपरोक्त की बोलेरो की तलाशी से 2 कार्टन में 40 नग कैस्ट्रॉल कंपनी का नकली 900 एमएल ऑयल बरामद हुआ । बोलेरो वाहन के कागज मांगने पर दिखा न सका । गिरफ्तारी का कारण बताते हुए अजय कुमार शुक्ला उपरोक्त को मौके से ही समय करीब 8:30 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदी के संबंध में थाना इन्हौना पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है ।

## शिक्षा दिवस के रूप में मनी लेखक व समाज कर्मी चुन्नीलाल धम्मसेवक की जयंती



**अमेठी।** अम्बेडकर मिशन के प्रखर कार्यकर्ता रहे और बौद्ध धम्म की शिक्षाओं के प्रचार प्रसार को आजीवन समर्पित निर्वाण प्राप्त चुन्नीलाल धम्मसेवक की 78वीं जयंती बुधवार को शिक्षा दिवस के रूप में मनाई गई। बौद्ध धम्म के अनुरूप त्रिसरण पंचशील कार्यक्रम के बाद छोटे बच्चों को स्टेशनरी वितरित कर अच्छी शिक्षा हासिल करने के संदेश दिए गए। 2009में जूनियर हाईस्कूल सांगापुर से प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत्त हुए निर्वाण प्राप्त धम्मसेवक की बेसिक शिक्षा विभाग में छवि एक अच्छे शिक्षक के रूप में रही।वे शिक्षक के साथ जीवन भर बामसेफ, अम्बेडकर कल्याण समिति आदि सामाजिक संगठनों से जुड़े रहे । बौद्ध गीत माला के साथ उनकी दो पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। सुखी परिवार, सुखी संसार नाम की उनकी पुस्तक प्रकाशन के बाद खासी चर्चा में रही है। बुधवार को अपनी मां कैलाश कुमारी धम्मसेवक के मार्गदर्शन में बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती और किसमता भारती ने बच्चों को स्टेशनरी और मिठाइयां वितरित की और उन्हें बाबा साहब डॉ अम्बेडकर और चुन्नीलाल धम्मसेवक के जीवन दर्शन की जानकारी देते हुए अच्छी शिक्षा हासिल करने के संदेश दिए। वीपत, राजीव रंजन भारती, राजेन्द्र प्रियदर्शन, ज्योति प्रियदर्शन, विवेक, प्रतिमा, मोहित कश्यप, संतराम, सुरेश कुमार, दर्शिका , पिंकी आदि मौजूद रहे।

# महाकुंभ मेला के चलते हाईअलर्ट पर प्रशासन



**बछरावां, रायबरेली।** महाकुंभ के मद्देनजर बछरांवा थाना क्षेत्र के लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग व कस्बे में भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। इसके तहत नगर के मुख्य चैराहे व टोल प्लाजा आदि स्थानों पर बंकर बनाकर सशस्त्र जवानों की तैनाती की जाएगी। वहीं इसके साथ ही साथ थाना क्षेत्र में इंट्री प्वाइंटों के साथ सुरक्षा की दृष्टि से चिह्नित संवेदनशील स्थान शामिल हैं। इसके साथ ही कई प्वाइंटों पर वज्र वाहन के साथ पुलिस टीमें तैनात की जाएगी। महाकुंभ मेले की शुरूआत होने में अब सिर्फ चार दिन शेष रह गए हैं। इसे देखते हुए मेला क्षेत्र के साथ ही अब कस्बे में भी सुरक्षा इंतजाम सख्त कर दिए गए हैं। क्षेत्राधिकारी यादुवेंद्र बहादुर पाल व कोतवाल ओपी तिवारी ने बंकर निर्माण का मुआयना किया। कोतवाल ओपी तिवारी ने कहा कि महाकुंभ मेले को लेकर लखनऊ से प्रयागराज तक सड़क मार्ग पर सुरक्षा के बेहतरीन इंतजाम किए जा रहे हैं। इसी के तहत बछरावां थाना क्षेत्र में चुरूआ टोल प्लाजा व कस्बे में बंकर निर्माण किया जा रहा है। जिसमें पुलिस बल व सशस्त्र जवान मौजूद रहेंगे किसी भी प्रकार की आतंकी घटना का सामना तत्काल कर लिया जाएगा और हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी जिससे कि दर्शनार्थियों का आवागमन सुरक्षित और सुगम बना रहे।

### महाकुंभ में एम्स रायबरेली ने शुरू की सेवाएं

**रायबरेली।** एम्स रायबरेली अपने आउटरीच कार्यक्रम के माध्यम से महाकुंभ में अपनी सेवाएं प्रदान करना शुरू कर दिया है। एम्स रायबरेली का षिविर महाकुंभ के सेक्टर 20 में लगा हुआ है। संस्थान टेली-मॉनिटरिंग डिवाइस और सभी आपातकालीन देखभाल सुविधाओं के साथ एक आईसीयू सुविधा संचालित कर रहा है। एम्स रायबरेली टेली-ओपीडी, भौतिक ओपीडी, घाव प्रबंधन क्लिनिक, आईपीडी व एबीजी सुविधाएं भी प्रदान कर रहा है। यह जानकारी डॉ. नीरज कुमार श्रीवास्तव ने दी है।

## टीबी उन्मूलन अभियान के तहत दस मरीजों को स्वास्थ्य कर्मियों ने लिया गोद

- आयोजित कार्यक्रम में अधीक्षक ने मरीजों को दिया पौष्टिक आहार किट

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार को टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत अधीक्षक डॉ. अवनीश मिश्र के संयोजन में स्वास्थ्य कर्मियो की टीम ने क्षेत्र के 10 टीवी के मरीजों को गोद लेकर पौष्टिक आहार किट देकर टीबी मुक्त भारत का संकल्प लिया। अधीक्षक ने कहा कि लोग टीबी के प्रति जागरूक होकर गरीब असहाय की मदद में आगे आए। जिससे देश से टीवी मुक्त सरकार का संकल्प को पूरा हो।

बुधवार को अस्पताल परिसर में अधीक्षक डॉ. अवनीश मिश्र के संयोजन में स्वास्थ्य टीम ने क्षेत्र के 10 गरीब असहाय टीवी मरीजों को गोद लेकर पौष्टिक आहार किट वितरित किया। अधीक्षक में लोगों से अपील की कहा टीवी एक संक्रामक बीमारी है जो सही इलाज न होने पर खतरनाक हो सकती है इस बीमारी से मुक्त होने के लिए पौष्टिक आहार, स्वच्छता के साथ दवा का नियमित सेवन करना चाहिए। गांव में स्वास्थ्य टीम जांच अभियान में लगी है। गांवो में यदि किसी को लंबे समय से खांसी, थकान, वजन कम होना आदि लक्षण हो तो तुरंत जांच कराये। समय से इलाज होने पर टीवी की समस्या से निजात मिलेगी और सरकार का 2025 टीवी मुक्त भारत का सपना साकार होगा। इस मौके पर डॉ. बिंदु यादव, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. जेपी वर्मा, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सत्यदेव सिंह, एलटी उदय प्रताप सिंह, राहुल गोस्वामी, रामसूरत गुप्ता, विजय प्रकाश भारती, अजय मिश्र आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की मासिक बैठक में शिक्षकों की समस्याओं पर हुई चर्चा



**सुलतानपुर (वीओएल)।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद सुल्तानपुर की जनवरी 2025 की मासिक बैठक पृथ्वी भवन, निकट के.एन.आई.बांध में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जनपदीय संरक्षक इंद्र प्रताप पांडेय ने की और आयोजन की शुरूआत सरस्वती पूजन से की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने पिछले माह की बैठक की कार्यवाही पर चर्चा करते हुए इस माह के एजेंडा पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में शिक्षक समस्याओं पर गंभीर विचार विमर्श हुआ। मुख्य रूप से चयन वेतनमान, लंबित अवशिष्ट भुगतान, एन.पी.एस. कटौती, अवकाश अपडेशन, और अप्रूवल संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही सेवानिवृत्त शिक्षकों की समस्याओं और निरंकुश अधिकारियों द्वारा की जाने वाली दंडात्मक कार्यवाहियों पर भी चर्चा की गई। संगठन के स्वरूप को सुदृढ़ करने और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु विस्तृत योजना बनाई गई। इस सत्र में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के सम्मान कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। इस मौके पर दूबेपुर, मोतिगरपुर, जयसिंहपुर, बल्दीराय, लंभुआ, भदैया, कू ?भार, दोस्तपुर, और कुड़वार से आए विभिन्न पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शिल्पकारों व डिजाइनरों को सशक्त ब ाना रहा



**रायबरेली।** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से, विजननेक्स्ट परियोजना भारतीय शिल्प और डिजाइन समुदाय को सशक्त बनाने की एक अनूठी पहल है। इस परियोजना का उद्देश्य भारत के डिजाइनरों, शिल्पकारों और फैशन उद्योग से जुड़े सभी संबंधित पक्षों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। इस परियोजना को लेकर संस्थान ने विजननेक्स्ट परियोजना का औपचारिक परिचय दिया और इसके उद्देश्यों, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, परियोजना की मुख्य विशेषताओं को रेखांकित करते हुए यह बताया गया कि यह भारतीय डिजाइन और शिल्प समुदाय को आधुनिक तकनीकों और वैश्विक रुझानों से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

विजननेक्स्ट परियोजना के तहत, भारत की सांस्कृतिक और स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक स्वदेशी ट्रेंड फोरकास्टिंग प्रणाली विकसित की गई है। यह प्रणाली शिल्पकारों और डिजाइनरों को भविष्य के फैशन रुझानों को समझने और अपने उत्पादों को बाजार की मांग के अनुरूप ढालने में मदद करती है। इसके जरिए भारतीय फैशन उद्योग की अंतरराष्ट्रीय ट्रेंड फोरकास्टिंग एजेंसियों पर निर्भरता कम हो रही है और लागत में भी कमी आ रही है। परियोजना के डिजिटल और डेटा-संचालित दृष्टिकोण ने अब तक 70,000 से अधिक प्राथमिक परिधान छवियों और 2,80,000 से अधिक माध्यमिक छवियों का संग्रह किया है। इस डेटा का उपयोग भारतीय पहनावे के शैलीगत और रंगीन रुझानों का विश्लेषण करने में किया गया है। इसके आधार पर 60 से अधिक फैशन माइक्रोट्रेंड रिपोर्ट्स और 10 से अधिक क्लोज-टू-सीजन ट्रेंड रिपोर्ट्स तैयार की गई हैं। इस परियोजना की एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि 5 सितंबर 2024 को नई दिल्ली के ताज महल होटल में भारत की पहली द्विभाषी फैशन ट्रेंड बुक और एक वेब पोर्टल का शुभारंभ थी। इस अवसर पर वस्त्र मंत्री ने परियोजना की सराहना करते हुए इसे भारतीय फैशन उद्योग को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर अंकज कुमार (कारपेट ट्रेनिंग ऑफिसर), नंदन सिंह बोरा (निदेशक, निफट रायबरेली), प्रवीण श्रीवास्तव (कैंपस अकादमिक कोऑर्डिनेटर), हर्षवर्धन दुबे (सहायक प्रोफेसर, और भार्गवी कुमार अय्यर (सहायक प्रोफेसर, उपस्थित रहे। सभी ने परियोजना की सराहना की और इसके लाभों पर प्रकाश डाला।

## नव्य, दिव्य, डिजिटल और अमृत महाकुंभ में कुंभ के स्वर संध्या व संत समागम का आयोजन आज

**रायबरेली।** नव्य,दिव्य,डिजिटल और अमृत महाकुंभ में सहभागिता के लिए राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति की ओर कुंभ के स्वर संध्या व संत समागम का आयोजन किया जा रहा है। जहां भजन गायिका पद्मश्री डॉक्टर सोमा घोष द्वारा कुंभ के स्वर की प्रस्तुति होगी। वहीं महाकुंभ के अवसर पर संतों के आशीर्वचन से अभिभूत होंगे।



संत समागम समारोह के अंतर्गत जनपद के संतों का सम्मान किया जाएगा। समिति के संरक्षक पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि नौ जनवरी को पूर्वाह्न 3 बजे से 7 बजे तक मनिका रोड स्थित सेनानी होटल में कुंभ के स्वर के रूप में संत समागम व भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन डिजिटल महाकुंभ प्रोमो के तहत संपन्न होगा। समिति के संरक्षक व पूर्व विधायक सिंह ने कहा कि कार्यक्रम में जनपद के महान साधु संतों को सम्मानित किया जाएगा और संतों का आशीर्वचनों से लाभान्वित भी होंगे। समिति के संरक्षक व पूर्व विधायक इंद्रेश विक्रम सिंह ने बताया कि संत सम्मान समारोह के बाद पद्मश्री डा सोमा घोष द्वारा कुंभ के स्वर रूपी भजन प्रस्तुति होगी। भजन संध्या शाम 7 बजे तक चलती रहेगी। सभी से अनुरोध है कि समय पर पहुंच कर पुण्य कार्य में सहभागी बने।

संक्षेप

## डॉक्टर को जान से मारने की धमकी

**आगरा।** डॉ.बीडीखान अलवी जो पेशे से (फिजियोथेरेपिस्ट) हैं,जिनका फिजियोथेरेपी सेंटर ट्रांस यमुना कॉलोनी आगरा में है। उन्होंने बताया कि उन्हें 4 जनबरी की शाम 5 बजे एक अननॉन मो. नं. 9220617584 पर फोन आया। फोन पर उसने झूठा आरोप लगाकर 10000/ की मांग की तथा भद्दी भद्दी गाली व जाति सूचक शव्द बोले। उसने फोन पर कहा मै खंदौली का चौधरी हूँ,आलू करता हूँ,मेरे फोन पर विरोध किया गया तो उसे घर पर आकर देख लूंगा, तुझे क्लीनिक से उठा लूंगा तथा जान से मारने की धमकी दी। इसकी शिकायत खंदौली थाना में 4 जनबरी को तहरीर व मोबाइल की रिकॉर्डिंग दे दी गयी तथा 5 जनबरी को ट्रांस यमुना पुलिस चौकी पर भी तहरीर रिकॉर्डिंग दे दी गई है। मैं व मेरा परिबार डरा हुआ है।

## खुले मैनहोल में गिरा एक्टिवा सवार, मौत

**आगरा।** खुले मैनहोल में एक्टिवा सवार के गिर जाने से उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मचा हुआ है. मामला मंगलवार की रात का है। प्रकाश नगर, शाहगंज निवासी राजेश किसी काम से एक्टिवा से शंकरगढ़ की पुलिया की तरफ जा रहे थे। तभी पुलिया के पास सड़क पर खुले मैनहोल में उनकी एक्टिवा का आगे का हिस्सा जा घुसा। एक्टिवा सवार राजेश धड़ाम से गिर गया और उनका सिर सड़क से जा टकराया। लोग उन्हें तत्काल हॉस्पीटल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## नाबालिग को भगा कर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर नाबालिग पीड़िता को बरामद किया गया है। थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त मनीष पुत्र राजवीर निवासी कुवरपुर थाना रिजोर जनपद एटा को मुखबिर की सूचना पर थाना सारन जनपद फरीदाबाद हरियाणा से गिरफ्तार किया गया साथ ही अभियुक्त के साथ नाबालिग पीडिता की बरामदगी भी की गयी,अभियुक्त के विरूद्ध थाना पर पाक्सो एक्ट पंजीकृत है,अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की गई है।

## मजदूरों से हड़ताल कराने वाला गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस ने अवैध रुप से मजदूरों से हडताल कराने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की है। बुधवार को थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मजदूरों को भड़काकर हड़ताल कराने के आरोपी अभियुक्त भूरी सिंह यादव उर्फ श्यामसिंह पुत्र विद्याराम निवासी कुतकपुर जारखी थाना टूण्डला को नगला भाऊ चौराहे से गिरफ्तार किया गया है।

### दहेज हत्या में वांछित गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा दहेज हत्या में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। बुधवार को थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग के दौरान दहेज प्रतिषेध अधिनियम से संबंधित एक अभियुक्त भूपेन्द्र कुमार पुत्र राजेश उर्फ घासी निवासी गढी भाऊ थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद को ग्राम गढी भाऊ से गिरफ्तार किया गया।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को लेकर एआरटीओ ने किया जागरूक



● नो हेल्मेट-नो फ्यूल रणनीति लागू: परिवहन अधिकारी

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन श्रीमती नीतू सिंह ने अवगत कराया है कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में सड़क दुर्घटनाओं में वर्ष 2023 की अपेक्षा 2024 में हुई वृद्धि के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने हेतु दिनांक 01.01.2025 से दिनांक 31.01.2025 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है।

उक्त के दृष्टिगत जनपद में नो हेल्मेट-नो फ्यूल रणनीति लागू है, जिससे उक्त रणनीति न केवल हेल्मेट पहनने को अनिवार्य बनाने में सहायक होगी, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति नागरिकों में जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना को प्रोत्साहित भी करेगी। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन नीतू सिंह ने डीटीआई वृन्दावन में दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों को हेल्मेट व सीटबेल्ट लगाने हेतु जागरुक किया तथा सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जागरुकता अभियान चलाया। वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश राजपूत ने महुअन टोल प्लाजा, ईंट मण्डी तथा मथुरा सादाबाद बस स्टैण्ड पर सड़क सुरक्षा सम्बन्धी नियमों से आम जनमानस को जागरुक करते हुए यातायात नियमों का शत प्रतिशत पालन कराने हेतु जागरुक किया तथा वीडियो क्लिप तैयार कर हेल्मेट, सीटबेल्ट, ओवरस्पीडिंग, मो. फोन का प्रयोग, डंकन ड्राइविंग, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, अवैध पार्किंग, अनधिकृत संचालन, रैश ड्राइविंग, नाबालिग बच्चों पर वाहन संचालन एवं ओवरस्पीडिंग इत्यादि न किए जाने के लिए सजग किया गया, तथा वीडियो क्लिप के माध्यम से अवगत कराया कि नियमों का उल्लंघन किये जाने की दशा में नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी, दो पहिया वाहन पर हेलमेट न लगाने वाले चालकों को रोक कर उन्हें विनम्रता पूर्वक गुलाब का फूल भेंट कर उनसे हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने की अपील की गयी। श्री राजपूत ने वाहनों पर एक स्टीकर जिस पर लिखा था मुझे मेरे परिवार की चिंता नहीं है इसलिए मैं हेल्मेट व सीट बेल्ट नहीं लगाता वाहन चालक हेल्मेट एवं सीटबेल्ट का प्रयोग करते हुए नहीं पाए गए उनको रोककर उन्हें सीटबेल्ट व हेल्मेट की महत्ता के बारे बताया और अपील की कि वाहन चलाते समय हेल्मेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें, ताकि कोई दुर्घटना होने पर हमारे सिर पर चोट न पहुंचे और हमारे जीवन की रक्षा हो सके। यात्री / मालकर अधिकारी संदीप चौधरी ने शहर की छाता तहसील में स्थित श्रीजी इण्टरनेशनल स्कूल कोहरे में वाहन चलाते समय सावधानी बरतने के लिए जनमानस को जागरुक किया, यात्री/ मालकर अधिकारी पूजा सिंह ने वाहन स्वामियों को धीमी गति से वाहन चलाने तथा अपनी लेन में ही वाहन चलाने, वाहन की हेडलाइट को लो बीम पर ही चलाने शून्य दृश्यता की स्थिति में पेंटेड लेन मार्किंग के सहारे चलाने हेतु जागरुक किया। संभागीय निरीक्षक प्रदीप यादव एवं नरेश चैधरी द्वारा कार्यालय में आने वाले वाहन स्वामियों / चालकों को कोहरे में वाहन चलाते समय क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए के सम्बन्ध में जागरुक किया और अवगत कराया गया कि कोहरे में वाहन चलाते समय फॉग लाइट तथा डी-फॉगर का इस्तेमाल अवश्य करें, वाहन में वाइपर चालू हालात में हो विण्ड शील्ड तथा खिड़की के शीशे साफ रखें के सम्बन्ध में जागरुक किया गया।

## श्रीराधा वैली में समस्याओं का बोलबाला

**मथुरा।** श्री राधा वेली रेसिडेंट्स वेलफेयर सोसाइटी सेक्टर 5 व 6 के निवासियों ने व्याप्त अनियमितताओं तथा पानी की समस्याओ को लेकर एस जे पी के वैली स्थित कार्यालय पर प्रदर्शन किया तथा 24 घंटे पानी के सापेक्ष सिर्फ 3-4 घंटे पानी सप्लाई पर आक्रोश व्यक्त किया। एसजेपी ग्लोबल ने15 वर्ष से भी अधिक बीतने के पर भी बॉउंड्री वाल का निर्माण पूरा न करने, पार्को का विकास पूरा न करने, सिर्फ 20% ट्रांसफार्मर्स की स्थापना, जर्जर विद्युत लाइन, जर्जर सड़के आदि समस्याओ को लेकर प्रदर्शन किया। इतना ही नही 90 से अधिक बंधक प्लॉट्स का अवैध विक्रय भी बिल्डर्स ने कर दिया है। समिति के अध्यक्ष उमेश भरतिया ने चेतावनी दी कि यदि पहले की तरह पुनः 24 घंटे पानी सप्लाई चालू न की अधूरे पड़े कार्यो को पूरा कराना शुरू नही किया तो आगामी रविवार को गोवर्धन चैराहा स्थित कार्यालय पर बृहद प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी एसजेपी ग्लोबल तथा मैनेजमेंट की होगी। प्रदर्शन में मुख्य रूप से डॉ. शैलेश सिंह पंकज गुप्ता प्रेम कुमार एमएस जादौन चैधरी आरके सिंह अखिल अग्रवाल राजेंद्र कुमार गुप्ता ऋषि अग्रवाल डीपी सिंह विनोद कौशिक कविता सुनील अग्रवाल मनोज अग्रवाल अशोक कुमार सोलंकी डॉ आर के गुप्ता दीपक पाण्डेय ब्रिज बिहारी शर्मा मुकेश भारद्वाज चेतवीर सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## पचोखरा पुलिस ने बांटे कंबल



**टूंडला।** थाना पचोखरा पुलिस ने कड़कड़ाती ठंड में गरीब असहाय लोगों को करीब 40 कंबल वितरण किए। इस दौरान थाना प्रभारी पचोखरा पारुल मिश्रा के नेतृत्व में थाना परिसर में गरीब असहायों को कंबल वितरण किए। उन्होंने कहा कि कड़कड़ाती ठंड में गरीब, असहाय, मजदूर, साधू, संतों को कंबल वितरण करना एक पुनीत कार्य हैं। ऐसे कार्य करने से लोगों को ठंड से बचाया जा सकता हैं। इस मौके पर करीब 40 महिला एवं पुरुषों को कंबल वितरण किए गये। जिसे पाकर सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर थाना पचोखरा सभी पुलिस स्टॉफ मौजूद रहा।

## कर्ज चुकाने के लिए पत्नी पर लगाया ऐसा दांव वो जीते जी मर गयी सास ने भी न समझा दर्द

**आगरा।** पत्नी की अस्मत की रक्षा का सात फेरों के दौरान वचन देने वाला पति ही वहशी निकला। उधार की रकम चुकाने के लिए उसने पत्नी को ही दांव पर लगा दिया। इस घिनौनी करतूत में सास ने भी आरोपी का ही साथ दिया। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आगरा के अछनेरा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पति और सास पर दो व्यक्तियों से शारीरिक शोषण करवाने का आरोप लगाया है। ससुर ने भी बहू का साथ देने की बात कहकर थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़िता ने थाना अछनेरा में पति, सास, देवर सहित सात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। इसके मुताबिक तीन वर्ष पूर्व पति ने गांव के दो लोगों से लाखों रुपये ब्याज पर लिया था। बाद में तगादा करने पर भी वापस नहीं किया। आरोप लगाया कि डेढ़ साल पहले सास और पति ने षड्यंत्र के तहत चार व्यक्तियों के साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। इसके बाद पति को रुपये उधार देने वाले दो व्यक्तियों ने भी कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर पति ने अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी दी। विरोध करने पर सास ने पिटाई करके करके कमरे में बंद करके दोनों आरोपियों को भेज देती थीं। घटना की जानकारी उसने ससुर को दी। इस पर ससुर ने भी बहू का साथ देते हुए थाने में शिकायत की है। थाना प्रभारी अछनेरा ने बताया कि महिला की शिकायत मिली है। जांच की जा रही है।

## एनएचएआई लगा रहा ग्रामीण पर्यटन को पलीता

**मथुरा।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या- 19 पर बसा है मथुरा जनपद का ऐतिहासिक गांव जैंत, जिसे तुलसी वन यानी कि वृंदावन के नाम से भी जाना जाता है। जैत तुलसी की खेती और कंठी माला का उद्गम स्थल होने के साथ-साथ ब्रज का प्रमुख तीर्थ स्थल भी है। भरतिया, परखम, जौनाई, आटस, सेही (बछवन), स्यारहा (चीरघाट), शेरगढ़, नौगांव, तरौली, मघेरा, भदाल, पेलखू, बढ़ौता, भक्ति वेदांत गुरुकुल एवं अंतर्राष्ट्रीय विद्यालय, गीता नगरी अतिथि गृह, श्रीकृष्ण बलराम मंदिर, प्रियाकांत जू गौशाला, पीताम्बरा शक्ति पीठ, बरसाना, गोवर्धन, वृंदावन, सुनरख, रामताल, नारायणपुर आदि अनेक स्थलों के लिए सुगम और शॉर्टकट मार्गों का जैत केंद्र बिंदु है और वर्षभर यहां तीर्थ यात्रियों का आवागमन बना रहता है। तुलसी की कंठी माला और जय कुंड कालिया मर्दन नाग मंदिर के कारण आत्मनिर्भर भारत एवं पर्यटन ग्राम में जैत का चयन किया गया है और यहां पर्यटन उद्योग की अपार संभावनाएं हैं। परंतु भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण ने पर्यटन गांव जैंत के जयकुंड चैक पर अभी तक फ्लाईओवर ब्रिज नहीं बनवाया है, जिससे तीर्थ यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य रामकुमार सिंह राजावत ने बताया है कि एनएचएआई के फरीदाबाद स्थित कार्यालय से जय कुंड चैक के सौंदर्यीकरण के लिए काफी समय से पत्राचार कर रहे हैं और इस विकराल समस्या से अवगत कराते आ रहे हैं, परंतु हाईवे डेवलपमेंट ऑथोरिटी ने इस समस्या के समाधान की ओर कदम नहीं बढ़ाया है। उन्होंने एनएचएआई के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों और स्वयंसेवी संगठनों से भी अनुरोध किया है कि जय कुंड चैक पर फ्लाईओवर ब्रिज अथवा जय कुंड चैक और वृंदावन चैक को कवर करते हुए एलिवेटेड ब्रिज बनाया जाए। जिससे पर्यटन उद्योग को पंख लग सकें और ग्रामीणों को रोजगार की तलाश में शहर की ओर न जाना पड़े।

**कट बंद होने से पड़ रहा प्रतिकूल प्रभाव**

**जैत।** ग्राम पंचायत जैंत की प्रधान ममता देवी ने बताया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण ने जय कुंड चैक को बंद करके बहुत गलत किया है। कट बंद होने से जहां क्षेत्रीय ग्रामीणों को विकट परेशानियों से जूझना पड़ रहा है तो वहीं पर्यटकों और श्रद्धालुओं की आमद पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यहां पर एलिवेटेड ब्रिज की महती आवश्यकता है।

# महाकुंभ सनातन संस्कृति व सामाजिक समरसता को मजबूत करने वाला पर्व



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष एवं श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार दिनेश शर्मा, फलहारी के आवाहन पर संपूर्ण ब्रज में महा कुंभ को लेकर चलाए जा रहे जन जागरण अभियान के तहत आज मथुरा देहात क्षेत्र में शुरूआत करते हुए जगह-जगह पांच टीमों को रवाना किया गया। जिसका शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष चैधरी किशन सिंह ने निमंत्रण पत्र वितरित कर किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष चैधरी किशन सिंह ने कहा कि यह महाकुंभ अबकी बार भारतवर्ष को विश्व गुरु बनाने की आधारशीला के रूप में जाना जाएगा। श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार, हिंदूवादी नेता दिनेश शर्मा ने कहा कि इस महाकुंभ में आयोजित होने वाली धर्म संसद में सनातन संस्कृति के ध्वजवाहक संत जन श्री कृष्ण जन्मभूमि, लव जिहाद, आतंकवाद, सहित अनेक मुद्दों पर विशेष चर्चा करेंगे। हमें सभी अखाड़ों का आशीर्वाद मिल रहा है। निश्चित ही अब निर्णायक आवाज बुलंद होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, एवं सनातनी गौरव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अब तक के महाकुंभ के आयोजनों से अधिक सुखद एवं सुंदर इंतजाम किए हैं दिव्य शक्ति अखाड़े के महामंत्री एवं धर्म संसद प्रभारी राजेश पाठक ने कहा कि 23 जनवरी की धर्म संसद में अब 2 लाख से अधिक सनातनी हिंदुओं की आने की संभावना है। रम कृष्ण भक्त दिनेश शर्मा, के आवाहन पर 20 से अधिक टीम संपूर्ण ब्रजमंडल में दौरा कर निमंत्रण दे रही है। हम लगभग 1 लाख से अधिक लोगों से संपर्क कर चुके हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजेश कृष्ण शास्त्री, राहुल गौतम, मोहनदास बाबा, राकेश कुमार सिंह, कमलेश चैधरी आदि उपस्थित थे।

## एफडीए के जांच अभियान में खाद्य तेलों के नमूने जांच में फेल, होगी कार्यवाही

**फिरोजाबाद।** एफडीए विभाग द्वारा दिवाली पर अभियान चला लिये गये खाद्य पदार्थ सरसों के तेल के नमूने प्रयोगशाला की जॉच में असुरक्षित मानव स्वास्थ्य हेतु हानिकारक पाए जाने पर खाद्य सहायक आयुक्त ने कार्यवाही की संस्तुति की है। सहायक आयुक्त खाद्य चन्दन पाण्डेय ने दीपावली त्यौहार पर खाद्य पदार्थों में मिलावट पर चलाए गए अभियान में सुहाग नगर फिरोजाबाद में तेल विक्रेता राजेश कुमार पुत्र रामभरोसी लाल से रिफाइन्ड सोयाबीन के नमूने लिए थे, तेल विक्रेता दीपक गुप्ता पुत्र श्रीचन्द्र गुप्ता से रिफाइन्ड सोयाबीन ऑयल एवं सरसों के तेल का नमूना लिया गया, कठफोरी सिरसागंज, फिरोजाबाद से रामवीर पुत्र रामबाबू से संग्रहित काजू का नमूना असुरक्षित पाया गया, एटा रोड, शिकोहाबाद में शिवम गुप्ता पुत्र राकेश कुमार से संग्रहित सरसों के तेल का नमूना लिया गया था जिसकी प्रयोगशाला से सभी की अधोमानक मानकों के विपरीत रिपोर्ट आई है।सहायक आयुक्त खाद्य चन्दन ने बताया है कि जनपद में खाद्य तेल पर बडी मात्रा में मिलावट पायी जा रही है, जिससे अल्सर जैसी गम्भीर बीमारी होती है। खाद्य तेल में इस प्रकार की मिलावट के विरुद्ध जनपद की सीमा से सटे जनपद जैसे आगरा मथुरा आदि से आपूर्ति हेतु लाये जा रहे खाद्य तेल पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है साथ ही जनपद फिरोजाबाद में एक गोपनीय टीम गठित कर मिलावटी तेल विक्रेताओं को चिन्हित किया जा रहा है, जिन पर औचक छापामार कार्यवाही की जायेगी। जॉच में फेल नमूनों से संबंधित कारोबार कर्ताओं के इनके लाइसेंस निलम्बित किये जाने की प्रक्रिया में है तथा इनके विरुद्ध नियमानुसार केस दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है, जिनमें उम्रकैद तथा अधिकतम 10 लाख रु. तक जुर्माने का प्रावधान है।

# फिरोजाबाद महोत्सव सरकारी कार्यक्रम नही, लोगों का कार्यक्रम साबित हो : डीएम



**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 27 जनवरी से 5 फरवरी तक होने वाले फिरोजाबाद महोत्सव को लेकर बैठक का आयोजन किया गया, जहां डीएम ने कहा कि अबकी बार महोत्सव की थीम और लोगो सामान्य जनता से लिया जाए, इस कार्यक्रम में जन भागीदारी ज्यादा से ज्यादा हो यह सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि लोगों का कार्यक्रम साबित हो हम सबको ऐसा प्रयास करना है, साथ ही डीएम ने कहा कि सुबह 10 से लेकर शाम 5 बजे तक का कार्यक्रम हो पूरी तरह एकेडमिक हो, शिक्षाप्रद हो सभी सरकारी विभाग सरकारी योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी भी लगायें, जिससे लोग सरकारी योजनाओं से परिचित हो सके, बच्चों के लिए अलग-अलग विषयों पर आधारित भाषण प्रदर्शित किया जाए, प्रोवेशन विभाग बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन करें, इस महोत्सव में सोलर ऊर्जा का इवेंट भी कराया जाए, जिससे लोग सोलर ऊर्जा के उपयोग को लेकर जागरूक हो सके, पी डब्ल्यू डी विभाग डीपीआर बनाने को लेकर और सैंपल सर्वे को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन करें, जिससे विभाग के कर्मचारी इन बातों में प्रशिक्षित हो सके, कुल मिलाकर इस कार्यक्रम को अस्मरणीय बनाना है। बैठक में सीडीओ शत्रोहन वैश्य नगर आयुक्त ऋषि राज, एडीएम संगीता गौतम के साथ-साथ अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे, साथ ही साथ इस बैठक में ग्लास इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि व्यापार बंधुओ के प्रतिनिधि, कोल्ड स्टोरेज के प्रतिनिधि, पेट्रोलियम के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, इन सभी ने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हम सब अपना योगदान देंगे।

### डीएम ने जलेसर चौराहे का किया निरीक्षण

**फिरोजाबाद।** आगामी फिरोजाबाद महोत्सव की तैयारियों को लेकर डीएम रमेश रंजन ने आयोजन स्थल पी0डी0 जैन इण्टर कालेज का निरीक्षण किया, इस दौरान उनके साथ नगर आयुक्त रिषीराज, सीडीओ शत्रोहन वैश्य, एडीएम वि0रा0 विशु राजा पर्यटन अधिकारी विशाल श्रीवास्तव उपस्थित रहें। डीएम ने एडीएम को निर्देशित किया कि तहसील की टीम लगाकर महोत्सव स्थल की पैमाइश करायें, जिससे महोत्सव के लिए उपलब्ध भूमि का उपयोग व्यवस्थित ढ़ंग से किया जा सके, साथ ही नगर आयुक्त सम्पूर्ण महोत्सव की प्लानिंग करेंगे, उपलब्ध स्थान की प्रोपर डिजायनिंग करेंगे, इसके साथ ही डीएम ने कहा छोटी-छोटी संगोष्ठियों के आयोजन हेतु 100 व्यक्तियों की क्षमता वाले 2 क्लोज हॉल बनाए जाए, जिससे वहां पर चर्चा-परिचर्चा की जा सके, साथ ही महोत्सव मे आवश्यकतानुसार स्टॉलों की संख्या बढाई जाऐं, उन्होंने नगर आयुक्त से कहा कि इस महोत्सव को जीरो बेस्ट इवेंट के रूप में मनाया जाए, यहां पर ट्रैफिक की व्यवस्था सुचारू रूप से व्यवस्थित की जाए, इसके लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया, जिससे महोत्सव में किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो, साथ ही उन्होने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए भी व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया।इसके पश्चातजिलाधिकारी ने नगर आयुक्त रिषीराज के साथ जलेसर चैराहें का निरीक्षण किया, आए दिन जिलाधिकारी को यह शिकायत प्राप्त हो रही थी की जलेसर चैराहे पर जाम लगा रहता है, जिससे नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पडता है, इसी कारण जिलाधिकारी ने यहां पर निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को निर्देशित किया कि यहां पर लगे बिजली के खम्भे और ट्रैफिक लाइटों के पोलों को दूसरी जगह स्थानान्तरित किया जाए, यहां पर यू टर्न बनाया जाए, साथ ही यहां गोल चैराहें का निर्माण हो साथ ही अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि विद्युत के तारों को व्यवस्थित किया जाए, जिससे यहां पर नागरिकों को जाम से निजात मिल सकें, उन्होने यहां सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया कि यहां पर गोल चैराहा व यू टर्न का निर्माण किया जाये।

## घनी आबादी में व्याप्त गंदगी से संक्रामक रोग फैलने का खतरा, नगरायुक्त से की शिकायत



**मथुरा।** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत बीएसए कॉलेज के पीछे मंसापुरी कॉलोनी जो वार्ड नंबर 47 में स्थित है एक खाली पढ़े 200 वर्ग गज प्लाट स्वामी एन एस वर्मा निवासी सुखदेव नगर मथुरा के प्लाट में खत्ता घर बना हुआ है। यहां प्लॉट में गंदगी का ढेर और मृत पशु भैंस कुत्ता आदि पड़े रहने और सड़न से संक्रामक रोग फैलने का खतरा पैदा हो गया है। यहाँ के स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी एंव मथुरा नगर निगम के नगरआयुक्त से शिकायत की है। शकायती पत्र में आर्मी से रिटायर भंवर सिंह और कॉलोनी वासीयों ने मांग की है कि यहां खाली पड़े प्लॉट में आसपास के लोग यहां पर मरे हुए जानवरों को फैंक देते हैं मथुरा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत बीएसए कॉलेज के पीछे मनसापूरी कॉलोनी वार्ड नंबर 47 में है। यहाँ मृत पशु भैंस कुत्ता संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना रहता है यहां के क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। इसकी शिकायत प्लाट स्वामी से की गई उनके कानो में जूँ तक नहीं रेंग रही है। प्लाट स्वामी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की है। शिकायती पत्र में पूर्व सैनिक भवरसिंह, योगेंद्र डावर, डाक्टर रामकुमार, दिनेश कुमार, योगेंद्र सिंह, भगवती शर्मा, अरविन्द गौतम, गिरी प्रसाद, और जगदीश सिंह आदि मौजूद रहे।

## सूर सरोवर पक्षी विहार में ईको सेंसिटिव जोन शून्य कर दिया गया

**आगरा।** सूर सरोवर पक्षी विहार (कीठम झील) का क्षेत्रफल 400 हेक्टेयर से बढ़ाकर 800 हेक्टेयर करने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर तब अमल हो पा रहा है जबकि एनजीटी में अवमानना याचिका दाखिल होने पर अधिकारियों के फंसने की नौबत आ गई। सूर सरोवर के क्षेत्र में 380 हेक्टेयर की वृद्धि हो चुकी है। 15 हेक्टेयर शामिल होना बाकी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना करने को लेकर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) में दायर याचिका पर आज हुई सुनवाई में वन विभाग की ओर से अवगत कराया गया कि 380 हेक्टेयर क्षेत्रफल विस्तार की अधिसूचना जारी हो चुकी है जबकि शेष बचे 15 हेक्टेयर को शामिल करने में अभी थोड़ा समय लग सकता है। आज की सुनवाई के दौरान इस बात का भी खुलासा हुआ कि वन विभाग ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में 380 हेक्टेयर क्षेत्रफल विस्तार की अधिसूचना तो जारी कर दी है, लेकिन सूर सरोवर पक्षी विहार के आसपास ईको सेंसिटिव जोन को एक किलोमीटर से घटाकर शून्य कर दिया है। याचिकाकर्ता पर्यावरणविद ड ?. शरद गुप्ता की ओर से ईको सेंसिटिव जोन जीरो किए जाने पर आपत्ति उठाई गई। डॉ. गुप्ता के अधिवक्ता की ओर से कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट की रूलिंग है कि ईको सेंसिटिव जोन न्यूनतम एक किलोमीटर तो होना ही चाहिए। सूर सरोवर पर यह जोन जीरो किया जाना सुप्रीम कोर्ट की रूलिंग के खिलाफ है। एनजीटी ने भी माना कि सूर सरोवर पक्षी विहार का ईको सेंसिटिव जोन शून्य नहीं किया जा सकता। एनजीटी की ओर से इस बारे में उत्तर प्रदेश सरकार के वकील से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस तरह की कोई जानकारी नहीं है। इस पर एनजीटी ने आदेश दिया कि अगली सुनवाई में ईको सेंसिटिव जोन को लेकर शपथ पत्र प्रस्तुत करें।

# ताज महोत्सव की धीमी तैयारियों से कमिश्नर खफा

● अधिकारियों के पेंच कसे, अभी तक न तो कलाकार फाइनल हुए और न ही थीम



**आगरा।** ताज महोत्सव की तैयारियों की धीमी गति से खफा मंडलायुक्त ने आज अधिकारियों के पेंच कसे। अभी तक न तो कलाकारों की सूची बन पाई है और न ही प्रचार प्रसार की तैयारी के लिए एजेंसी का चयन। ताज महोत्सव की तैयारियों को लेकर आज मण्डलायुक्त रितु माहेश्वरी की अध्यक्षता में बैठक हुई। आयोजन के प्रचार प्रसार एवं डिजाइन-प्रिटिंग हेतु एजेंसी के चयन हेतु अभी तक निविदा जारी न करने पर मंडलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जल्द निविदा जारी करने एवं 15 जनवरी तक सभी प्रोजेक्ट हेतु एजेंसी फाइनल करने के निर्देश दिए।

बैठक में ताज महोत्सव की इस वर्ष की थीम पर चर्चा की गई। नगर निगम द्वारा आम जनमानस से थीम निर्धारित करने हेतु सुझाव मांगे गए थे। प्राप्त हुए सुझावों में कोई भी थीम पसंद न आने पर 3 दिन का अतिरिक्त समय देते हुए आम जनमानस से और सुझाव मांगने के निर्देश दिए गए। मंडलायुक्त ने विगत 4 व 5 जनवरी को हुए कलाकारों के ऑडीशन से सर्वश्रेष्ठ कलाकारों का जल्द चयन करने के निर्देश दिए, जो ताज महोत्सव के अन्तर्गत विभिन्न स्थल पर सजे मंच पर अपनी प्रस्तुति देंगे। वहीं ताज महोत्सव के अंतर्गत सभी जगहों पर होने वाले इवेंट व कार्यक्रमों और कलाकारों की सूची तैयार न होने पर मंडलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि समिति के अन्तर्गत इवेंट और सभी सांस्कृतिक गतिविधियों से संबंधित गठित की गयी समितियों के साथ बैठक करें। मंडलायुक्त ने डीएम को निर्देश दिए कि सूर सरोवर कीठम, ग्यारह सीढ़ी, ताज खेमा, यमुना आरती स्थल, फतेहपुर सीकरी, सदर बाजार, आई लव आगरा सेल्फी पॉइंट आदि जगहों पर होने वाले कार्यक्रम और कलाकारों के नाम की सूची एक सप्ताह के अंदर तैयार करवायें। विगत वर्ष ताज महोत्सव में आयोजित हुए नाट्य उत्सव, मुशायरा, ड्रामा, स्टैण्ड अप कामेडी के लिए आयोजकों से संपर्क कर कलाकारों का चयन फाइनल किया जाए। साथ ही प्रत्येक कार्यक्रम की तैयारी पूर्ण कराने के लिए एक ऑफिशियल व संबंधित निजी आयोजक को जिम्मेदारी दी जाए। बैठक में शिल्पग्राम में स्टाल आंवटन की समीक्षा की गयी। अवगत कराया गया कि 39 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। मंडलायुक्त ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि हैण्डलूम, हैण्डीक्राफ्ट, सरस आदि विभागों/ संस्थाओं से समन्वय कर ज्यादा से ज्यादा स्टाल लगाये जाएं। प्रदेश के सभी जिलों से ओडीओपी की स्टालें लगवाई जाएं। ग्यारह सीढ़ी में होने वाले सभी आयोजन की एएसआई से स्वीकृति लेने हेतु पत्राचार करने के निर्देश दिये।

## न्यायालय के आदेश पर खरीद-फरोख्त करने वालों पर मुकदमा दर्ज

**वृन्दावन।** बांकेबिहारी मंदिर क्षेत्र में विद्यपीठ चैराहा के समीप स्थित 100 वर्षों से भी अधिक पुरानी लद्दाराम सिंधी धर्मशाला के विक्रय के मामले में न्यायालय के आदेष पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक सेठ लद्दाराम द्वारा सन-1920 में इस सेठ लद्दाराम धर्मशाला का निर्माण कराया गया। जिसका उद्देश्य कृष्णभक्ति प्रचारार्थ बांकेबिहारी के दर्शनों को आने वाले श्रद्धालुओं को निःशुल्क आवास की सुविधा प्रदान करना था। उनके द्वारा बनाए गए सेठ लद्दाराम सिंधी धर्मशाला ट्रस्ट में यह स्पष्ट उल्लेख था कि इस संपत्ति का उपयोग सदैव धर्मार्थ कार्यो हेतु ही किया जाए। यदि उनके वंशज उनकी इच्छानुसार यह पुनीत कार्य न कर सकें तो वृन्दावन नगर पालिका इसे अपने आधिपत्य में लेकर धर्मार्थ उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इसका संचालन करे। न्यायालय के आदेष पर नाई की मण्डी आगरा के रहनेवाले वादी सुधीर कुमार पुत्र खेमचंद्र द्वारा कोतवाली वृन्दावन में भारतीय न्याय संहिता की धारा 316, 318, 336, 338, 340, 351, 352 और 61 में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया हैं कि वे और उनके पूर्वज लंबे अर्से से धर्मषाला में आकर ठहरते रहे तथा बांकेबिहारी के दर्षन करने जाते हैं। जब वे 14 सितंबर को धर्मशाला में पहुंचे तो वहां मौजूद ग्राम डॉगौली मांट निवासी महेश चंद्र बघेल पुत्र नत्थीलाल ने उन्हें वहां ठहरने से रोक दिया गया। उनके आग्रह करने पर दुर्व्यवहार और मारपीट की। उन्हें बताया गया कि यह संपत्ति उनके द्वारा खरीद ली गई है, जिसपर अब व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स बनाया जायेगा। इससे आहत सुधीर कुमार ने न्यायलय से कार्यवाही की गुहार लगाई कि सेठ लद्दाराम द्वारा पवित्र उद्देष्य के लिए इस विरासत का निर्माण किया गया। जिसका विक्रय सेठ लद्दाराम के धेवते हरिराम चतरुमल तथा अन्य 7 ट्रस्टियों द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर महेश बघेल को कर दिया गया है। वादी ने आरोप लगाया कि वास्तव में धर्मशाला विक्रय के एवज में 15 करोड़ रुपये का लेदनेन हुआ है। जबकि राजस्व को चूना लगाने के लिए इसकी राशि महज 6,89,37000/- दर्शाई गई है।

## संक्षेप

### टाटा की ई-बसों का 25 करोड़ किलोमीटर का आंकड़ा पार

मुंबई। टाटा मोटर्स ने आज एक बड़ी उपलब्धि की घोषणा की है। कंपनी की 3100 इलेक्ट्रिक बसों ने देश के 10 शहरों में मिलकर 25 करोड़ किलोमीटर की दूरी तय कर ली है। यह दूरी धरती के चारों ओर 6200 से भी ज्यादा बार चक्कर लगाने के बराबर है। इन बसों ने रोजाना औसतन 200 किलोमीटर की दूरी तय की है, जिससे पर्यावरण के संरक्षण और वायु प्रदूषण को कम करने में बड़ा योगदान दिया है। इन 25 करोड़ किलोमीटर के सफर ने करीब 1.4 लाख टन सीओ2 उत्सर्जन बचाया है, जो एक स्वच्छ और हरित भविष्य की दिशा में एक अहम कदम है। हम बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं कि हमारी इलेक्ट्रिक बसों ने 25 करोड़ किलोमीटर का सफर तय किया है। बीते 12 महीनों में ही हमने 15 करोड़ किलोमीटर का आंकड़ा पार किया है, जो यह साबित करता है कि लोग और राज्य परिवहन विभाग पर्यावरण के अनुकूल यातायात विकल्पों को तेजी से अपना रहे हैं। हम इस विश्वास और समर्थन के लिए आभारी हैं और संकल्प लेते हैं कि हम सार्वजनिक परिवहन को और भी सुरक्षित, स्मार्ट और पर्यावरण-अनुकूल बनाएंगे।

### पुस्तक फिजी में भारतीयों का इतिहास का विमोचन

बंगलुरू। लेखिका और शिक्षाविद् डॉ. रेखा चतुर्वेदी ने अपनी पीएचडी शोध पर आधारित पुस्तक फिजी में भारतीयों का इतिहास तथा उनका जीवन (1879-1947) का विमोचन प्रवासी भारतीय दिवस के शुभ अवसर पर किया। 18वें प्रवासी भारतीय दिवस का उद्घाटन 9 जनवरी को किया जायेगा। पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी ने प्रवासी भारतीयों पर उल्लेखनीय कार्य किया है। फिजी में भारतीयों का इतिहास तथा उनका जीवन (18791947) भारतीय गिरमिटिया मजदूरों के जीवन और उनके संघर्षों पर गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। यह पुस्तक भारतीय प्रवासी समाज के बलिदानों को पहचानने और उनकी कहानियों को आने वाली पीढ़ियों के लिए संजोने का आह्वान भी करती है। गिरमिटिया मजदूरों को उस समय के ब्रिटिश शासन के दौरान कुली के नाम से जाना जाता था।

### मेक माय ट्रीप ने पेश किया अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए उद्योग का पहला आंशिक भुगतान विकल्प

बंगलुरू। यात्रियों के लिए तकनीक आधारित समाधान प्रदान करने की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, भारत की प्रमुख ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेक माय ट्रीप ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की बुकिंग को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए एक नया फीचर पेश किया है। नया लॉन्च किया गया आंशिक भुगतान विकल्प यात्रियों को कुल किराए का केवल 10-40प्रतिशत अग्रिम भुगतान करके बुकिंग की पुष्टि प्राप्त करने में मदद करता है। यह सटीक प्रतिशत एयरलाइन, यात्रा मार्ग और अग्रिम बुकिंग अवधि जैसे कारकों पर निर्भर करता है। बाकी बची राशि का भुगतान या तो यात्रा तिथि से पहले या बुकिंग के 45 दिनों के भीतर, जो भी पहले हो, बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के करना होगा। यह उद्योग में पहली बार पेश किया गया फीचर यात्रियों, विशेष रूप से बड़े परिवारों या समूहों की एक आम समस्या का समाधान भी करता है, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय उड़ान की बुकिंग के समय पूरा टिकट मूल्य एकमुश्त चुकाने में कठिनाई हो सकती है। आंशिक भुगतान विकल्प चुनने वाले यूजर्स पूरे भुगतान को पूरा करने के बाद, किराया नियमों के अनुसार अपनी पुष्टि की गई बुकिंग में बदलाव भी कर सकते हैं।

### बीएल एग्रो ने पैरा-एथलीटों को अधिक सशक्त बनायेगी

झाँसी। बीएल एग्रो के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम का एक हिस्सा यह पहल पैरा-एथलीटों को अधिक से अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाने का लक्ष्य रखती है। बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 विजेताओं के लिए एक व्यापक पांच वर्षीय सहायता कार्यक्रम की घोषणा की है। पैरा-एथलीटों द्वारा प्रदर्शित धैर्य और दृढ़ संकल्प वास्तव में प्रेरणादायक है। उन्होंने हमें और भारत को गौरवान्वित किया है। बीएल एग्रो में, हम इस प्रतिभा को पोषित करना चाहते हैं और इन चैंपियनों को उत्कृष्टता की उनकी यात्रा जारी रखने में मदद करना चाहते हैं। इस पहल के साथ, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके पास और भी अधिक ऊंचाइयों को छूने के लिए आवश्यक सभी संसाधन हों।

# सेंसेक्स में 51 अंकों की गिरावट



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बुधवार को बीएसई सेंसेक्स मामूली 51 अंक के नुकसान में रहा। एनएसई निफ्टी में भी गिरावट हल्की रही। आर्थिक वृद्धि दर में कमी के अनुमान के बीच कंपनियों के तिमाही नतीजों से पहले निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी।

कारोबारियों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने तथा वैश्विक बाजार में मिले-जुले रुख से भी धारणा प्रभावित हुई। हालांकि, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेज गिरावट पर अंकुश लगा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 50.62 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,148.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 712.32 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 18.95 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की हल्की गिरावट के साथ 23,688.95 अंक पर बंद हुआ। आर्थिक वृद्धि दर धीमी पड़ने के अनुमान तथा तीसरी तिमाही के वित्तीय नतीजों से पहले बाजार में उतार-चढ़ाव आया। हालांकि, निचले स्तर पर प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में सुधार आया। इसके अलावा, नरम पड़ती अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए बजट में सुधारों को आगे बढ़ाने की उम्मीद से भी बाजार पर सकारात्मक असर पड़ा। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में धारणा कमजोर रहने की संभावना है। इसका कारण अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल का बढ़ना और फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दर में कम कटौती की आशंका है। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से अदाणी पोर्ट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, लार्सन एंड टुब्रो, सन फार्मा, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी, एशियन पेंट्स, एचसीएलटेक और मारुति शामिल हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 1,491.46 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कम्पोजिट सकारात्मक दायरे में रहा, जबकि जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में तेजी का रुख रहा। अमेरिकी बाजार मंगलवार को नुकसान में रहे थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.79 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77.66 डॉलर प्रति बैरल रहा। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन से देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में घटकर चार साल के निचले स्तर 6.4 प्रतिशत पर आ सकती है।

# रुपया 13 पैसे टूटकर 85.87 प्रति डॉलर के नये सार्वकालिक निचले स्तर पर



मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार दूसरे कारोबारी सत्र बुधवार को 13 पैसे गिरकर 85.87 (अस्थायी) डॉलर के अबतक के सबसे निचले स्तर पर आ गया। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने के बीच रुपये में यह गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा विश्लेषकों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में सुस्त धारणा और विदेशी कोषों की निरंतर निकासी ने भी खेल बिगाड़ दिया, जबकि निवेशक सरकार द्वारा आर्थिक वृद्धि के कम अनुमान को लेकर सतर्क बने रहे। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.82 पर खुला। दिन के कारोबार में रुपये 85.89 प्रति डॉलर के सबसे निचले स्तर पर पहुंचने के बाद अंत में 85.87 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 13 पैसे की गिरावट है। मंगलवार को रुपया छह पैसे की गिरावट के साथ 85.74 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.35 प्रतिशत चढ़कर 108.76 पर था। फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती में देरी की संभावना के बीच 10-साल के अमेरिकी बॉन्ड पर प्रतिफल भी 4.67 प्रतिशत पर ऊंचा बना रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.90 प्रतिशत बढ़कर 77.74 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 50.62 अंक गिरकर 78,148.49 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 18.95 अंक टूटकर 23,688.95 अंक पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने मंगलवार को शुद्ध रूप से 1,491.46 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## इस्पात आयात पर प्रस्तावित शुल्क से 2025 में कीमतों में भारी बढ़ोतरी की संभावना: क्रिसिल

नयी दिल्ली। इस्पात के आयात पर अगर अगले महीने के अंत तक प्रस्तावित सुरक्षा शुल्क लगाया जाता है, तो 2025 में इस्पात की कीमतें पिछले साल की तुलना में बहुत अधिक होंगी। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह आशंका जताई है।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स के निदेशक-शोध विशाल सिंह ने एक बयान में कहा, वैश्विक स्तर पर इस्पात की कीमतों में गिरावट के कारण घरेलू कीमतें दबाव में हैं और 2025 में भी इनके नरम बने रहने की संभावना है। रक्षोपाय या सेफगार्ड शुल्क लागू होने पर कीमतों में चार से छह प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। उन्होंने कहा कि चूंकि मिलें नई चालू क्षमताओं से उत्पादन की मात्रा बढ़ाती हैं, इसलिए आपूर्ति में वृद्धि से फ्लैट इस्पात की कीमतें कम हो जाएंगी, लेकिन फिर भी यह 2024 की औसत कीमत से अधिक होगी। कहा जा रहा है कि बाजार हिस्सेदारी हासिल करने के लिए मिलों के बीच तीव्र प्रतिस्पर्धा से कीमतों में तेजी सीमित हो सकती है। उद्योग द्वारा प्रस्तावित सुरक्षा शुल्क लगाना यहां सकारात्मक हो सकता है। बयान में कहा गया है कि अगर इसे फरवरी के अंत तक लागू कर दिया जाता है, तो 2025 में इस्पात की कीमतें 2024 की तुलना में बहुत अधिक होंगी।

## अदाणी की जांच के बाइडन प्रशासन के फैसले को चुनौती

वाशिंगटन। अमेरिका में भारतीय अरबपति गौतम अदाणी की गतिविधियों की जांच करने के बाइडन प्रशासन के फैसले को चुनौती देते हुए एक प्रभावशाली रिपब्लिकन सांसद ने कहा है कि इस तरह की चुनिंदा कार्रवाइयों से प्रमुख भागीदारों के साथ महत्वपूर्ण गठबंधनों को नुकसान पहुंच सकता है। सदन न्यायपालिका समिति के सदस्य सांसद लैंस गुडेन ने अमेरिकी अटॉर्नी जनरल मेरिक बी गारलैंड को लिखे एक कड़े शब्दों वाले पत्र में पूछा कि यदि भारत प्रत्यर्पण अनुरोध का पालन करने से इनकार कर देता है तो अमेरिका क्या करेगा।

गुडेन ने न्याय विभाग द्वारा विदेशी इकाइयों के विरुद्ध चयनित अभियोजन के बारे में भी जवाब मांगा। उन्होंने इस तरह की कार्वाइयों से अमेरिका के वैश्विक गठबंधनों और आर्थिक वृद्धि को होने वाले संभावित नुकसान के बारे में भी पूछा। उन्होंने पत्र में यह भी पूछा कि क्या इसका जॉर्ज सोरोस से कोई संबंध है। गुडेन ने सात जनवरी को अपने पत्र में लिखा, न्याय विभाग की चयनित कार्वाइयों से एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के सबसे मजबूत सहयोगियों में से एक भारत जैसे प्रमुख साझेदारों के साथ महत्वपूर्ण गठबंधनों को नुकसान पहुंचने का खतरा है। उन्होंने कहा कि कमजोर अधिकार क्षेत्र और अमेरिकी हितों से सीमित प्रासंगिकता वाले मामलों को आगे बढ़ाने के बजाय, न्याय विभाग को विदेशों में अफवाहों का पीछा करने के बजाय, घरेलू स्तर पर बुरे लोगों को दंडित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। पांच बार के रिपब्लिकन सांसद ने कहा कि अरबों डॉलर का निवेश करने वाली और अमेरिकियों के लिए हजारों नौकरियां पैदा करने वाली इकाइयों को निशाना बनाना लंबे समय में अमेरिका को ही नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि जब हम हिंसक अपराध, आर्थिक जासूसी और सीसीपी प्रभाव से उत्पन्न वास्तविक खतरों को नजरअंदाज कर देते हैं और उन लोगों पर हमला करते हैं जो हमारे आर्थिक वृद्धि में योगदान करते हैं, तो यह उन मूल्यवान नए निवेशकों को हतोत्साहित करता है जो हमारे देश में निवेश करने के लिए आशान्वित हैं। गुडेन ने कहा कि निवेशकों के लिए अनचाहे और राजनीतिक रूप से आवेशित माहौल केवल अमेरिका के औद्योगिक आधार और आर्थिक वृद्धि को पुनर्जीवित करने के प्रयासों को अवरुद्ध करेगा।

## वाणिज्य मंत्रालय ने सोने के आयात आंकड़ों को पांच अरब डॉलर घटाया

नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय ने नवंबर महीने में सोने के आयात के आंकड़े संशोधित करते हुए इन्हें पांच अरब डॉलर घटाकर 9.84 अरब डॉलर कर दिया है।

वाणिज्य मंत्रालय के तहत संचालित वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएस) ने संशोधित आंकड़े जारी किए हैं। नवंबर महीने में सोने के आयात संबंधी आंकड़ों की नए सिरे से गणना के बाद यह संशोधन किया गया है। पिछले महीने जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में देश का स्वर्ण आयात 14.86 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया, जो चार गुना वृद्धि दर्शाता है। सोने के आयात में असामान्य उछाल दर्शाने वाले आंकड़े सामने आने के बाद वाणिज्य मंत्रालय यह जांच कर रहा था कि इन आंकड़ों के संकलन में कोई गणना की गलती तो नहीं हुई थी। आयात में तेज उछाल ने व्यापार घाटे को रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा दिया था। देश का व्यापार घाटा नवंबर में रिकॉर्ड 37.84 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। कोलकाता स्थित डीजीसीआईएस व्यापार सांख्यिकी और वाणिज्यिक सूचनाओं के संग्रह, संकलन और प्रसार के लिए काम करने वाला संगठन है।

# जीडीपी वृद्धि सरकारी अनुमान से कम 6.3 प्रतिशत रहेगी

नयी दिल्ली। एसबीआई की एक शोध रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया कि चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर लगभग 6.3 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो 6.4 प्रतिशत के सरकारी अनुमान से थोड़ा कम है। एक दिन पहले ही राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चार साल के निचले स्तर 6.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताया है।

विनिर्माण क्षेत्र के खराब प्रदर्शन और कमजोर निवेश के कारण वृद्धि दर धीमी होने की बात कही गई। इसके पहले भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दिसंबर में कहा था कि चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रह सकती है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शोध रिपोर्ट इकोरैप के मुताबिक, आरबीआई और एनएसओ के अनुमानों के बीच का अंतर हमेशा ही 0.20-0.30 प्रतिशत की सीमा में रहता आया है। लिहाजा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 6.4 प्रतिशत का अनुमान अपेक्षित और उचित है। रिपोर्ट कहती है, हालांकि, हमारा मानना है कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी की वृद्धि दर नीचे की ओर झुकाव के साथ लगभग 6.3 प्रतिशत रह सकती है। वास्तविक जीडीपी वृद्धि में सुस्ती और मौजूदा कीमतों पर जीडीपी के आकार में बढ़ोतरी लगभग स्थिर रहने के बावजूद चालू वित्त वर्ष में बाजार मूल्य पर प्रति व्यक्ति जीडीपी में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक, सकल घरेलू उत्पाद का पहला अग्रिम अनुमान सामान्य रूप से 2024-25 में समग्र मांग में सुस्ती को दर्शाता है। हालांकि, सकारात्मक योगदान देने वाले घटकों में सरकारी खपत शामिल है, जिसमें मौजूदा कीमतों के संदर्भ में 8.5 प्रतिशत (वास्तविक कीमतों के संदर्भ में 4.1 प्रतिशत) की वृद्धि हुई है। निर्यात ने भी आठ प्रतिशत (वास्तविक कीमतों के संदर्भ में 5.9 प्रतिशत) की सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है। एसबीआई के अध्ययन में कहा गया है कि मांग का चिंताजनक पहलू सकल पूंजी निर्माण में सुस्ती है, जिसमें पूंजी निर्माण में वृद्धि 2.70 प्रतिशत घटकर 7.2 प्रतिशत रह गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, कुल मिलाकर स्थिति यह है कि मांग कमजोर बनी हुई है और वित्त वर्ष 2024-25 में 6.4 प्रतिशत का आंकड़ा एक बाहरी सीमा है। वास्तविक वृद्धि निश्चित रूप से अनुमानित आंकड़े से कम है। रिपोर्ट कहती है कि नवंबर, 2024 के अंत में राजकोषीय घाटा 8.5 लाख करोड़ रुपये यानी बजट अनुमान का 52.5 प्रतिशत था। हालांकि, संशोधित जीडीपी आंकड़ों को ध्यान में रखते हुए, यदि बजट अनुमान के अनुरूप कर प्राप्तियां बढ़ीं, कम पूंजीगत व्यय के कारण सरकारी व्यय कम हुआ, तो चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.9 प्रतिशत रहेगा। हालांकि, यदि सरकार 16.1 लाख करोड़ रुपये के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य पर कायम रहती है तो संशोधित जीडीपी आंकड़ों के लिहाज से राजकोषीय घाटा पांच प्रतिशत पर रहेगा। केंद्रीय बजट में सरकार ने चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.9 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य रखा है।




## बिहार में विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए विशेष इकाई का गठन, 16 हजार करोड़ का निवेश मिलेगा

पटना। बिहार सरकार ने गया में महत्वाकांक्षी एकीकृत विनिर्माण संकुल परियोजना को गति देने के लिए एक विशेष उद्देश्यीय इकाई बिहार एकीकृत विनिर्माण सिटी गया लि. का गठन किया है। इस परियोजना से लगभग।,09,000 नौकरियां सृजित होने और 16,000 करोड़ रुपये का निवेश मिलने की उम्मीद है। राज्य सरकार ने बुधवार को बयान में कहा कि छह जनवरी, 2025 को इकाई का गठन परियोजना पर तत्काल काम शुरू होने तथा इसे तेजी से पूरा करने दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है।

इस परियोजना के तहत व्यापक बुनियादी ढांचे का विकास किया जाना है। इसमें 29.89 किलोमीटर का आंतरिक सड़क नेटवर्क, आधुनिक बिजली सबस्टेशन, उन्नत जलापूर्ति और दूषित जल शोधन प्रणाली, एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाएं, कौशल विकास केंद्र, वाणिज्यिक स्थान और प्रशासनिक कार्यालय शामिल हैं। बयान के अनुसार, रणनीतिक संपर्क सुविधा पर विशेष ध्यान है। संकुल को गया जंक्शन, प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों और आगामी नये पहाड़पुर रेलवे स्टेशन के निकट होने से लाभ होगा।

## इंडियन बैंक की पराग लखनऊ मंडल से साझेदारी

लखनऊ। लखनऊ पराग मंडल कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में इंडियन बैंक की ओर से दुग्ध उत्पादन करने वाले किसानों के लिए तैयार किए गए विशेष डिजिटल उत्पाद औपचारिक रूप से एमओयू का हस्ताक्षर उपरांत आदान -प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में पराग मंडल की ओर से महाप्रबंधक विकास बाल्यान एवं इंडियन बैंक की ओर से लखनऊ अंचल प्रबंधक प्राणेश कुमार ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया। उत्तर प्रदेश भारत में सबसे तेज गति से विकास के पथ पर अग्रसर राज्य है इसे स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में इंडियन बैंक भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है उन्होंने कहा कि इस एमओयू के द्विपक्षीय निष्पादन से हम अपने कृषक ग्राहकों को, जो कि पराग प्लांट में दुग्ध उपलब्ध करा रहे हैं।

## पेज एक का शेष

### भविष्योन्मुखी

तहत पहला हरित हाइड्रोजन हब है। मोदी ने कहा आंध्र प्रदेश अपनी नवोन्मेषी प्रकृति के कारण सूचना और प्रौद्योगिकी का इतना बड़ा केंद्र है। अब समय है कि आंध्र नयी भविष्योन्मुखी प्रौद्योगिकी का केंद्र बने। हमें उभरती हुई तकनीकों का नेतृत्व करना चाहिए, जैसे कि हरित हाइड्रोजन का उपयोग, जो भविष्य का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन शुरू किया गया था और हमारा लक्ष्य 2030 तक 50 लाख मीट्रिक टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए शुरुआत में दो हरित हाइड्रोजन हब शुरू किए जाएंगे, जिनमें से एक केन्द्र विशाखापट्टनम में स्थापित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भविष्य में विशाखापत्तनम दुनिया के उन गिने-चुने शहरों में होगा, जहां इतने बड़े स्तर पर हरित हाइड्रोजन उत्पादन की सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि इस हरित हाइड्रोजन केंद्र से नौकरी के अनेक अवसर पैदा होंगे और साथ ही आंध्र प्रदेश में विनिर्माण परितंत्र भी विकसित होगा। इस परियोजना में लगभग 1,85,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इसमें 20 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमताओं में निवेश शामिल होगा, जिससे यह भारत की सबसे बड़ी एकीकृत हरित हाइड्रोजन उत्पादन सुविधाओं में से एक बन जाएगी। इसमें 1500 टीपीडी हरित हाइड्रोजन और 7500 टीपीडी हरित हाइड्रोजन उप-उत्पाद का उत्पादन करने की क्षमता होगी। आंध्र प्रदेश को संभावनाओं और अवसरों का राज्य करार देते हुए मोदी ने कहा कि ये संभावनाएं जब साकार होंगी तो आंध्र भी विकसित बनेगा और तभी भारत भी विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने कहा इसलिए आंध्र का विकास हमारा दृष्टिकोण है। आंध्र प्रदेश के लोगों की सेवा हमारा संकल्प है। प्रधानमंत्री ने अनकापल्ली जिले के नक्कापल्ली में बल्क ड्रग पार्क की नींव भी रखी। उन्होंने इसका उल्लेख करते हुए कहा कि आंध्र प्रदेश देश के उन तीन राज्यों में से एक है, जहां इस तरह के पार्क की स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस पार्क में विनिर्माण और शोध के लिए बेहतरीन संरचना तैयार की जाएगी, जिससे निवेशकों का उत्साह बढ़ेगा और यहां की फार्मा कंपनियों को फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने इसके अलावा आंध्र प्रदेश में 19,500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न रेलवे और सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास और उद्घाटन किया।

### अन्य देशों की

बहुत बाद में मिली। केवल सरकार के माध्यम से कोई योजना बहुत सफल हो जाए, यह कठिन है, ऐसे में समाज को भी सहभागी बनना पड़ेगा। उनका कहना था कि देश के अंदर नारी शक्ति वंदन अधिनियम भी पारित हो चुका है। वर्ष 2029 के बाद हर चुनाव (विधानसभा और संसद) में भी एक तिहाई से अधिक प्रतिनिधित्व महिलाओं का होने जा रहा है यानी 14-15 फीसदी से बढ़कर यह 33 से 50 फीसदी पहुंच सकता है।

### जीवन में संवाद

के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा कि 12 जनवरी को युवा उत्सव मनाया जाता है, क्योंकि 12 जनवरी युवा ऊर्जा के धनी तथा वैश्विक पटल पर भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व युवा शक्ति को पहचान दिलाने वाले स्वामी विवेकानंद की पावन जयंती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22-23 साल बाद जब देश शताब्दी वर्ष मना रहा होगा, तब आप भी अलग-अलग क्षेत्र में कार्य कर रहे होंगे। तब ध्यान रखना होगा कि उस समय कैसा भारत चाहिए, उस भारत के निर्माण की कार्ययोजना में कौन कौन से पहलू होंगे। इन्हें हम आगे बढ़ा सकते हैं। विकसित भारत में युवाओं की क्या भूमिका होगी, इसे भी हमें देखना होगा। उन्होंने कहा कि 63 युवा उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करके राष्ट्रीय महोत्सव का हिस्सा बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास व विरासत की इस यात्रा में युवा भी सहभागी बने हैं। इस अवसर पर खेल व युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ. नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, अमरेश कुमार आदि मौजूद थे।

### कटरा-बनिहाल

परिस्थितियों में 180 डिग्री के कोण पर चढ़ते ट्रैक पर 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन के सफल परीक्षण ने रेलवे के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा है। परीक्षण सुचारू रहा। हम इससे पूरी तरह से संतुष्ट हैं। इसका श्रेय हमारे इंजीनियरों को जाता है, जिन्होंने इतना शानदार काम किया है। सीआरएस के मुताबिक, परीक्षण ट्रेन सुबह 10.30 बजे कटरा स्टेशन से रवाना हुई और डेढ़ घंटे में बनिहाल स्टेशन पहुंची। उन्होंने बताया कि ट्रेन ने दोपहर दो बजे कटरा के लिए वापसी की यात्रा शुरू की और 3.30 बजे अपने गंतव्य स्थान पर पहुंची। सीआरएस के अनुसार, यह इस ट्रैक पर अंतिम परीक्षण है। नवनिर्मित रेलवे लाइन के दो-दिवसीय वैधानिक निरीक्षण के लिए कटरा पहुंचे देशवाल ने कहा कि कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच रेल सेवाएं शुरू करने पर अंतिम फैसला केंद्र सरकार लेगी। उन्होंने कहा, मैं इस बारे में (रेल सेवाओं की शुरुआत) बात करने की स्थिति में नहीं हूं। वैधानिक निरीक्षण आज शाम तक पूरा हो जाएगा और सभी एकत्रित डेटा का उत्तर रेलवे के दिशा-निर्देशों के अनुसार विश्लेषण किया जाएगा। सीआरएस के मुताबिक, कटरा-बनिहाल खंड पर अब तक का परीक्षण और निरीक्षण संतोषजनक रहा है। उन्होंने कहा, हमारा बुनियादी ढांचा उत्कृष्ट है और बहुत जल्द हमारी रिपोर्ट के आधार पर एक निष्पक्ष निर्णय लिया जाएगा। कटरा लौटकर देशवाल ने बताया कि बनिहाल से कटरा की तरफ ढलान वाले ट्रैक पर भी तेज रफ्तार ट्रेन का परीक्षण सफल रहा। उन्होंने कहा, यह (परीक्षण) दोनों तरफ से पूरी तरह सफल रहा... ट्रेन टी-30 (सुरंग-30) से भी 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गुजरी। इस सुरंग ने निर्माण प्रक्रिया के दौरान कुछ चुनौतियां पेश कीं, लेकिन इंजीनियरों ने तकनीकी समस्याओं का समाधान किया और ट्रैक को इस गति से परिचालन के लिए बिल्कुल उपयुक्त बना दिया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पिछले महीने रियासी-कटरा खंड के पूरा होने की घोषणा की थी, जिसे लगभग तीन दशकों के काम के बाद कश्मीर को रेल मार्ग से देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तौर पर देखा गया था। चार जनवरी को कटरा-बनिहाल खंड पर इलेक्ट्रिक ट्रेन का सफल परीक्षण किया गया था। रेलवे ने पिछले महीने इस मार्ग के विभिन्न खंडों पर छह परीक्षण किए हैं, जिनमें दो प्रमुख पड़ाव अंजी खड्ड और चिनाब पुल भी शामिल हैं। कुल 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना में से 209 किलोमीटर मार्ग पर विभिन्न चरणों में रेल परीक्षण किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि कश्मीर को रेल मार्ग से देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने की महत्वाकांक्षी परियोजना 1997 में शुरू की गई थी, लेकिन भूवैज्ञानिक, स्थलाकृतिक और मौसम संबंधी चुनौतियों के कारण इसमें कई बाधाएं आईं।

### भाजपा और

महल के मुद्दे पर तंज किए जाने के जवाब में आप ने मीडिया को मुख्यमंत्री आवास का दौरा कराने के लिए आमंत्रित किया था। पुलिस ने आप नेताओं को परिसर में जाने से रोकने के लिए छह, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगले के सामने अवरोधक लगा दिए और जवानों को तैनात किया था।

इसके बाद वे प्रधानमंत्री आवास की ओर बढ़े और रोके जाने पर तुगलक रोड पुलिस थाने के पास धरना दिया। आप नेताओं ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर प्रधानमंत्री आवास के निरीक्षण से भागने का आरोप लगाया। आप नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास के नवीनीकरण में अत्यधिक लागत आई है। संजय सिंह ने कहा, भाजपा का झूठ आज पूरे देश के सामने उजागर हो गया है। भाजपा ने दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पर सोने से बना मिनी बार, स्विमिंग पूल और कमोड है। हालांकि, उन्होंने हमें अंदर जाने और जनता को सच्चाई दिखाने की अनुमति नहीं दी।

संजय सिंह ने प्रधानमंत्री आवास के नजदीक प्रदर्शन के दौरान कहा, अब वे हमें प्रधानमंत्री आवास की वास्तविकता बताने से भी रोक रहे हैं, जो 2,700 करोड़ की लागत से बना है। आप नेताओं ने मीडिया को मुख्यमंत्री आवास का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया था। भाजपा लगातार दावा करती आ रही है कि अरविंद केजरीवाल के कार्यकाल के दौरान उनके आधिकारिक आवास को शीश महल में बदल दिया गया। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने आवास पर आने की अनुमति मांगी थी तो सिंह और भारद्वाज ने संवाददाताओं से कहा, हमें मुख्यमंत्री के आवास में प्रवेश करने की अनुमति क्यों चाहिए? उन्हें आवास में प्रवेश करने की अनुमति के लिए अधिकारियों से बात करते देखा गया। भारद्वाज को एक अधिकारी से कहते हुए सुना गया, आपको हमें रोकने का निर्देश किसने दिया? मैं एक मंत्री हूं और मैं यहां मुआयना करने के लिए आया हूं। आप मुझे कैसे रोक सकते हैं और किसके आदेश पर? क्या आपको उपराज्यपाल से निर्देश मिले हैं? इससे पहले सिंह और भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वे पत्रकारों को प्रधानमंत्री आवास पर भी ले जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास को आप ने राज महल करार दिया और दावा किया कि इसे 2,700 करोड़ की लागत से बनाया गया है। भारद्वाज ने कहा, जैसा कि वादा किया था, हम सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास छह, फ्लैगस्टाफ रोड पर जाएंगे और भाजपा के दावे के अनुसार वहां गोल्डन कमोड, स्विमिंग पूल और मिनी बार खोजने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा, इस बात पर गौर किया जाना चाहिए ये दोनों (मुख्यमंत्री आवास और प्रधानमंत्री आवास) संपत्तियां सरकारी आवास हैं। इन्हें करदाताओं के पैसे से बनाया गया है और कोविड-19 महामारी के दौरान यह निर्माण हुआ।

### कृष्ण जन्मभूमि

दी कि कृष्ण जन्मभूमि विवाद से जुड़े कई मुकदमों की सुनवाई उच्च न्यायालय द्वारा की जा रही है। यह मामला ऐतिहासिक महत्व का है। उच्च न्यायालय को बताया गया कि छह मामले मथुरा की अदालत में लंबित हैं जिसमें से एक मामला राधा रानी वृषभानु कुमारी (वृंदावन) का है। हालांकि, उच्च न्यायालय ने यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और अन्य को नोटिस जारी करते हुए सुनवाई की अगली तारीख 20 फरवरी, 2025 निर्धारित की।

### एक ही

विभिन्न संवेदनशील एप्लीकेशन व वेबसाइट को किसी भी आपात स्थिति होने की दशा में 15 मिनट के अंतराल में सुचारू किया जा सकता है। कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से राज्य डाटा सेंटर के अधीन सिक्योरिटी ऑपरेशन सेंटर 24 घंटे 7 दिन कार्यरत है। यह कदम उत्तराखंड राज्य के अंतर्गत डिजिटल सिस्टम को और भी सशक्त और बेहतर किया जाने का सराहनीय प्रयास है। सीएम धामी ने डिजिटल डिजिटलीकरण के बेहतर इंप्लीमेंटेशन के लिए सभी विभागों को बेहतर सेटअप बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि अपनी विभागीय सूचनाओं को अपडेट रखें। उन्होंने आईटीडीए को निर्देशित किया कि विकसित किए गए नए प्लेटफार्म पर सुगमता और तेजी से कार्य करने के लिए सभी विभागों का मार्गदर्शन करें। मुख्यमंत्री ने एनआईसी और आईटीडीए द्वारा विकसित किए गए प्रयासों की सराहना की तथा भविष्य में भी आईटीडीए और एनआईसी को आपसी समन्वय से उत्तराखंड में आईटी के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने को प्रेरित किया। इस दौरान बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु व एल फैनई, सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, नितेश झा, पंकज पांडेय, दीपेंद्र चौधरी, डॉ आर राजेश कुमार, निदेशक आईटीडीए नीतिका खंडेलवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# शैक्षणिक विकास में सहायक होगा पुस्तकालय

## जेपी नड्डा ने असम में पुस्तकालय और सूचना विज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया

एजेंसी

तेजपुरामंगलदई (असम)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को यहां तेजपुर में लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई क्षेत्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान (एलजीबीआरआईएमएच) में नए पुस्तकालय और सूचना विज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया। नड्डा ने दरांग जिले में मंगलदई सिविल अस्पताल में 50 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक क्रिटिकल केयर ब्लॉक की भी आधारशिला रखी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के साथ नड्डा सोनितपुर जिले में तेजपुर स्थित अस्पताल परिसर पहुंचे और पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान केंद्र का अनावरण किया।

नड्डा कई आधिकारिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए असम के एक दिवसीय दौरे पर हैं। एक अधिकारी ने बताया कि वह मंगलवार देर रात गुवाहाटी पहुंचे और सुबह हेलीकॉप्टर से तेजपुर जाने वाले थे। हालांकि, खराब मौसम के कारण वह गुवाहाटी से सड़क मार्ग से तेजपुर पहुंचे, जिससे कार्यक्रम में पहुंचने में उन्हें देरी हो गई। नड्डा ने शर्मा और असम के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अशोक सिंघल के साथ पुस्तकालय और सूचना विज्ञान केंद्र का उद्घाटन करने के बाद तेजपुर में एलजीबीआरआईएमएच में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक में भी भाग लिया। बैठक के बाद



नड्डा ने संवाददाताओं को बताया, मैंने बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक में भाग लिया जहां कई प्रस्ताव रखे गए। हमने उन सभी प्रस्तावों को मंजूरी दे दी, ताकि आने वाले दिनों में संस्थान तेज गति से आगे बढ़ सके। बाद में एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक पुस्तकालय और सूचना विज्ञान केंद्र छात्रों को उनके शैक्षणिक विकास एवं मानसिक स्वास्थ्य के विषय में शोध के लिए आवश्यक उपकरण तथा संसाधन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस यात्रा के दौरान उन्होंने संस्थान के मुख्य द्वार का उद्घाटन किया, जो अस्पताल का एक ऐतिहासिक अभिलेख है। एलजीबीआरआईएमएच केंद्र सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्थान है।

बाद में, शर्मा ने एक्स पर कई पोस्ट में कहा, मुझे आदरणीय श्री जे. पी. नड्डा जी के साथ लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई क्षेत्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान में पुस्तकालय के उद्घाटन और सूचना विज्ञान केंद्र को समर्पित करने एवं इसके बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक में भाग लेने का सौभाग्य मिला। नयी सुविधाएं इसकी शोध क्षमताओं को बढ़ावा देंगी। शर्मा ने कहा, यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि केंद्र सरकार इस महान संस्थान की क्षमताओं को अगले स्तर तक ले जाने के लिए अपना पूरा प्रयास कर रही है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यह असम में स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। इस पहल से राज्य के लोगों की उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्रिटिकल केयर ब्लॉक आने वाले समय में दरांग के मरीजों के लिए समय पर देखभाल सुनिश्चित करेगा।

# हमास ने इजराइली बंधकों को रिहा नहीं किया तो टूटेगा कहर : ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को अगर उनके शपथ ग्रहण तक रिहा नहीं किया गया तो पश्चिम एशिया पर कहर टूटेगा। ट्रंप ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि यदि बंधक बनाए गए लोगों को रिहा नहीं किया गया तो वह क्या कार्वाई करेंगे। हमास ने सात अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हमला करके बड़ी संख्या में लोगों को बंधक बना लिया था। अधिकारियों का कहना है कि अब भी लगभग 100 लोग हमास के कब्जे हैं जिनमें कुछ अमेरिकी नागरिक भी हैं। अधिकारियों का यह भी मानना है कि बंधक बनाए गए लोगों में से कई की अब तक मौत हो गई होगी।



ट्रंप ने फ्लोरिडा के मार-ए-लागो में संवाददाताओं से कहा, अगर बंधक वापस नहीं आए तो सब कुछ बिगड़ जाएगा। मैं आपकी बातचीत को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहता, अगर वे मेरे पदभार ग्रहण करने तक वापस नहीं आए तो पश्चिम एशिया में सब कुछ बिगड़ जाएगा। वह अमेरिकी बंधकों की रिहाई पर हमास के साथ वार्ता की स्थिति पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। ट्रंप ने हमास को 20 जनवरी तक सभी बंधकों को रिहा करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा, यह हमास के लिए अच्छा नहीं होगा और सच कहूं तो यह किसी के लिए भी अच्छा नहीं होगा। सब कुछ बर्बाद हो जाएगा। मुझे और कुछ कहने की ज़रूरत नहीं है लेकिन ऐसा ही है। उन्हें बहुत पहले ही बंधकों को रिहा कर देना चाहिए था। सात अक्टूबर जैसा हमला कभी नहीं होना चाहिए था।

संक्षेप

## कोयला खदान में फंसे नौ में से एक शव बरामद

गुवाहाटी। असम के दीमा हसाओ जिले में कोयला खदान में फंसे नौ मजदूरों में से एक का शव सेना के गोताखोरों ने बुधवार को बचाव अभियान के तीसरे दिन बरामद कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आठ अन्य खनिकों के बचने की संभावना कम है, हालांकि नौसेना, सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के कर्मियों की एक टीम ने खनिकों को बचाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। सोमवार को उमरंगसो के 3 किलो क्षेत्र में स्थित असम कोयला खदान में अचानक पानी भर जाने से मजदूर फंस गए थे। अधिकारियों ने बताया कि बचाव दल बारी-बारी से खदान में प्रवेश कर रहे हैं, और अभियान चौबीस घंटे जारी है। उन्होंने बताया कि गोताखोरों ने सुबह के समय खदान के अंदर काम करने वाले व्यक्ति का शव देखा, लेकिन उसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। एक गोताखोर ने दावा किया कि शव सतह से लगभग 85 फुट नीचे देखा गया था और अंदर चारों तरफ पानी होने के कारण दृश्यता कम थी। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने एक्स पर लिखा, 21 पैरा गोताखोरों ने खदान के तल से एक शव बरामद किया है। हमारी संवेदनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं।

# खातों में सेंध, बैंक के तीन प्रबंधक समेत 6 गिरफ्तार

इंदौर (मप्र)। इंदौर में आईसीआईसीआई बैंक की एक शाखा में चालू खातों में सेंध लगाकर महंगे मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरण और डिजिटल सोना खरीदे जाने का खुलासा करते हुए पुलिस ने इस शाखा के तीन प्रबंधकों समेत छह लोगों को बुधवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अभिनय विश्वकर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कमल कुमावत, अभिषेक मालवीय, स्टेनली जैकब, लवदीप सिंह, कृष्णा ठाकुर और अरूनू के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि कुमावत, मालवीय और जैकब आईसीआईसीआई बैंक की इस शाखा में रिलेशनशिप प्रबंधक के रूप में पदस्थ हैं, जबकि तीन अन्य उनके साथी हैं।

विश्वकर्मा ने बताया कि इन प्रबंधकों ने अपनी कंपनी में इस्तेमाल होने वाले एक सॉफ्टवेयर का दुरुपयोग करते हुए मध्यप्रदेश के साथ ही पंजाब, गुजरात और तेलंगाना के कम से कम 12 ग्राहकों के चालू खातों में सेंध लगाई। डीसीपी ने बताया, आरोपियों ने इस सॉफ्टवेयर के जरिये उन चालू खातों को ढूंढा जिनमें अधिक धनराशि जमा थी।

# मादक द्रव्यों के खिलाफ छेड़ें जंग

एजेंसी

ठाणे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि भारत एक मजबूत राष्ट्र और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है, लेकिन देश को अंदर से कमजोर करने के लिए इसके युवाओं को नशीले पदार्थों के जरिए निशाना बनाया जा रहा है।

फडणवीस ने मादक पदार्थों को एक अदृश्य दुश्मन बताते हुए लोगों से इस बुराई के खिलाफ युद्ध छेड़ने और इससे सामूहिक रूप से लड़ने का आग्रह किया। फडणवीस नशा मुक्त नवी मुंबई अभियान के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। यह मुंबई के उपनगर को



नशा मुक्त बनाने की महत्वाकांक्षी पहल है। इस अभियान की शुरुआत

❍ नशीले पदार्थों के जरिये देश को कमजोर करने की साजिश : फडणवीस

नवी मुंबई पुलिस ने की है। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, यह नवी मुंबई पुलिस द्वारा चलाया गया सबसे महत्वपूर्ण अभियान है। लेकिन यह केवल नवी मुंबई के बारे में नहीं है। यह महाराष्ट्र और भारत के लिए एक लड़ाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक मजबूत राष्ट्र और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। लेकिन जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमारे युवाओं को देश को अंदर से कमजोर करने के लिए मादक पदार्थ के माध्यम से निशाना बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा, कनाडा जैसे देश मादक पदार्थ के खिलाफ अपनी लड़ाई हार गए हैं और उन्होंने कानून बनाने का सहारा लिया है लेकिन भारत इस युद्ध को जीतने की स्थिति में है।

# कांग्रेस ने दिल्ली में की जीवन रक्षा योजना की घोषणा, 25 लाख तक मुफ्त इलाज



एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को जीवन रक्षा योजना की घोषणा की, जिसके तहत उसने सत्ता में आने पर दिल्ली के लोगों को 25 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा देने का वादा किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस योजना का ऐलान करते हुए कहा कि यह दिल्ली में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए क्रांतिकारी साबित होगी। दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की यह दूसरी गारंटी है।

इससे पहले उसने प्यारी दीदी योजना की घोषणा की थी जिसके तहत उसने दिल्ली की पात्र महिलाओं को 2500 रुपये प्रति माह देने का वादा किया है। दिल्ली में 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान पांच फरवरी को होगा और मतगणना आठ फरवरी को होगी। गहलोत ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में संवाददाताओं से कहा, दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनने की संभावनाएं बढ़ रही हैं। मेरा मानना है कि यह देश के लिए भी जरूरी है।

गहलोत ने यह भी कहा कि प्रस्तावित योजना दिल्लीवासियों की स्वास्थ्य देखभाल संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा, दिल्ली कांग्रेस ने जीवन रक्षा योजना को अपने घोषणापत्र में शामिल करने का निर्णय लिया है। जीवन रक्षा योजना के तहत 25 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा मिलेगा। हमने राजस्थान में भी ऐसी ही योजना शुरू की, जिसमें प्रदेश के लोगों को 25 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज दिया। मुख्यमंत्री रहते हुए राजस्थान में चिरंजीवी योजना शुरू करने वाले गहलोत ने कहा कि राजस्थान की उस योजना की खासियत यह रही कि यह सबके लिए थी, उसमें किसी के लिए कोई बाध्यता नहीं थी तथा दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनने पर इसी तर्ज पर योजना शुरू होगी। इस घोषणा के दौरान पार्टी के चुनाव प्रचार अभियान का नारा होगी हर जरूरत पूरी, कांग्रेस है जरूरी प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया।

# बंगाल हर क्षेत्र में अग्रणी : ममता बनर्जी

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल को शिक्षा, संस्कृति, खेल से लेकर हर क्षेत्र में अग्रणी बताते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि राज्य के लोग जानते हैं कि इस प्रमुख स्थान और विरासत को कमजोर करने वाले किसी भी खतरे का मुकाबला कैसे किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल की संतोष ट्रॉफी टीम के सभी सदस्यों को विशेष कोटे के तहत जूनियर अधिकारी रैंक में राज्य पुलिस बल में भर्ती किया जाएगा।

बंगाल की टीम ने इस वर्ष भी फुटबॉल की अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप जीती है। यहां छात्र सप्ताह कार्यक्रम में उन्होंने समाज सुधारक राममोहन राय



और ईश्वरचंद्र विद्यासागर का उदाहरण देते हुए कहा कि बंगाल ने सती प्रथा और विधवाओं के शोषण जैसी सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के साथ ही महिला शिक्षा की शुरुआत करने का मार्ग दिखाया। बनर्जी ने यह भी उल्लेख किया कि कैसे नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रवींद्रनाथ टैगोर और कवि काजी नजरूल इस्लाम ने अपनी कविताओं और गीतों के माध्यम से भाईचारे, देशभक्ति, सौहार्द और मातृभूमि के प्रति प्रेम का संदेश फैलाया ताकि लोगों को एकजुट किया जा सके। उन्होंने कहा, अब अगर कोई राज्य की उस भावना, उस गौरवशाली विरासत को कमजोर करने की धमकी देता है, तो उसको रोकें, उसका मुकाबला करें। बनर्जी ने कहा कि बंगाल के बेटे और बेटियां दुनिया और देश के हर अग्रणी संस्थान और संगठन में काम कर रहे हैं, जो शिक्षा के क्षेत्र में राज्य की विशिष्ट स्थिति को दर्शाता है। उन्होंने कहा, हार्वर्ड विश्वविद्यालय से जुड़े अमर्त्य सेन और सुगाता बोस के अलावा, कई बंगाली शिक्षाविद दुनिया भर में अपनी उपलब्धियों और योगदान से भारत को गौरवान्वित कर रहे हैं।

# मालदीव को रक्षा क्षमता वृद्धि में सहयोग देगा भारत

नयी दिल्ली। भारत ने बुधवार को मालदीव को बताया कि वह उसकी रक्षा तैयारियों को बढ़ाने में सहयोग देने के लिए तैयार है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने समुद्री सुरक्षा सहयोग पर केंद्रित व्यापक वार्ता के लिए मालदीव के अपने समकक्ष मोहम्मद घासन मौमून की मेजबानी की।

भारत की तरफ से जारी एक बयान के अनुसार, बैठक में दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों ने भारत-मालदीव व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए संयुक्त दृष्टिकोण को साकार करने में मिलकर काम करने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। मौमून भारत की तीन-दिवसीय यात्रा पर हैं। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की मांग पर भारत द्वारा अपने सैन्यकर्मियों को मालदीव से वापस बुलाए जाने के करीब आठ माह बाद इस द्वीपीय देश के रक्षा मंत्री यहां की यात्रा पर आए हैं।

चीन समर्थन माने जाने वाले मुइज्जू के कदमों के बाद भारत-मालदीव के संबंधों में तनाव पैदा हो गया था। बयान में कहा गया। बातचीत के दौरान दोनों पक्षों ने भारत-मालदीव व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के संयुक्त दृष्टिकोण को साकार करने के लिए मिलकर काम करने की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। बयान के मुताबिक, सिंह ने कहा कि मालदीव को रक्षा तैयारियों के लिए क्षमता वृद्धि में सहयोग देने के लिए भारत तैयार है।

इंटरटेनमेंट...

# ऑस्कर-2025 : वीर सावरकर समेत भारत की 5 फिल्में रेस में

मुंबई। इस साल ऑस्कर अवॉर्ड के लिए भारत की 5 फिल्में रेस में शामिल की गई हैं। द एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट एंड साइंस द्वारा ऑस्कर 2025 के लिए योग्य पाई गईं फिल्मों की लिस्ट जारी कर दी है। इनमें कुल 232 फिल्मों की इस लिस्ट में भारत की 5 फिल्में शामिल हैं। 232 में से 207 फिल्में बेस्ट फिल्म कैटेगरी के लिए योग्य पाई गई हैं।

भारत की तरफ से इस लिस्ट कुछ फिल्में ऐसी भी हैं, जो बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी थीं। योग्य पाई गईं सभी 232 फिल्मों के बीच वोटिंग की जाएगी, जिसके बाद इन्हें ऑस्कर 2025 में फाइनल नॉमिनेशन मिलेगा। वोटिंग 8 जनवरी से शुरू होकर 12 जनवरी तक चलेगी। इसके बाद 17 जनवरी को एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर द्वारा नॉमिनेट हुईं फिल्मों की फाइनल लिस्ट जारी की जाएगी। 350 करोड़ रुपए के बड़े बजट में तैयार हुई



फिल्म कांगुवा ऑस्कर रेस में है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस में करीब 100 करोड़ की कमाई ही कर सकी। फिल्म में सूर्या, दिशा पाटनी, बॉबी देओल अहम किरदारों में थे। थिएटर रिलीज के बाद फिल्म को अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम किया गया था। ट्रेड एक्सपर्ट मनोबाला ने लिस्ट के साथ ही कांगुवा के शॉर्टलिस्ट होने की अनाउंसमेंट की है। 22 मार्च 2024 को रिलीज हुई रणदीप हुड्डा स्टारर फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर भी ऑस्कर 2025 के लिए गई है। विनायक दामोदर सावरकर की जिंदगी में बनी ये फिल्म कई कारणों से विवादों में रही थी। हाल ही में पायल कपाड़िया के निर्देशन में बनी फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट गोल्डन ग्लोब में बेस्ट फिल्म (नॉन इंग्लिश) कैटेगरी में नॉमिनेट हुई थी।

हालांकि ये फिल्म अवॉर्ड जीतने में चूक गई थी। अब इस फिल्म को ऑस्कर में भेजा है। इससे पहले फिल्म को कांस फिल्म फेस्टिवल में अवॉर्ड मिल चुका है। किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म लापता लेडीज को भी ऑस्कर भेजा गया था, हालांकि फाइनल शॉर्टलिस्ट हुईं फिल्मों की लिस्ट से इस फिल्म को बाहर कर दिया गया है। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया सिलेक्शन कमेटी की 13 मेंबर वाली ज्यूरी ने भारत से 'लापता लेडीज' को चुना था।

## यूट्यूबर अंकुश बहुगुणा 40 घंटे रहे डिजिटल अरेस्ट

**मुंबई।** यूट्यूबर अंकुश बहुगुणा ने सोशल मीडिया साइट पर वीडियो पोस्ट करके 40 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट होने की जानकारी थी। अंकुश ने रविवार को वीडियो में कहा- मैं अभी भी सदमे में हूं। मैंने पैसे गंवा दिए और मानसिक शांति खो दी। मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि मेरे साथ ऐसा हुआ। अन्य लोगों के साथ ऐसा न हो इसलिए मैं यह वीडियो पोस्ट कर रहा हूं। अंकुश ने कहा- आप में से बहुत से लोग इसके बारे में जानते हैं लेकिन बहुत से लोग यह नहीं जानते कि स्कैमर्स आपको कंट्रोल करने के लिए किस हद तक जा सकते हैं। कई बार आप कुछ सेकंड में स्कैम का पता लगा लेते हैं लेकिन अगर आप मेरे जैसे हैं और झांसे में आ जाते हैं। अंकुश बहुगुणा के यूट्यूब पर 745ङ यानी 7.45 लाख सब्सक्राइबर हैं। वे कॉमेडी और मेकअप टिप्स के वीडियो बनाते हैं।

# गोविंदा से शादी करना चाहती थीं रवीना!

**मुंबई।** एक्टर गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने हाल ही बताया कि वो रवीना टंडन और शिल्पा शेट्टी के साथ बहुत अच्छा बॉन्ड शेयर करती हैं। उन्होंने यह भी खुलासा किया है कि रवीना अक्सर कहती हैं कि अगर वह गोविंदा से पहले मिल जातीं तो वह उनसे शादी कर लेतीं।

बता दें, 90 के दशक में गोविंदा और रवीना की जोड़ी बॉलीवुड की हिट जोड़ियों में से एक थी। उन्होंने परदेशी बाबू, आंटी नंबर 1, बड़े मियां छोटे मियां और अखियों से गोली मारे जैसी फिल्मों में साथ काम किया है। हिंदी रश को दिए इंटरव्यू में सुनीता ने कहा कि जब वो गोविंदा के साथ सेट पर जाती थीं, तो शिल्पा शेट्टी, रवीना टंडन और मनीषा कोइराला जैसी एक्ट्रेसेस के साथ खूब मस्ती करती



थीं। उन्होंने कहा- हम सब शूटिंग के बाद साथ में खाना खाते थे। गोविंदा के को-एक्टर्स के साथ अच्छी बॉन्डिंग थी। रवीना आज भी कहती हैं कि चीची (गोविंदा) तुम मुझसे पहले मिलते तो मैं तुम से शादी कर लेती। मैंने उनसे कहा- ले जाओ, पता चलेगा तुमको। गोविंदा 1990 के दशक में सबसे पॉपुलर एक्टर थे।

# आमिर खान की लगातार 8 फिल्में हुईं थीं फ्लॉप

**मुंबई।** आमिर खान ने अपने फिल्मी करियर में कई हिट फिल्में दी हैं, लेकिन एक समय ऐसा भी था जब उनकी 8 फिल्में फ्लॉप हो गई थीं। हालांकि, फिर इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी फिल्म दिल ने उनकी किस्मत बदल दी। अपने हालिया इंटरव्यू में इंद्र कुमार ने दिल के बारे में बात की और बताया कि यह फिल्म आमिर और उनके (इंद्र) करियर के लिए वरदान साबित हुई थी।

सिद्धार्थ कन्नन से बातचीत में इंद्र कुमार ने कहा, ह्यफिल्म कयामत से कयामत तक के बाद आमिर की आठ फिल्में फ्लॉप हो गई थीं। आमिर पूरी मेहनत से काम कर रहे थे, लेकिन फिल्म की सफलता निर्देशक पर निर्भर होती है, एक्टर पर नहीं। अगर फिल्म नहीं चलती, तो दोनों के करियर पर



असर पड़ता। अगर दिल नहीं चलती, तो हमारे करियर पर भी सवाल उठते। इंद्र कुमार ने यह भी कहा कि आमिर में हमेशा टैलेंट था, उन्हें बस एक अच्छा मौका चाहिए था। इसके बाद उन्हें दिल फिल्म मिली और फिर क्या था उनका करियर ऐसे आगे बढ़ा कि उन्हें कभी पीछे मुड़कर नहीं देखना पड़ा। बता दें, साल 1990 में आमिर खान की फिल्म दिल रिलीज हुई थी। इस फिल्म को इंद्र कुमार ने डायरेक्ट किया था।

ये उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी। इस फिल्म में आमिर खान के साथ माधुरी दीक्षित नजर आईं थीं। आमिर खान की आखिरी रिलीज फिल्म 2022 की लाल सिंह चड्ढा थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुई थी, जिसके बाद आमिर खान ने फिल्मों से ब्रेक लेने की अनाउंसमेंट की थी। इसके बाद आमिर ने लापता लेडीज प्रोड्यूस की थी, जो जबरदस्त हिट रही। इस फिल्म को उनकी एक्स वाइफ किरण राव ने डायरेक्ट किया था।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com